| | |
|---|---|
| संसेक्स | ~ 71,683.23 |
| निफ्टी | ~ 21,622.40 |
| सोना | ~ 57,700 |
| चांदी | ~ 75,700 |
| डॉलर | ~ 83.11 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

हिन्दी दैनिक

बालाघाट
शनिवार 20 जनवरी 2024
पौष शुक्ल 08 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 120
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in

## खास खबर

### आधे दिवस का अवकाश घोषित

भोपाल। राज्य शासन द्वारा अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी 2024 (सोमवार) को आधे दिवस का (अपरान्ह 2:30 बजे तक) अवकाश घोषित किया गया है।

### सारी दुनिया में भारत का स्वर्ण भंडार 9वें नंबर पर

नई दिल्ली। सारी दुनिया के देशों में रिजर्व स्वर्ण भंडार के मामले में भारत का नौवां नंबर है। सबसे ज्यादा सोना अमेरिका के पास है। अमेरिका के पास 81336 टन सोना है। दूसरे नंबर पर जर्मनी है। इसके पास 3352 टन सोना है। इटली के पास 2452 टन सोना है। फ्रांस के पास 2437 टन सोना है। रूस के पास 2333 टन सोना है। चीन के पास 2191 टन सोना है। वही स्विट्जरलैंड के पास 1040 टन सोना है।जापान के पास 846 टन सोना है। भारत के पास 801 टन सोना है। नीदरलैंड के पास 612 टन सोना है। फ़ोबर्स सूची में गोल्ड रिजर्व के आधार पर जिन देशों के पास सोने का स्टॉक रिजर्व के रूप में है। उनकी सूची जारी की गई है। इस सूची में भारत नवे स्थान पर है। सऊदी अरब के पास 323 टन गोल्ड रिजर्व के रूप में रखा गया है।

### अप्रैल से नवंबर के बीच एनआरआई ने भारत भेजी भारी रकम

मुंबई । प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ने अप्रैल 2023 से नवंबर 2023 तक लगभग 2 गुना विदेशी मुद्रा भारत भेजी है। पिछले साल इसी अवधि में यह मुद्रा 2.63 अरब डालर थी। जो नवंबर 2023 में बढ़कर 7.3 अरब डालर तक हो गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने जो आंकड़े जारी किये है। उसके अनुसार विदेशी मुद्रा प्रवासी भारतीयों के खाते में जो आवक जावक है। उसमें दो गुने की वृद्धि हुई है। एनआरआई द्वारा जमा रकम नवंबर 2023 के अंत में एक अरब डॉलर से बढ़कर 144.48 पर आ गई। एनआरआई खातों में आवक बढाने के लिए रिजर्व बैंक ने जुलाई 2022 में कुछ नए नियम लागू किए थे। एनआरआई को भारत में जमा धन पर ब्याज की दर पर छूट प्रदान की गई थी। इसका सकारात्मक असर देखने को मिला है।

### राम रहीम को फिर मिली 50 दिन की पैरोल

नई दिल्ली। दो शिष्याओं से बलात्कार के मामले में 20 साल की जेल की सजा काट रहे बलात्कार दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को 50 दिन की पैरोल दी गई है। इसके पहले उन्हें नवंबर 2023 में 21 दिन की पैरोल दी गई थी। गौरतलब है कि पिछले साल उन्हें तीन बार पैरोल दी गई थी। उन्हें 2017 में दो शिष्याओं के साथ बलात्कार के आरोप में 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और बाद में 2002 में पत्रकार राम चंदर छत्रपति और डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्याओं सहित दो हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा मिली थी। राम रहीम को 2021 में डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह की हत्या की साजिश रचने का भी दोषी ठहराया गया था।

### महुआ ने सरकारी बंगला खाली किया

नई दिल्ली। कैश फॉर क्वेरी मामले में सांसदी जाने के बाद भ्रष्ट नेता महुआ मोइत्रा से सरकारी बंगला भी छिन गया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली के टेलीग्राफ लेन स्थित बंगला नंबर 9 बी खाली कर दिया। महुआ के वकील ने बताया कि डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी आज बंगला खाली करवाने आए थे। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही सुबह 10 बजे तक बंगला खाली हो चुका था।

# रामलला की पहली पूर्ण तस्वीर आई सामने...

## रामलला की मूर्ति में विष्णु के 10 अवतार, एक तरफ हनुमान तो दूसरी ओर गरुड़...

## मधुर मुस्कान, माथे पर तिलक और हाथों में धनुष बाण

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए भक्तों को बेसब्री से इंतजार हैं। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले रामलला की पहली भव्य तस्वीर सामने आ गई है। हालांकि ये तस्वीर गर्भगृह में रामलला के विराजमान होने से पहले की है। तस्वीर में श्रीराम के चेहरे पर मधुर मुस्कान है और माथे पर तिलक है। इससे पहले भी रामलला की मूर्ति की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसमें मूर्ति सफेद कपड़े से ढकी हुई दिखाई दे रही थी। राम नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। इससे तीन पहले रामलला की जिस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, उसकी पूरी तस्वीर सामने आई है। काले पत्थर से बनी प्रतिमा में श्रीराम की बेहद मनमोहक छवि नजर आ रही है। आभामंडल ऐसा, जिसे निहारते ही जाने का मन करे। हालांकि, फिलहाल आंखें कपड़े से ढकी हैं।

22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा की विधि पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की आंखों से कपड़े को हटाएंगे। फिर सोने की सलाई से सुरमा लगाएंगे। इसके बाद रामलला को शीशा दिखाएंगे। मूर्ति में भगवान विष्णु के मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध और कल्कि अवतार हैं। प्रतिमा के एक ओर हनुमान तो दूसरी ओर गरुड़ नजर आ रहे हैं। वहीं रामलला की इस मूर्ति में मुकुट की साइड सूर्य भगवान, शंख, स्वस्तिक, चक्र और गदा नजर आएगा। मूर्ति में रामलला के बाएं हाथ को धनुष-बाण पकडने की मुद्रा में दिखाया गया है। हालांकि, प्रतिमा पर अभी धनुष-बाण नहीं लगाया गया है। रामलला की यह मूर्ति कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। इसकी खास बात यह है कि इसे एक ही पतथर से बनाया गया है, यानी कि पत्थर में कोई भी दूसरा पत्थर नहीं जोड़ा गया है। इस मूर्ति का वजन करीब 200 किलोग्राम है। मूर्ति की ऊंचाई 4.24 फीट और चौड़ाई तीन फीट है। इस मूर्ति में भगवान श्रीराम को पांच साल के बाल स्वरूप को दर्शाया गया है।




### केवल आमंत्रित अतिथियों को ही मंदिर में प्रवेश

मंदिर के निर्माण की देखरेख करने वाली संस्था श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ रामलला को गर्भगृह में विराजमान किया गया था। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट उडुपी पेजावर मठ के ट्रस्टी श्री विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों से उद्घाटन के दिन केवल आमंत्रित अतिथियों को ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अगले दिन मंदिर को जनता के लिए खोले जाने की उम्मीद है।

### 51 इंच की है रामलला की मूर्ति

पहली बार जब रामलला की मूर्ति की तस्वीरें सामने आई थीं, तो वह सफेद कपड़े से ढकी हुई थी। मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा तैयार की गई 51 इंच की रामलला की मूर्ति को गुरुवार को तडक़े मंदिर में लाया गया था। अरुण योगीराज कर्नाटक के रहने वाले हैं।मैसूर के प्रसिद्ध मूर्तिकारों की पांच पीढियों की पारिवारिक पृष्ठभूमि वाले अरुण योगीराज वर्तमान में देश में सबसे अधिक डिमांड वाले मूर्तिकार हैं। अरुण वह मूर्तिकार हैं, जिनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सराहना कर चुके हैं। अरुण के पिता योगीराज भी एक कुशल मूर्तिकार हैं। उनके दादा बसवन्ना शिल्पी को मैसूर के राजा का संरक्षण प्राप्त था।

### दिन में तीन बार होगी आरती

बता दें कि श्रीराम मंदिर में पूरे दिन में तीन बार आरती होगी। ऐसे में आप अपनी प्राथमिकता के अनुसार आरती का समय चुन सकते हैं। श्रद्धालुओं को प्रदान की गई सूची से अपनी पसंदीदा आरती का चयन करने की सुविधा दी गई है, जिससे वे अपने कार्यक्रम के अनुसार मैनेज कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि श्रद्धालु उद्घाटन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व में पूरी तरह से शामिल हो सकें, जिससे अयोध्या में ऐतिहासिक श्री राम मंदिर के प्रति जुड़ाव और भक्ति की भावना को बढ़ावा मिले।

### राम मंदिर को उद्घाटन

अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन समारोह 22 जनवरी, 2024 को निर्धारित है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने मंदिर के उद्घाटन के शुभ दिन पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की भागीदारी की आधिकारिक पुष्टि की है। यह पुष्टि इस आयोजन के महत्व को रेखांकित करती है, क्योंकि इसमें प्रधान मंत्री की सम्मानित उपस्थिति देखी जाएगी, जिससे इस ऐतिहासिक अवसर में प्रतिष्ठा और महत्व की भावना जुड़ जाएगी।

### दर्शन का समय

मंदिर दर्शन, या श्रद्धालुओं के लिए दिव्य दर्शन पाने का अवसर, सुबह 7 बजे से 11:30 बजे तक उपलब्ध है। इसके अलावा, मंदिर में दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक एक बार फिर दर्शन किए जा सकेंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समय

प्राण प्रतिष्ठा का पवित्र समारोह 22 जनवरी, 2024 को होने वाला है। इस शुभ कार्यक्रम के दौरान, मंदिर के भीतर राम लला का अभिषेक दोपहर 12:15 बजे से 12:45 बजे के बीच होने वाला है। यह महत्वपूर्ण क्षण मूर्ति के भीतर दिव्य ऊर्जा की स्थापना का प्रतीक है, जो मंदिर को आध्यात्मिक महत्व और पवित्रता से भर देता है।

# ठाकरे गुट के नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई हुई तेज

## पूर्व महापौर पेंडणेकर को ईडी का समन




मुंबई। लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी महाराष्ट्र में विपक्ष को फंसाने की कोशिश करती नजर आ रही है. ठाकरे गुट के विधायक रवींद्र वायकर, सचिव सूरज चव्हाण और विधायक राजन साल्वी के बाद अब मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेंडणेकर ईडी की रडार पर आ गई हैं और जल्द ही पूछताछ के घेरे में फंस सकती हैं। दरअसल कोविड काल में मुंबई महानगरपालिका में हुए बॉडी बैग घोटाला मामले में शुक्रवार को ईडी ने उन्हें समन किया है. पेंडणेकर को गुरुवार को पूछताछ में शामिल होने के लिए कहा गया है. आपको बता दें कि मुंबई की पूर्व महापौर किशोरी पेडनेकर पर कोरोना काल के दौरान मुंबई मनपा में करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगाया गया है. कोविड काल में टेंडर प्रक्रिया में बड़ा घोटाला हुआ है. आरोप है कि इसमें किशोरी पेंडणेकर भी शामिल हैं. इस मामले की जांच ईडी कर रही है. ईडी ने दावा किया है कि मुंबई में मृत कोविड मरीजों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बॉडी बैग 2,000 रुपये के बजाय 6,800 रुपये में खरीदा गया था. ईडी का आरोप है कि यह ठेका तत्कालीन महापौर के निर्देश पर दिया गया था. किशोरी पेंडणेकर कोविड काल में मुंबई की महापौर थीं. मामले की जांच करते हुए ईडी ने पिछले साल 21 जून को पूरे राज्य में छापेमारी की थी. इस छापेमारी में 68 लाख 65 हजार रुपये नकद, 150 करोड़ की अचल संपत्ति सील की गयी. इसके अलावा 15 करोड़ की एफडी और अन्य निवेश भी ईडी को मिले हैं. शुक्रवार को ईडी द्वारा पेंडणेकर को समन भेजे जाने के बाद ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि बीजेपी को कोई विपक्षी पार्टी नहीं चाहिए. बीजेपी की ओर से मैराथन कार्रवाई जारी है. बीजेपी बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है.

### - रवींद्र वायकर के घर पर ईडी की छापेमारी

इससे पहले ईडी ने ठाकरे गुट के विधायक रवींद्र वायकर के घर पर छापा मारा है. वायकर के साथ-साथ उनके सहयोगियों और करीबी सहयोगियों के घरों और कार्यालयों पर छापे मारे गए। मुंबई के जोगेश्वरी में भूमि हेराफेरी मामले में ईडी का ट्रायल सत्र शुरू हो गया है. उक्त मामले में ईडी ने कुल 7 जगहों पर छापेमारी की थी. नवंबर 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविंद्र वायकर और छह अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वायकरों पर जोगेश्वरी में सुप्रीमो क्लब के परिसर का दुरुपयोग करने और वहां एक होटल का निर्माण करते समय तथ्यों को छिपाने का आरोप है।

### - सूरज चव्हाण को ईडी ने गिरफ्तार किया

कोविड काल में मुंबई मनपा में 132 करोड़ के खिचड़ी घोटाले का आरोप लगा था. इसमें सूरज चव्हाण को भी आरोपी बनाया गया था. इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानि ईडी ने दो दिन पहले सूरज चव्हाण को गिरफ्तार किया है।

# मणिपुर में पिता-पुत्र समेत 4 लोगों की हत्या

## हिंसा को लेकर इम्फाल में प्रदर्शन, अफसर बोले- सुरक्षा बलों पर हमले में म्यांमार के आतंकी शामिल

इम्फाल। मणिपुर में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति और उसके बेटे समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गई। मणिपुर पुलिस ने बताया उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले में ओइनम बमोलजाओ (61) और उनके बेटे ओइनम मैनिटोम्बा (35) को मार डाला। साथ ही उसी जिले के स्वयंसेवक थियाम सोमेन (54) की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके अलावा, बुधवार की रात कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे इम्फाल पश्चिम जिले के कांगचुप में एक गांव के स्वयंसेवक ताखेललंबम मनोरंजन (26) की मौत हो गई। साथ ही एक अन्य स्वयंसेवक मंगशताबम वांगलेन भी गोली लगने से घायल हो गया था।

इसके अलावा बुधवार को थौबल जिले में सुरक्षा बलों पर हुई गोलीबारी की घटना में विदेशी आतंकियों के शामिल होने के बात सामने आ रही है। मणिपुर से सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने कहा कि म्यांमार के कई आतंकी हिंसा के लिए भाड़े पर बुलाए गए थे। उधर, मणिपुर में पिछले साल से शुरू हुई हिंसा को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इम्फाल में रैली निकाली गई, जिसमें लोगों ने सरकार से सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### केंद्र ने मणिपुर की मांग पर भेजा सेना का हेलिकॉप्टर

मणिपुर में कुछ दिनों से सुरक्षा बलों पर म्यांमार सीमा पर हो रहे हमलों से केंद्र सरकार भी गंभीर हो गई है। राज्य सरकार की मांग पर कदम उठाते हुए केंद्र ने इम्फाल में सेना का एक विशेष हेलिकॉप्टर भेज दिया है। सैन्य और मेडिकल जरूरतों संबंधी हर तरह के आपातकालीन मौकों पर इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# एक ही दिन में 11 महिलाओं को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया गया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ही दिन में 11 महिलाओं को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया गया है। शुक्रवार को प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई में कुल 56 वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया गया है और इनमें 11 महिलाएं हैं, जबकि 34 पहली जनरेशन के वकील हैं। शुक्रवार को जारी लिस्ट में शोभा गुप्ता, स्वरूपमा चतुर्वेदी, लिज मैथ्यू, करुणा नंदी, उत्तरा बब्बर, हरिप्रिया पद्मनाभन, अर्चना पाठक दवे, निशा बागची, एनएस नप्पिनाई, एस जननी और शिरीन खजूरिया को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दे दिया गया है। वहीं पहली पीढ़ी के वकीलों में दर्जा पाने वाले अमित आनंद तिवारी, सौरभ मिश्रा और अभिनव मुखर्जी शामिल हैं। यह फैसला शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की फुल कोर्ट मीटिंग में लिया गया। पहली बार इतनी संख्या में महिलाओं को सीनियर एडवोकेट का दर्जा देने के फैसले का स्वागत करते हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल और सीनियर एडवोकेट ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का ये ऐतिहासिक कदम है। 75 साल में सुप्रीम कोर्ट ने 12 महिला वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया था, लेकिन अब 2024 में एक साथ 11 महिलाओं को ये सम्मान दिया है। भाटी ने कहा कि ये ही सही मायने में महिला वकीलों की मेरिट की पहचानते हुए लैंगिग न्याय के लिए सेवा है, जो उनके लिए सम्मान को दर्शाता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक 14 महिलाओं को ये दर्जा दिया था, जिनमें दो रिटायर जज थीं। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने एक साथ 6 महिला वकीलों को सीनियर बनाया था। इनमें माधवी दीवान, मेनका गुरुस्वामी, अनीता शेनॉय, अपराजिता सिंह, ऐश्वर्या भाटी और प्रिया हिंगोरानी शामिल हैं। इससे पहले सिर्फ 8 महिला वकीलों को सीनियर एडवोकेट बनाया गया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वरिष्ठ वकील बनाए जाने वाली पहली वकील इंदु मल्होत्रा थीं, जो बाद में सुप्रीम कोर्ट की जज बनीं। सुप्रीम कोर्ट के अस्तित्व में आने के पूरे 57 साल बाद 2007 में मल्होत्रा को नामित किया गया था। इसके बाद 2013 में मीनाक्षी अरोड़ा, किरण सूरी और विभा दत्ता मखीजा को वरिष्ठ वकील बनाया गया, जिससे इनकी संख्या 4 हो गई। 2015 में दो और महिला वकीलों को नामित किया गया, वी मोहना और महालक्ष्मी पावनी को मिलाकर कुल 6 महिला वकील हो गईं। इस बीच, दो सेवानिवृत्त महिला उच्च न्यायालय न्यायाधीशों को भी नामित किया गया - 2006 में शारदा अग्रवाल और 2015 में रेखा शर्मा।

# सिसोदिया को फिर बड़ा झटका...न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित शराब घोटाला मामले में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को फिर बड़ा झटका दिया है। उनकी न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। साथ ही कोर्ट ने सीबीआई से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने सिसोदिया के साथ-साथ अन्य आरोपियों की हिरासत भी 5 फरवरी तक बढ़ा दी है। शुक्रवार को उनकी न्यायिक हिरासत खत्म हुई थी, जिसके बाद उन्हें पेश किया गया था। कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर सीबीआई से पूछा है कि मामले की जांच कहां तक पहुंची है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने जेल अधिकारियों को फटकार भी लगाई। दरअसल सिसोदिया को शुक्रवार को वर्चुअल तरीके से पेश किया गया था। इसकारण कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को फटकार लगाकर पूछा कि सिसोदिया को व्यक्तिगत रूप से पेश क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने मामले में तिहाड़ जेल अधिकारियों से जवाब मांगा है और 5 फरवरी को सिसोदिया को कोर्ट में पेश फिजिकली पेश करने का आदेश दिया है।

# सोनोग्राफी की गलत रिपोर्ट देने पर जुर्माना 15 लाख रुपये का

नई दिल्ली। मेडिकल रिपोर्ट गलत देने वाले पर उपभोक्ता फोरम ने सख्ती दिखाते हुए लाखों का जुर्माना भरने को कहा है। दरअसल गर्भवती महिला की अल्ट्रा सोनोग्राफी टेस्ट रिपोर्ट गलत देने को लेकर राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग ने डॉक्टर और अस्पताल पर साढ़े सात-साढ़े सात लाख यानी कुल 15 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि पीड़ित महिला को मुआवजे के तौर पर देने को कहा गया है। जानकारी अनुसार राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग के एपी शाही की अध्यक्षता वाली पीठ का कहना है कि अल्ट्रा सोनोग्राफी इसलिए कराई जाती है, ताकि गर्भ में पल रहे शिशु के शारीरिक विकास में विकार संबंधी जानकारी से अवगत हुआ जा सके। ऐसे में डॉक्टर व संबंधित अस्पताल की रिपोर्ट में बच्चे के लिंब को नार्मल बताना, जबकि ऐसा नहीं था। पीठ ने माना कि सोनोग्राफी टेस्ट करते समय घोर लापरवाही बरती गई थी, जिसकी वजह से बच्चा अपंग पैदा हुआ। उस बच्चे के घुटनों के नीचे से दोनों पैर नहीं थे और एक हाथ भी कुहनी के नीचे से गायब था। इस हालत में बच्चा जीवनभर स्पेशल नर्स केयर में रहेगा। इसकी वजह से उसके माता-पिता को भी जीवन भर मानसिक प्रताड़ना सहने को मजबूर होना पड़ा। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए पीठ ने कहा कि इसे नकारा नहीं जा सकता। अतः राष्ट्रीय आयोग ने इस मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा डॉक्टर व अस्पताल पर लगाए गए 75-75 हजार रुपए के जुर्माने को नाकाफी बताया और उसे कुल 15 लाख रुपये बतौर जर्माना भरने को कहा है।

# गुजरात कांग्रेस को एक और झटका, सीजे चावड़ा ने विधानसभा की सदस्यसता दिया इस्तीफा

अहमदाबाद। लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा है। मेहसाणा की विजापुर क्षेत्र से विधायक सीजे चावडा ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और उनके जल्द ही भाजपा जॉइन करने की चर्चा है। 2022 में विधानसभा चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के 1। विधायकों में सीजे चावडा की गिनती दिग्गज नेताओं में होती थी। बतौर विपक्ष सीजे चावडा सरकार के खिलाफ मजबूती के साथ अपनी बात रखते थे। लेकिन अब सीजे चावडा का इस्तीफा कांग्रेस के लिए बड़ी चिंता का विषय है और वह भी ऐसे समय जब लोकसभा चुनाव के आडे गिनती के दिन रह गए हैं।



बता दें कि इससे पहले आणंद जिले की खंभात निर्वाचन क्षेत्र के विधायक चिराग पटेल भी विधानसभा की सदस्यता समेत कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। कांग्रेस ही नहीं आम आदमी पार्टी (आप) के भी एक विधायक ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इतना ही नहीं आप के एक अन्य विधायक के भी जल्द ही इस्तीफा देने की संभावना है। इसी सप्ताह तीन निर्दलीय विधायक बी इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल होने वाले हैं। संभावना है कि अगले सप्ताह कांग्रेस और आप में इस्तीफों का दौर जारी रह सकता है। गुजरात भाजपा राज्य की सभी 26 सीटें और वह भी 5 लाख की लीड से जीतना चाहती है और इसके लिए उसने पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को ज्यादा से ज्यादा कमजोर करना चाहती है।

भाजपा ने पिछले काफी समय से अपने नेताओं को कांग्रेस और आप के विधायकों को तोड़ने का टास्क दिया है। भाजपा ने पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भरत बोधरा समेत 6 नेताओं को यह टास्क सौंपा है। लोकसभा चुनाव निकट हैं और गुजरात में दल बदल के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। कांग्रेस और आप के एक के बाद एक विधायकों के इस्तीफे स्पष्ट हो जाता है कि भाजपा अपना लक्ष्य पाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

## आवास योजना के कार्यक्रम में भावुक हुए मोदी, कहा-

# काश बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मुझे भी मिला होता

सोलापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में अटल अभियान (अमृत 2.0) के तहत 1201 करोड़ रुपए की 7 परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुछ लोगों को घर की चाबी भी सौंपी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस पर इशारों में निशाना साधते हुए कहा- पहले की सरकार सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा लगाती रही, लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों का पैसा बिचौलिया लूट ले जाते थे। उनकी नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। हमारी नीयत साफ है।

पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि सोलापुर के हजारों गरीबों के लिए हमारा संकल्प आज पूरा हो रहा है। आज पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी सोसाइटी का लोकार्पण हुआ है। मैं आज देखकर आया और मैंने सोचा काश मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। पीएम इस दौरान भावुक हो गए और 12 सेकेंड तक चुप रहे।

### हमारी नीयत साफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। गरीब के हक का पैसा बिचौलिये लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। हमारी नीयत साफ है और नीति गरीबों को सशक्त करने की है। मोदी ने कहा- हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन हो, देश में



ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है।

### गारंटी दी थी कि घरों की चाबी देने भी खुद आऊंगा

मुझे खुशी है कि सोलापुर के हजारों मजदूरों-गरीबों के लिए हमने जो संकल्प लिया था, वो पूरा हो रहा है। पीएम आवास योजना के तहत बनी देश की सबसे बड़ी सोसाइटी का लोकार्पण हुआ है। मैं इसे देखकर आया। मुझे लगा कि काश, मुझे भी बचपन में ऐसे घर में रहने का मौका मिला होता। इसके बाद मोदी 12 सेकेंड खामोश हुए और भावुक हो गए। ये सब चीजें देखता हूं तो इतना संतोष होता है। ये हजारों परिवारों के सपने जब साकार होते हैं तो उनके आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी होती है। जब मैं इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने आया था तो गारंटी दी थी कि आपके घरों की चाबी देने भी खुद आऊंगा।

# केंद्रीय जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क के रेंज कार्यालय का हुआ उद्घाटन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 19 जनवरी 2024 को केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क के आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे द्वारा वार्ड नं 4, बालाघाट टॉवर बैहर रोड के बालाघाट क्षेत्र में केंद्रीय जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय के बालाघाट रेंज कार्यालय का उद्घाटन किया गया है, इस अवसर पर सीजीएसटी छिंदवाड़ा मंडल के सहायक आयुक्त अजय कुमार शुक्ला, अधीक्षक पी एस गोखे एवं रंजीत झारिया, निरीक्षक करन मालिक, प्राजक पाण्डेय एवं, मनीष साहू समेत चैंबर ऑफ कॉमर्स, टैक्स बार एसोसिएशन, सी.ए. एसोसिएशन, ट्रेड एसोसिएशन एवं अन्य व्यापारिक संगठनों के प्रमुख भी उपस्थित थे, जिनके जीएसटी से संबंधित विभिन्न सवालों के उत्तर आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे द्वारा विस्तारपूर्वक दिए गए, इस अवसर पर बालाघाट रेंज कार्यालय के प्रभारी अधीक्षक पी. एस. गोखे द्वारा प्रेस को जानकारी दी गयी कि अब बालाघाट जिले के व्यापारी बंधुओ को अपनी जीएसटी संबंधी समस्या होने पर नवीन कार्यालय में आकर अपने सभी समस्याओं का निराकरण कर सकते हैं जीएसटी के अधिकारी इनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव यहां उपस्थित रहेंगे इस कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे द्वारा सर्वप्रथम जीएसटी कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया, उसके बाद मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये गये, उसके बाद आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे का सभी ने पुष्प गुछ देकर स्वागत किया।



### जीएसटी एक ऐसा टैक्स है जिससे देश का भला होता है - लोकेश कुमार लिल्हारे

कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए श्री लिल्हारे ने बताया कि वह स्वयं भी बालाघाट के रहने वाले हैं, और उनका जो पुराना ऑफिस था वह उतना अच्छा नहीं था इसलिए उन्होंने उनके ऑफिस में जो लोग टैक्स पटाने आते हैं उन्हें असुविधा न हो इसलिए उन्होंने सबसे पहले ऑफिस को चेंज करने के लिए कहा, और आज नया ऑफिस का उद्घाटन उन्हीं के हस्ते किया गया है उन्होंने यह भी बताया कि जब से वह जबलपुर आए हैं तब से उनके पास अधिकतर रिफंड की समस्या, रजिस्ट्रेशन की समस्या तो कभी किसी के यहां सर्वे नहीं हुआ है इस प्रकार की समस्या उनके पास आते रहती है, किंतु उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि बालाघाट जिले के जीएसटी जमाकर्ताओं को अधिक समस्याओं का सामना नहीं होना चाहिए, क्योंकि वह भी इसी जिले के हैं इसलिए वह चाहते हैं, कि यहां के जीएसटी जमाकर्ता अधिक परेशान ना हो और जब भी नई चीज मार्केट में आती है तो थोड़ी परेशानी होती है, लेकिन इससे कोई भी जीएसटी से परेशान ना हो क्योंकि जीएसटी एक ऐसा टैक्स है जिससे देश का भला होता है, वहीं उन्होंने यह भी बताया कि यदि जीएसटी टैक्स सभी समय-समय पर और अपनी जिम्मेदारी से जमा करते हैं तो उससे देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपने क्षेत्र का विकास होगा, आम जनता को सुविधा मिलेगी स्कूल, कॉलेज, रोड अन्य व्यवस्थाओं में सुधार होगा।

### आयुक्त लोकेश लिल्हारे हमारे ही जिले से हैं जिसका लाभ जिले की जनता को मिलेगा - राजेंद्र अग्रवाल

वैनगंगा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी राजेंद्र अग्रवाल द्वारा बताया गया कि जब वह छोटे थे उस समय राम मंदिर के पास जीएसटी का कार्यालय हुआ करता था, किंतु परिस्थितिया बदलती चली गई और आज जीएसटी ऑफिस इस नए परिसर में लग रहा है, क्योंकि आज उनका सौभाग्य है कि जिस ऑफिस के आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे हैं वह हमारे ही जिले से हैं, और उनकी सेवाओं का लाभ आज जिले की जनता उठाएंगी, उन्होंने यह भी बताया कि आज उनके द्वारा जिस प्रकार से बालाघाट जिले में शिक्षा को लेकर काम किया जा रहा है, वह जिले में शिक्षा को लेकर काफी अच्छा काम कर रहे हैं, जिसका फायदा जरूर बालाघाट जिले के छात्र-छात्राओं को मिलेगा एवं वह छुलो आसमान किसने रोका है के स्लोगन के माध्यम से सभी को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे रहे हैं।

# पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेश के 15 दिन के लम्बे इंतजार के बाद 36 उपनिरीक्षकों को मिली कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नति

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार उपनिरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति किए जाने के आदेश के 15 दिन इंतजार के बाद बालाघाट जिले के 36 उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दे दी गई। इन्हीं के साथ ही एक सूबेदार भी आर आई के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। हालांकि 15 दिन बाद पदोन्नति मिलने से इन उपनिरीक्षकों में कोई खुशियां नजर नही आ रही है। तत्काल में पदोन्नति नहीं मिलने पर सभी पुलिस अधिकारी मायूस हो चुके थे पदोन्नति आदेश के तत्काल में यदि इन उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी जाती तो एक अलग मायने रहता। किंतु इन पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति के लिए 15 दिन तक इंतजार करना पड़ा। जबकि प्रदेश के अन्य जिलों में उपरीक्षकों को पदोन्नति आदेश के ठीक बाद पदोन्नति दे दी गई थी जबकि बालाघाट के उपरीक्षकों को अपनी पदोन्नति के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ा। ज्ञात होगी 30 दिसंबर को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश के तहत प्रदेश के 283 उपनिरीक्षक कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत की गए हैं। इस आदेश के तहत बालाघाट जिले में पदस्थ 36 उपनिरीक्षक को कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इन पदोन्नत उपनिरीक्षकों में शिवपूजन मिश्रा, उपनिरीक्षक तरुणसिंह भाटी, उपनिरीक्षक विजय संनस, उपनिरीक्षक चंद्रजीत यादव, उपनिरीक्षक पंकज शाक्य, उपनिरीक्षक अमित सारस्वत, उपनिरीक्षक विकास सिंह, उपनिरीक्षक अमित गौतम, उपनिरीक्षक राहुल सिंह राजपूत, उपनिरीक्षक जयप्रकाश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक जितेंद्र पाल सिंह जादौन, उपनिरीक्षक राधेश्याम दांगी, उपनिरीक्षक पंकज मुद्गल, उपनिरीक्षक सुरेंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, उपनिरीक्षक छत्रपाल सिंह तोमर, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार सराफ, उपनिरीक्षक रणजीत सिंह रघुवंशी, उपनिरीक्षक मजहर खान उपनिरीक्षक गौरव शर्मा, उपनिरीक्षक अतुल त्रिपाठी, उपनिरीक्षक महेश कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक आशुतोष मिठास, उपनिरीक्षक मनोज सेंधवा, उपनिरीक्षक पवन कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार स्वर्णकार, उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार वर्मा, उपरीक्षक विजय सिंह बघेल, उपनिरीक्षक अनिल रघुवंशी, उपनिरीक्षक गीतेश प्रसाद शर्मा, उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह राठौड़, उपनिरीक्षक अतुल सिंह सोलंकी, उपनिरीक्षक शिवकुमार रघुवंशी, उपनिरीक्षक अंबर सिंह सिकरवार और उपनिरीक्षक राजकुमार यादव शामिल है।

## गोंगलाई ग्राम के कृषक ने विद्युत विभाग से पोल सुधारने की करी मांग

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत गोंगलाई के एक कृषक द्वारा विद्युत विभाग से यह मांग की गई है कि उनके खेत से गुजरे 11 केवी विद्युत का खंबा क्षतिग्रस्त हो गया है, और वह कभी भी टूट कर गिर सकता है, जिस पर यदि समय रहते विद्युत विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया, तो कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है जिसको लेकर उन्होंने विद्युत विभाग से यह मांग की है कि उससे जल्द से जल्द इस विषय पर संज्ञान लेते हुए विद्युत पोल को बदला जाये।



आपको बता दे की ग्राम पंचायत गोंगलाई में रहने वाले कृषक शोभाराम लिल्हारे द्वारा बताया गया कि उनके खेत से 11 केवी विद्युत की लाइन गुजरी है, और उनके खेतों में जो विद्युत पोल लगा है वह क्षतिग्रस्त हो गया है, और अधिक लोड होने की वजह से विद्युत पोल अत्यधिक झुक चुका है जिससे कभी भी उनके क्षेत्र में कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, जबकि उन्होंने इसके पहले भी विद्युत विभाग को इस विषय में सूचना दी थी, किंतु विद्युत विभाग द्वारा इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया, वहीं अभी कुछ दिन पहले उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में 181 नंबर पर भी इसकी शिकायत की है, किंतु वह मीडिया के माध्यम से यह मांग करना चाहता है की विद्युत विभाग द्वारा जल्द से जल्द इस विषय में संज्ञान लेते हुए, उनके खेत से गुजरी 11 केवी की लाइट के खंभे को जल्द से जल्द सुधार का कार्य करें, जबकि यह विद्युत पोल के गिरने से कभी भी उनके यहाँ बड़ा हादसा हो सकता है एवं यह विद्युत की लाईन तीन गांव में यहां से ही होकर गुजरती है, और यदि यह टूट कर गिरती है तो तीन गांव में विद्युत प्रवाह प्रभावित हो जायेगी।

# 7 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरण किए गए सामान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 7वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा 19 जनवरी को वाहिनी के कमांडेंट कपिंग गिल के मार्गदर्शन में 7वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत डी/7 बटालियन मछुरदा के तत्वाधान में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम मछुरदा, लालपुर, मातला, मलिया, गठिया, धर्मशाला, जामपानी, कोरका, कोमो, तेंदुडीह एवं चिखली के गरीब जरूरतमंद ग्रामीण जिनमे महिला पुरूष, युवक, युवतियों एवं स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट, फुटबॉल, फुटबॉल किट, क्रिकेट किट, कंबल, शाल, साड़ी, स्टील मटका, पानी की टंकी इत्यादि सामानों का वितरण किया गया। उक्त प्रोग्राम में आसपास के करीब 500 ग्रामीण एवं करीब 300 स्कूली बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को कमांडेन्ट कैपिंग गिल ने संबोधित करते हुए बताया कि आप लोगों की सुरक्षा के लिए 7वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव तत्पर है। भारत सरकार द्वारा लगातार इस क्षेत्र में प्रगति की कार्य योजनाएं सुचारू रूप से चलाई जा रही है तथा इन्हीं योजनाओं से सभी लोगों को लाभान्वित होना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर कंपनी कमांडर निरीक्षक/जीडी गोपाल सिंह। ने नक्सली विचारधारा से ग्रसित लोगों से समाज की मुख्य धारा में जुड़ने हेतु आव्हान किये तथा आश्वासन दिये है कि 7 वी वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार इस प्रकार का आयोजन भविष्य में भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में निरीक्षक/ जीडी गोपाल सिंह (कंपनी कमांडर डी/7), उपनिरीक्षक/ जीडी विजय कुमार, चंद्रशेखर राय, सहायक उपनिरीक्षक /जीडी श्री कृष्णा तिवारी एवं अन्यअधीनस्थ अधिकारी गण, एवं जीडी/7 समवाय के अन्य कार्मिक तथा बिरसा पुलिस थाना प्रभारी, मछुरदा पुलिस चौकी प्रभारी आरक्षक गजेंद्र यादव, आरक्षक चंद्रभान रघुवंशी के अलावा इस क्षेत्र के प्रधान सरपंच और विद्यालयों के शिक्षक एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।



# उत्कृष्ट विद्यालय के आईटी के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान अंतर्गत (आईटी) विषय के अध्ययनरत 9वी, 10वी, 11वी एवं 12वी के छात्र छात्राओ को उत्कुष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य खेमनलाल लिल्हारे द्वारा ई-दक्ष कार्यालय का भ्रमण करवाया गया। उन्होंने बताया की नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संस्था में दो विषय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व प्राइवेट सिक्यूरिटी संचालित है। जिसमे प्रायोगिक तौर पर विद्यार्थियो को तीन शैक्षणिक भ्रमण करने होते है। इससे पूर्व शासकीय आईटीआई एवं भारत संचार निगम लिमिटेड जैसे महत्वपूर्ण संस्थानो का भ्रमण छात्र-छात्राओ को करवाया गया था। नोडल ऑफिसर एलके साहू के निर्देशन एवं वीटीपी विजन इंडिया सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक तरुण बिसेन के मार्गदर्शन में किया गया यह भ्रमण 19 जनवरी शुक्रवार को सम्पन्न हुआ है। इस दौरान ई-दक्ष कार्यालय के वरिष्ठ प्रशिक्षक उमाशंकर पटले, सौरभ नामदेव तथा आशीष शरणागत द्वारा विद्यार्थियो को ई-दक्ष केन्द्र में सम्पन्न होने वाले विभिन्न शासकीय कार्य के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।



## जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 25 जनवरी को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 25 जनवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों, आदिम जाति कल्याण, आदिवासी विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, विद्युत विभाग तथा मत्स्य विभाग के कार्यों के साथ ही अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी।

## ग्राम खारा में प्रभु श्री राम की मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा 22 को

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। किरनापुर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम खारा में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को किया जाएगा। जिसको लेकर श्री राम मंदिर ट्रस्ट ग्राम खारा द्वारा 20 से 22 जनवरी तक रोजाना विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। इस शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत 20 जनवरी दिन शनिवार से की जाएगी ।जहां 20 जनवरी सुबह 9 बजे जल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा तो वहीं गृह प्रवेश, मंडल पूजन, जलाधीवास, अन्नाधीवास और अभिषेक पूजन के कार्यक्रम संपन्न कराए जाएंगे ।तो वहीं इसके अगले दिन 21 जनवरी दिन रविवार की सुबह 9 बजे पुष्पाधीवास, वस्त्राधिवास मूर्ति शयन का कार्यक्रम कर दोपहर 3 बजे से शाम तक होम (हवन) का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा. इसके अगले दिन 22 जनवरी दिन सोमवार को सुबह 6 बजे से दोपहर 12:30 तक प्राण प्रतिष्ठा, नेत्रों मिलन, पूर्णाहुति, महा आरती कर दोपहर 2 बजे से महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। उक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील श्री राम मंदिर ट्रस्ट ग्राम खारा के पदाधिकारी सहित समस्त ग्राम वासियों द्वारा की गई है।



## समस्त शासकीय कार्यालयों में हॉफ-डे घोषित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी आदेशानुसार अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर समस्त शासकीय कार्यालयों में 22 जनवरी सोमवार को आधे दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर शिवशक्ति धाम जोड़ापाट( कायदी ) में आयोजित किये जायेंगे विविध कार्यक्रम

कायदी(पद्मेश न्यूज)। राम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तारतम्य 22 जनवरी को शहरों की तर्ज पर गाँवो में भी धार्मिक आयोजन को लेकर जश्न का माहौल है। ग्राम पंचायत कायदी तथा कायदी के बनियाटोला, जोडापाट, छोटाटोला में भी राम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 20जनवरी से ग्राम पंचायत कायदी के शिवशक्ति धाम जोड़ापाट में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किये जाएगे। 20 जनवरी को सुबह से रामधुन का आयोजन किया जायेगा वही दोपहर 1 बजे से महिला मंडल द्वारा संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ का गायन किया जायेगा। इसी तरह 21 जनवरी को अयोध्या नगरी से आये कलश का जोड़ापाट के प्रत्येक गली में भ्रमण एवं अयोध्या से ही आये अक्षत (चावल) को घर-घर में निमंत्रण स्वरूप दिया जाएगा। ताकि सभी सनातन धर्म के अनुयायी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के सभी कार्यक्रम के भागीदारी बने। वही 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से जोड़ापाट के शिवशक्ति धाम से कलश यात्रा एवं भगवान राम परिवार की झांकी निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा और झांकी मुख्य मार्ग एवं चौराहे से हो कर भ्रमण करती हुई शिव शक्ति धाम पहुंचेगी। शाम 5 बजे से विशाल महाप्रसादी वितरण किया जावेगा तथा शाम में दिपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शिवशक्ति धाम के समस्त पदाधिकारीयो ने समस्त श्रद्धालुओं से राम जन्मभूमि अयोध्या प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तारतम्य में आयोजित इस तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की अपील की है। इसी तरह 22 जनवरी को ग्राम कायदी में स्थित ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर में अक्षत कलश यात्रा के साथ ही श्रीराम भगवान की शोभायात्रा निकाली जावेगी तथा शाम को 200 दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और महाप्रसादी का वितरण किया जावेगा इस दौरान समस्त ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की गई है।

## सदभावना पदयात्रा की प्रथम वर्षगांठ पर आज मिलन समारोह का आयोजन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी-खैरलांजी विधानसभा आम आदमी पार्टी के युवा नेता समाजसेवी इंजी. प्रशांत भाऊ के द्वारा गत वर्ष 2 जनवरी से 20 जनवरी 2023 तक कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र मे 500 कि.मी. सदभावना पदयात्रा कर एक इतिहास रचा गया था. इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र में आपसी सदभाव, भाईचारा और जन समस्याओं को जानना था. युवा नेता ने लगातार 19 दिनों तक अपनी टीम के साथ कटंगी खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव की पदयात्रा कर जन-जन में आपसी सदभाव और भाईचारा कायम करने की पहल की एवं ग्रामीण जनों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को जानने और उसके निराकरण का प्रयास किया. इस यात्रा के दौरान सद्भावना पदयात्रा को सभी वर्गों का भरपूर समर्थन मिला. यात्रा के एक साल पूरे होने पर आज मिलन समारोह का आयोजन किया गया. ग्राम पंचायत उमरी में दोपहर 12 बजे से समारोह का आयोजन होगा।

## स्वास्थ्य शिवीर का आयोजन

हट्टा(पद्मेश न्यूज)। डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार व जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में विकासखण्ड बालाघाट के रूट चार्ट अंतर्गत दिनाँक 19/01/2024 को ग्राम खुडसोडी (प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक) व ग्राम में एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य परामर्श शिविरो का आयोजन किया गया। उक्त शिविरों में आयुष विभाग अंतर्गत जिले में संचालित योजनाओं / गतिविधियों की जानकारी एवं आयुष चिकित्सा पद्धति आधारित दिनचर्या, ऋतुचर्या, पोषण आहार, योगाभ्यास, सामान्य रोगों से बचाव के बारे मे जानकारी दी गई, आयुष चिकित्सा पद्धति से स्वास्थ्य परीक्षण कर ग्राम पंचायत खुडसोडी व ग्राम के रोगियों को औषधि वितरण किया गया। शिविर में शासकीय आयुर्वेद औषधालय, मोहगाव खुर्द से डॉ.sachin more(CAMO), एवं स Inka bisen ( MASK ) दवा साज विवेक आग्नेय की सहभागिता रही।




बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील-लांजी, जिला बालाघाट ( म0प्र0 )

।। विज्ञप्ति ।।

क्रमांक/ना.तह/प्रवा.01/2023

लांजी दिनांक 19/01/2023-2024 रा0प्र0क0/0030/3-154/2023-24

मौजा बहेला प.ह.नं.15 रा.नि.म. साडरा

आवेदक अमृतलाल वाघाडे पिता दशरथ जाति गोवारी निवासी ग्राम बहेला तहसील लांजी जिला बालाघाट।

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमृतलाल वाघाडे पिता दशरथ जाति गोवारी निवासी ग्राम बहेला तहसील लांजी जिला बालाघाट द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है, कि प0ह0न0 15 राजस्व निरीक्षक साडरा तहसील लांजी जिला बालाघाट में स्थित आवेदक द्वारा अपने दादाजी मोडकया वाघाडे पिता लखा वाघाडे का अनुज्ञा प्रमाण-पत्र रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 12 (2) म0प्र0 मृत्यु पंजीयन नियम 1999 नियम 12(2) प्रावधानो के अंतर्गत उपरोक्त मृत्यु की घटना दिनांक 21/08/1987 अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त पत्र के संबध में हितबद्ध को समाचार के माध्यम के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि उक्त संबंध में न्यायालय में उपस्थित होकर न्यायालीन प्रकिय के तहत जवाब रखा जावें जिस किसी भी व्यकित को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 05/02/2024 के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर इस न्यायालय में दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
लांजी

### आम सूचना

मैं चुन्नीलाल पिता श्री जगलाल हिरवाने निवासी रामपायली तह: वारासिवनी जिला बालाघाट म.प्र.आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पिता श्री जगलाल हिरवाने पिता सुकालीसाव है तथा मेरा एक भाई लक्ष्मण भी है। एवं मेरी बहने हेमलता, ललिता, डिलेश्वरी, रूपा और मिता है तथा मेरे पिता श्री जगलाल हिरवाने जाति कलार के नाम पर रामपायली में पैतृक सम्पत्ति स्व. श्री सुकालीसाव की है तथा इस पैतृक सम्पत्ति में खसरा नं. क्रमश: ७०४,८६६,८६९,१०३४, रकबा क्रमश: ०.२१९,०.०४२,०.०२४,०.३६४ हे. कुल ०.६४९ हे.भूमि स्थित है। यह कि उपरोक्त खसरा नं. में से मेरे पिता श्री जगलाल हिरवाने ने अपने पुत्र लक्ष्मण के दबाव एवं प्रभाव से खसरा नं.७०४, रकबा ०.२१९ हे. भूमि दिनांक १०/०१/२०२४ को श्री आशुतोष कोहाड़ पिता श्री राजेन्द्र कोहाड़ निवासी वारासिवनी को विक्रय कर दिया है। और कोई प्रतिफल की राशि मेरे पिता श्री जगलाल को प्राप्त नही हुई है। मेरे पिता पूर्णरूप से अस्वस्थ होने के कारण विक्रय करने योग्य नही है तथा मेरे पिता हमेशा हस्ताक्षर करते है किंतु अंगुठा लगाकर विक्रय पत्र कराया गया है जो निरस्त करने योग्य है। यह कि इस विक्रय की गई खसरा नं. ७०४ रकबा ०.२१९ हे. भूमि पैतृक होने से मैं एवं मेरी बहने व भाई १/८-१/८ अंश के अधिकारी है, इस कारण यह किया गया विक्रय पत्र अवैध व शून्य है और इसलिये मैं एवं मेरी बहने व्यवहार न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने जा रहे है अत: आप क्रेता आशुतोष कोहाड़ पिता राजेन्द्र कोहाड़ को सूचित किया जाता है कि इस क्रय की गई भूमि पर किसी प्रकार की प्लाटिंग के रूप में विक्रय ना करें। तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्णित भूमि या उसके किसी भूभाग को क्रय ना करें, यदि क्रेता आशुतोष कोहाड़ के द्वारा वर्णित भूमि का हस्तान्तरण प्रलेख निष्पादित किया जाता है तो वह अवैध व शून्य होगा और मेरे व मेरे भाई व बहनों पर बंधनकारक नही होगा।

वास्ते आम सूचना प्रेषित है

प्रेषक
चुन्नीलाल हिरवाने

# कंकर मुंजारे ने एक बार फिर केंद्र व राज्य सरकार पर साधा जमकर निशान

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 को निकालेंगे रैली

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। जिसके तहत नगर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। इसी कड़ी में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नगर में एक रैली निकालकर बस स्टैंड में एक आमसभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसान कर्ज माफी, महंगाई, बेरोजगारी, उर्वरक खाद ,समर्थन मूल्य सहित विभिन्न मुद्दों पर जनसभा होगी। जिसकी तमाम जानकारी शुक्रवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा दी गई ।जिन्होंने इस पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा है तो वहीं उन्होंने आयोजित इस रैली और जनसभा के माध्यम से जनता के मुद्दों को उठाकर सरकार की कथनी और करनी का पर्दाफाश किया जाने की बात कही है।**

### जनहित से जुड़े मुद्दों पर उठायेगे की आवाज

आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए श्री मुंजारे ने बताया कि 23 जनवरी को महान क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नगर में रैली निकाली जाएगी। जिसमें जनता की समस्याएं उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत में किसानों पर करोड़ों का कर्ज है महंगाई और बेरोजगारी चरम सीमा पर है खाद यूरिया डीएपी की सब्सिडी खत्म करने की सरकार प्लानिंग कर रही है। वहीं खाद को महंगा करने की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा रेत की रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा बढ़ाई गई है जिसके चलते लोग अपने मकान खेत में कुआं तक नहीं बना पा रहे है और पलायन करने पर मजबूर हैं ।नियम के अनुसार कोई भी ठेकेदार रेत की रॉयल्टी नहीं बढ़ा सकता यह शासन का काम है लेकिन बालाघाट में ठेकेदार द्वारा मनमर्जी से रॉयल्टी बढ़ाई जा रही है इसके अलावा ऐसे कई मुद्दे हैं जिनको लेकर रैली व जनसभा का आयोजन किया गया है जिसमे जनहित से जुड़े मुद्दों पर आवाज उठाई जाएगी।

### समर्थन मूल्य का झूठा प्रलोभन देकर बीजेपी ने हासिल किए वोट

आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान श्री मुंजारे ने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने संकल्प पत्र जारी किया था जिसमें किसानों की धान 3100 प्रति क्विंटल खरीदने की बात कही गई थी ।जिसके प्रलोभन में आकर लोगों ने वोट दिए और बीजेपी की सरकार बनी है लेकिन आज तक सरकार ने किसी भी किसान का धान 3100 रु में नहीं खरीदा है। यह



किसानों के साथ धोखा है वोट लेने के लिए सरकार ने झूठ बोला हमारी मांग है कि सभी किसानों को 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से धान का भुगतान किया जाए या फिर उन्हें बोनस के रूप में राशि प्रदान की जाए ।

### जिले में चल रहा गुंडाराज

जिले में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है, गुंडाराज चल रहा है। कानून का पालन करने वाले लोग ही कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। अंग्रेजों के समय भी ऐसा उल्लंघन नहीं हुआ जैसा कि कानून का उल्लंघन आज के समय में हो रहा है। वर्दी पहनकर चंद लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं। यह मुद्दा भी जनसभा में उठाया जाएगा।

### 450 रुपए में सिलेंडर देने का क्या हुआ

श्री मुंजारे ने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए बताया कि चुनाव के पूर्व भाजपा सरकार द्वारा 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा किया गया था। जो आज तक पूरा नहीं हुआ है ।सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना का ढिंढोरा पीट रही हैं जबकि बालाघाट में हजारों मकान अब भी अधूरे पड़े हैं जिनकी छत नहीं ढली है ।गांव में लोगों को डेढ़ लाख रुपए तो वहीं शहर में ढाई लाख रुपए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिया जा रहा है जबकि आज के जमाने में लैट्रिन बाथरूम बनाने में 1 लाख रु लग जाता है ।ऐसे में इतनी कम राशि में मकान कैसे बन पाएंगे उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचलों में तो डेढ़ लाख में से हितग्राही के हाथ में सिर्फ 1 लाख 20 हजार रु ही आता है बल्कि 20 हजार रु हितग्राही तक नहीं पहुंच पाता ।जो कमीशन में चला जाता है ।उन्होंने आगे बताया कि मोदी सरकार उलटी खोपड़ी की है जो हितग्राहियों में भेदभाव कर रही है हमारी मांग है कि ग्रामीण और शहरी दोनों हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का समान पैसा दिया जाना चाहिए ।

### सिर्फ सीएम का चेहरा बदला है व्यवस्था नहीं

श्री मुंजारे ने आगे बताया कि मध्य प्रदेश में चुनाव के बाद सिर्फ मुख्यमंत्री का चेहरा बदल गया है जबकि व्यवस्था पहले की तरह ही बनी हुई है। बल्कि वर्तमान समय में व्यवस्थाएं और भी ज्यादा बिगड़ गई है। पहले से ज्यादा भ्रष्टाचार हो रहे हैं और चंद लोग अपनी मनमानी कर रहे हैं।

### किस आधार पर विकसित भारत की बात कह रही सरकार

श्री मुंजारे ने आगे बताया कि भारत पर बड़ा संकट है। सरकार और उनके नुमाइंदे विकसित भारत बनाने की बात कह रहे हैं जबकि कई लोग ऐसे हैं जिन्हें ठंड में कंबल तक नसीब नहीं हो रहा है। नगर के आंबेडकर चौक में सड़क किनारे लोगों को सोते हुए देखा जा सकता है केंद्र और राज्य सरकार ने यहां आकर देखना चाहिए उसके बाद में विकसित भारत की बात करनी चाहिए।

### अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कैसे हो रही है

श्री मुंजारे ने अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर भी बयान दिया है जिन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं लेकिन बीजेपी वाले उन्हें सिर्फ अपना बताने में लगे हुए हैं ।नियम के अनुसार जब तक मंदिर का काम पूरा नहीं हो जाता और जब तक मंदिर का निर्माण अधूरा है उसके पहले प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती ।लेकिन सिर्फ चुनाव में वोट पाने के लिए सरकार ने इस नियम को भी दरकिनार कर दिया है। पहले मंदिर का काम पूरा करना था उसके बाद प्राण प्रतिष्ठा होनी चाहिए थी। लेकिन वोट के खातिर यह लोग बकवास बात कर रहे हैं ।जबकि सरकार ने भुखमरी खत्म करने के लिए, किसानों के लिए, जनहित के काम करना चाहिए लेकिन सरकार वोट पाने के लिए षड्यंत्र कर रही है। भगवान के नाम पर आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद,और भाजपा के लोग षड्यंत्र कर रहे हैं।

### किसानों पर टैक्स लगाने की योजना बना रही सरकार

श्री मुंजारे ने आगे बताया कि आज भी कई ऐसे स्कूल है जिसमें शिक्षक नहीं है अस्पतालों में चिकित्सक नहीं है ।अब खेती करने वाले किसानों पर भी इनकम टैक्स लगाने की सरकार द्वारा योजना बनाई जा रही है। अभी तक सिर्फ किसान बचा हुआ था उस पर भी अब टैक्स लगाने की बात चल रही है। यूरिया डीएपी के दाम बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में जो सरजू नदी बहती है वह पूरी दूषित हो चुकी है वहां नहाना तक मुश्किल है। उसपर सरकार का कोई ध्यान नहीं है और सरकार बड़ी-बड़ी बातें कर रही है। ऐसे कई मुद्दे हैं जिनको लेकर रैली और जनसभा का आयोजन किया गया है जिसके माध्यम से सरकार का पर्दाफाश किया जाएगा। इसलिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को जनहित के मुद्दों को लेकर दोपहर 12 बजे नगर में एक रैली निकाली जाएगी वहीं नगर के बस स्टैंड रानी

# दीपक उईके ने संभाला अधीक्षण अभियंता का प्रभार

## यूनाईटेड फोरम और पेंशनर्स संघ ने किया स्वागत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रशासकीय प्रक्रिया के तहत बालाघाट संभाग के अधीक्षण अभियंता एम ए कुरैशी का स्थानांतरण कर उनकी जगह दीपक उईके को अधीक्षण अभियंता बनाया गया है। जहां बिजली कंपनी की स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत बालाघाट से डीई और फिर एई के पद पर कार्य करने की शुरूआत करने वाले एई दीपक उईके को एक बार फिर बालाघाट संभाग का अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। जिन्होंने अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति के बीच अपना प्रभार ग्रहण कर लिया ।बालाघाट संभाग के अधीक्षण अभियंता पद का दीपक उईके द्वारा प्रभार ग्रहण करने पर यूनाईटेड फोरम एवं पेंशनर्स संघ के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने संयोजक कार्यपालन अभियंता लक्ष्मणसिह वल्के, रवि गुप्ता, आई.डी. पटले, के.एल. गौतम, आर.के. शर्मा, शिव कुमार मुवनेश्वर, एम.एस. राजपूत, रतिराम नखाते, संदीप मेश्राम, यशवंत पिपलेवार, श्रीमती पंचशीला खोब्रागड़े, मेनसिंह ठाकरे, व्ही.के. भगत सहित अन्य ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।



### कर्मचारियों की समस्याओं के साथ खड़ा रहूंगा-उइके

अभियंता कार्यालय में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह के दौरान यूनाईटेड फोरम एवं पेंशनर्स संघ फोरम प्रमुख पदाधिकारी आई.डी. पटले ने बताया कि यह विभाग के लिए अच्छी बात है कि बालाघाट के विभागीय कार्यप्रणाली से परिचित व्यक्ति को कंपनी द्वारा यहां पदस्थ दिया गया है। हमें उम्मीद है कि फोरम को आपका सहयोग मिलते रहेगा ।जिसपर अधीक्षक अभियंता दीपक उईके ने भी अधिकारी और कर्मचारियों को विश्वास दिलाया कि वरिष्ठ स्तर पर अधिकारी, कर्मचारी की समस्या ना जाए और हम यही समस्या को सुलझा ले ।उन्होंने बालाघाट जिले में अपने पूर्वानुभव का जिक्र करते हुए बताया कि अधिकारी, कर्मचारियों की हर समस्या के निराकरण के लिए मैं उनके साथ हुं। यहां के अधिकारी, कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अन्य स्थानों से मिलकर काम करने की है, जिसका मुझे लंबा अनुभव है। मैं विश्वास दिलाता हुं कि आपकी हर समस्या में मैं आपके साथ खड़ा हुं। और आगे भी खड़ा रहूंगा।

# वेतन नहीं तो काम नहीं

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भरी हूंकार, कलेक्टर, एसडीएम व परियोजना अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल शिक्षिका/ सहायिका एकता संघ बालाघाट के बैनर तले शुक्रवार को परियोजना स्तर पर बकाया वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया ।जहा कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने विगत दो माह से वेतन न मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए ,तत्काल वेतन दिए जाने की गुहार लगाई ।मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर, एसडीएम और सभी परियोजना कार्यालय के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट कर दिया है कि वेतन नहीं मिलेगा तो वह काम नहीं करेंगी । जहां बकाया वेतन सहित अन्य मांगों को पूरा करने के लिए संगठन द्वारा शासन को 7 दोनों का अल्टीमेटम दिया है। जहां 7 दिनों के भीतर उनकी सभी मांगे पूरी न होने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल कर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है ।



### जब से नए मुख्यमंत्री आए हैं तब से नहीं मिला वेतन-कुरैशी

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान संगठन के जिला संयोजक इकबाल एहमद कुरैशी ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने सीएम को बधाई देते हुए खेद व्यक्त किया कि आप जब से मुख्यमंत्री बने हैं, तब से कार्यकर्ता और सहायिकाओं को वेतन नही मिला है। जबकि कार्यकर्ता व सहायिकाएं शासन के निर्देशानुसार जनहित मे लगातार अपनी सेवाएं दे रही है एवं उत्कृष्ट कार्य हेतू प्रशंसा भी की गई क्योकि गर्भवति व धात्री महिलाओं की मृत्यु दर में कमी एवं कुपोषण को कम करने में भारी सफलता कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रदान कराई गई है। बावजूद प्रदेश के कुछ जिलों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को विगत दो माह का वेतन जारी नहीं किया गया है। ऐसे में कार्यकर्ता व सहायिकाओं को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में नारी सशक्तिकरण कैसे सफल हो पाएगा। जबकि अन्य कर्मचारी वर्गो को समयावधि में प्रतिमाह वेतन का भुगतान अदा हो रहा है ।अन्य जिलों में भी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मानदेय का भुगतान अदा किया जा चुका है। फिर कुछ जिलों में भुगतान न किया जाना खेद का विषय है। जिसमें बालाघाट जिला भी शामिल है ।हमारी मांग है कि 07 दिवस में मानदेय का भुगतान अदा किया जाए अन्यथा मजबूरन विवश होकर दाम नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ काम बंद हड़ताल करने बाध्य होना पड़ेगा।

### तो काम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल कर करेंगे उग्र प्रदर्शन - आशा गोस्वामी

वही ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान आशा कार्यकर्ता श्रीमती आशा गोस्वामी ने बताया कि जनवरी को मिलाकर यह तीसरा महीना है कि हमें पेमेंट नहीं मिला है। यूनिफॉर्म भी अब तक प्राप्त नहीं हुई है। यहां तक की मोबाइल रिचार्ज की राशि भी खाते में नहीं आई है ।कई ऐसे काम है जिन पर हमें मजबूरन राशि खर्च करनी पड़ रही है ।केवल वेतन ही नहीं बल्कि हमारी अन्य मांगे भी है ।जिसको लेकर आज ज्ञापन सौपा गया है जिसमें मांग पूरी करने के लिए सरकार को एक सप्ताह का अल्टीमेटम दिया गया है ।यदि एक सप्ताह के भीतर हमारी मांगे पूरी नहीं होती तो संगठन द्वारा अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल कर उग्र आंदोलन किया जाएगा ।जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन

# भारत रत्न नेशनल कराटे चैंपियनशिप में हुआ जिले के 05 खिलाड़ियों का चयन

## जिले के खिलाड़ी करेंगे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व, प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी देवास हुए रवाना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है ।शायद यही वजह है कि जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभाएं आए दिन सामने आते रहती हैं। जहां जिले के खिलाड़ी विभिन्न मौकों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर केवल बालाघाट जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश व देश सहित विदेश में भी अपना और अपने जिले का नाम रोशन करते रहते हैं ।इसी बीच भारत रत्न नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जिले के 05 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। यह सभी चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुक्रवार को देवास के लिए रवाना हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत रत्न नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन 21 जनवरी को देवास के श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम में किया गया है। यह चैंपियनशिप मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के सचिव विनय यादव और संस्था के सभी पदाधिकारी द्वारा आयोजित



की जा रही है इसमें सुपर गोल्ड विजेता खिलाड़ियों को 51000 रु नगद राशि प्रदान की जाएगी वही विजेता टीम को साइकिल प्रदान की जाएगी। यह प्रतियोगिता कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नियम अनुसार खिलाई जाएगी इसमें जिले के खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

### ये खिलाड़ी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने हुए रवाना

देवास में आयोजित इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है जो मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे इसमें भाग में लेने के लिए स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ के अध्यक्ष सचिव और जिला खेल एवं कल्याण अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में जिले का प्रतिनिधि करने युवा समन्वयक कटंगी एवं कराते प्रशिक्षक संतोष पारधी के नेतृत्व में चयनित खिलाड़ियों की टीम को ट्रेन से रवाना किया गया ।जिसमे उमंग दामोदर ,जंघेले वंश, मुन्ना बर्वे, तनु राम प्रसाद बिसेन , ईशा संतोष चौरागढ़, और विनीता रंजीत उइके के नाम का शमावेश है। जिले के खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता में होने पर संस्था के संरक्षक अनिल धूवारे अध्यक्ष विजय हरिनखेड़े उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया सह सचिव चंद्रकांत पीपलेवार सदस्य राजेंद्र बल्ले लकी मड़ावी शुभम मनेश्वर स्कूल कटंगी कन्या शाला प्रधानाचार्य एमएल भलावी द्वारा प्रतियोगिता भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी है।

# नगरपालिका द्वारा हटाये गये चौक-चौराहों से फ्लैक्स

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगरीय क्षेत्र के चौक-चौराहों पर विशालकाय होर्डिंग्स और फ्लैक्स पर आखिरकार नगर पालिका की लंबी और गहरी नींद खुल गई है। शुक्रवार को नगर पालिका के अमले ने कालीपुतली चौक, हनुमान चौक सहित विभिन्न स्थानों में लगे होर्डिंग्स व फ्लैक्स को हटाने की कार्रवाई की। हालांकि, इस कार्रवाई के पीछे नगर पालिका प्रबंधन ने हादसों को वजह बताया है। जबकि इससे पहले कई बार सामाजिक संगठनों व कार्यकर्ताओं द्वारा लंबे समय से होर्डिंग्स व फ्लैक्स से हादसे होने की संभावनाओं को देखते हुए इन्हें हटाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन नपा द्वारा लंबे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। दरअसल, आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर बालाघाट में चल रही तैयारियों के अंतर्गत चौक-चौराहों पर भगवान श्रीराम की तस्वीरों से जुड़े फ्लैक्स व होर्डिंग्स लगाए जाने हैं, जिसे लेकर शुक्रवार को नपा ने पुराने होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई की है। इसे लेकर नपा सीएमओ ने कहा कि चौक-चौराहों पर लगे फ्लैक्स से हमेशा हादसा का डर



बना रहता है। इसके अलावा 14 जनवरी को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में भी उनके द्वारा होर्डिंग्स व फ्लैक्स हटाने की निर्देश दिए गए थे, जिसके तहत इस संबंध में कार्रवाई की गई है। इसके अलावा सीएमओ ने बताया कि चौक-चौराहों पर भगवान श्रीराम से जुड़े होर्डिंग्स लगाए जाएंगे।

# देड़ दशक पुराने श्रीराम मंदिर में आयोजन की तैयारियों को परखा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा शुक्रवार को लांजी क्षेत्र में भ्रमण पर रहें है। वे यहां विभिन्न कार्यो के सम्बंध में निरीक्षण के साथ-साथ 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर अयोध्या में होने वाले प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लांजी में श्रीराम मंदिर पहुँचे। उन्होंने यहां दर्शन उपरान्त पंडित एवम गार्मीनो से 22 जनवरी के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही मंदिर में भव्य आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन दिया।



### स्कूल से आने वाले बच्चों को बांटी टॉफी चॉकलेट

लांजी के भ्रमण से आते समय बीच रास्ते में बच्चों कलेक्टर व जिपं सीईओ की गाड़ियों को देख नमस्कार करने लगें। ये सब देख कर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने गाड़ी रुकवा कर बच्चों से उनकी पढ़ाई सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने बच्चों को चॉकलेट और टॉफियां भी बांटी। एसडीएम प्रदीप कौरव व जनपद सीईओ

# जंगली सूअर के हमले में 70 वर्षीय वृद्ध घायल


बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहाड़ी में जंगली सूअर के हमले में एक वृद्धा घायल हो गई। 19 जनवरी को 11:00 बजे करीब यह घटना उसे समय हुई जब यह वृद्धा बकरी के लिए चारा लाने के लिए खेत गई थी। जंगली सूअर के हमले में घायल वृद्धा मना बाई पति दल्लूसिंह सोलंकी 70 वर्ष ग्राम मोहाड़ी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मना बाई खेती-बाड़ी के अलावा घरेलू काम करती है। जिसके पति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है और वह अकेले ही घर में रहती है जिसके पड़ोस में उसके देवर के लड़के रहते हैं। बताया गया है कि 19 जनवरी को 11:00 बजे मना बाई अपने गांव के पटेल के खेत में बकरी के लिए चारा लाने गई थी और खेत में बकरी का चारा मोट खोद



रही थी। तभी कुत्तों ने एक जंगली सूअर को खेदा करके खेत तरफ तभी इस जंगली सूअर ने मना बाई पर हमला करते हुए उसे उठाकर पटक दिया। जिससे मना बाई घायल हो गई। इस दौरान वहा पर अन्य महिलाएं थीं। जिनमे एक महिला पर भी जंगली सूअर ने हमला किया। हालांकि इस महिला को चोटें नहीं आई । मना बाई के चिल्लाने पर महिलाएं दौड़ी जिन्हें देख जंगली सूअर भाग गया ।जंगली सूअर के हमले में घायल मना बाई जैसे-जैसे पैदल अपने घर पहुंची और उसे उसके देवर के लड़कों ने खैरलांजी के अस्पताल में ले जाकर भर्ती किए थे ।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मना बाई को जिला अस्पताल

# अन्नदाता अपनी उपज की राशि पाने के लिए कर रहा घंटों इंतजार

## बैंक प्रबंधन के पास पर्याप्त राशि नहीं होने पर निराश होकर लौट रहे किसान, शाम ६ बजे के बाद जिले से राशि आने के बाद किया गया भुगतान






**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। समर्थन मूल्य में किसान अपनी उपज विक्रय करने के बाद जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा में राशि लेने सुबह ११ बजे से पहुंच रहे है किन्तु उन्हे समय पर राशि का भुगतान नही किया जा रहा है जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। १९ जनवरी को सुबह ११ बजे से किसान अपनी उपज की राशि निकालने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा पहुंचे थे किन्तु शाम ५ बजे तक बालाघाट जिले से राशि नही आने के कारण उन्हे भुगतान नही किया गया और बैंक के अधिकारियों के द्वारा कहा गया कि बालाघाट से राशि आ रही है उसके बाद भुगतान कर दिया जायेगा। साथ ही बैंक प्रबंधन के द्वारा १ करोड़ रूपये की डिमाण्ड भेजी जाती है किन्तु जिले से ४० से ५० लाख रूपये ही भेजे जा रहे है। जिसके कारण सभी किसानों को समय पर भुगतान नही हो पा रहा है जिससे किसान परेशान है और शाम ६ बजे के बाद जिले से राशि आने के बाद क्षेत्र से पहुंचे किसानों को राशियों का भुगतान किया गया जिसके बाद किसानों का आक्रोश शांत हुआ। वहीं किसानों ने शासन-प्रशासन से बैंक में समय पर राशि भेजने की मांग की है ताकि विड्राल एवं पासबुक जमा करने के एक घंटे के अंदर किसानों को भुगतान मिल सके, परेशानियों का सामना न करना पड़े।**

### समय पर भुगतान नही मिलने से किसानों में प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त

आपकों बता दें कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली १४ धान खरीदी केन्द्र में धान खरीदी होने के साथ ही जिन किसानों की उपज का परिवहन हो चुका है उनके खातों में पैमेंट आ चुका है और किसान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा पहुंचकर रूपये निकाल रहे है परन्तु जिला मुख्यालय से रूपये कम आने के कारण प्रत्येक किसान को ३० से ४० हजार रूपये दिये जा रहे है और बैंक में सोसायटी वार आने वाले ग्रामों के किसानों को अलग-अलग दिन भुगतान किया जाता है परन्तु गुरूवार को विड्राल जमा करने के बाद रूपये खत्म हो जाने के कारण अधिकांश किसानों को रूपये नही बांट पाये थे। जिसके कारण दुसरे दिन गुरूवार के शेष बचे किसान एवं अन्य सोसायटी के किसान शुक्रवार को सुबह ११ बजे राशि निकालने के लिए बैंक पहुंचे थे और विड्राल व पास बुक जमा कर दिये थे एवं खाते से रूपये कटने का मैसेज भी आ चुका था किन्तु शाम ५ बजे तक जिला मुख्यालय से रूपये नही आने, बैंक से रूपये नही मिलने से क्षेत्रभर से पहुंचे ३०० से अधिक किसान आक्रोशित हो गये और बैंक प्रबंधक से कहा कि जब रूपये नही आने वाला था तो विड्राल एवं पासबुक जमा ही नही करवाना था। इस तरह से अन्नदाता अपनी उपज की राशि पाने के लिए घंटो इंतजार कर रहे है जिससे किसानों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि किसान अपनी उपज की राशि निकालने आते है तो उन्हे विड्राल व पासबुक जमा करने के बाद एक घंटे के अंदर भुगतान कर देना चाहिए ताकि किसान समय पर पैमेंट लेकर अपने घर पहुंच सके।

### बेटी की शादी के लिए रूपये निकालने आया था - मोहनदास

मोहनदास माने ने बताया कि ३५० क्विंटल धान समर्थन मूल्य में बेचे है परन्तु राशि एक साथ नही मिल रहा है, ४० से ५० हजार रूपये दिया जा रहा है जबकि फरवरी माह में मेरी बेटी की शादी है, शादी की तैयारी एवं खरीदी करने के लिए रूपये की आवश्यकता पड़ रही है इसलिए रूपये निकालने आया था परन्तु दो दिन हो गये विड्राल एवं पासबुक जमा किये है, खाते से रूपये भी कट चुका है। जिसका मैसेज भी आ चुका है परन्तु शाम ५ बजे तक हाथ में रूपये नही मिले है क्योंकि जिले से बैंक में रूपये नही आये है जिसके कारण सुबह से क्षेत्रभर से पहुंचे किसान भूखे-प्यासे है।



### बैंक में बैठने एवं पीने के पानी की नही है व्यवस्था - देवीप्रसाद

देवीप्रसाद सोनवाने ने बताया कि उपज बेचने के बाद रूपये निकालने के लिए किसानों को बैंक का चक्कर लगाना पड़ रहा है, सुबह से रूपये निकालने के लिए आये है और सभी किसानों ने विड्राल जमा कर चुके है परन्तु शाम ५ बजे तक रूपये नही मिला है और व्यापारी को लाखो रूपये बैंक कर्मचारियों के द्वारा भुगतान किया जा रहा है, किसानों को नही। श्री सोनवाने ने बताया कि जब बैंक में रूपये नही है तो विड्राल भरवाना नही था, मेरे पिताजी वृध्द हो चुके है उनको लाने के बाद बैंक से रूपये मिलता है उन्हे रोज बैंक लाना पड़ता है जिससे परेशानी होती है और बैंक में किसानों के बैठने एवं पीने के पानी की भी व्यवस्था नही है जिससे किसान परेशान होते है, प्रशासन से मांग है कि बैंक में अच्छी सुविधा मुहैया करवाये।



### विड्राल जमा होने के एक घंटे के अंदर भुगतान होना चाहिए - किशोर

किशोर एड़े ने बताया कि क्षेत्र से पहुंचे किसानों ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में रूपये निकालने के लिए विड्राल भरकर जमा कर दिये है और मोबाईल में मैसेज भी आ चुका है कि उनके खाते से राशि कट गई है लेकिन शाम ६ बजे तक किसानों के हाथ में रूपये तक नही मिलने से किसान आक्रोशित है जबकि दूर-दराज के किसान सुबह से बैंक आ जाते है और दिनभर भूखे-प्यासे रहकर भुगतान मिलने का इंतजार कर रहे है। श्री एड़े ने बताया कि ३ से ४ सौं किसानों ने विड्राल जमा कर दिये है और शाम ६ बजे जिला मुख्यालय से रूपये आया है उसके बाद भुगतान किया गया है ऐसी स्थिति में दुर-दराज से आये किसानों को अंधेरे में घर जाना पड़ेगा अगर इस दौरान लुटपाट की घटना हो गई तो उसका जिम्मेदार कौन होगा इसलिए शासन-प्रशासन से मांग है कि विड्राल जमा होने के एक घंटे के अंदर किसानों को भुगतान कर देना चाहिए।



### जिले से राशि आने के बाद किया गया भुगतान - राजेश

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा प्रबंधक राजेश दुबे ने बताया कि प्रत्येक किसानों को ३० से ४० हजार रूपये प्रतिदिन भुगतान कर रहे है एवं ३० से ३५ लाख रूपये फंड ट्रांसफर भी कर रहे है, गुरूवार को रूपये खत्म हो गया था और जिन्हे भुगतान नही हुआ था उनके पासबुक जमा करवा लिये थे, जिले से रूपये आने के बाद गुरूवार के बचे किसान और शुक्रवार को आये किसानों को एक साथ भुगतान किये जाने आश्वास्त किया गया था परन्तु शाम ५ बजे तक रूपये नही आने से किसान आक्रोशित हो गये जिसके बाद शाम ६ बजे जिले से राशि आने के बाद सभी किसानों को भुगतान कर दिया गया है। श्री दुबे ने बताया कि बैंक में किसानों के बैठने, पीने के पानी की सुविधा है, एकाएक अधिक किसान बैंक में जमा होने से कुछ परेशानी हो जाती है और सभी को सामान रूप से राशि दे रहे है परन्तु जिला मुख्यालय से देरी से राशि आने के कारण भुगतान करने में परेशानी होती है।



# नगर के 5 केन्द्रों में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा छटवीं में प्रवेश के लिए नगर मुख्यालय के ५ परीक्षा केन्द्रों में २० जनवरी को प्रात: ११.३० बजे से परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी सभी परीक्षा केन्द्रों में पूरी कर ली गई है और नगर मुख्यालय के




शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली, वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा, विवेक ज्योति ज्ञानपीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा, ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल लालबर्रा को जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा ६ वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का केन्द्र बनाया गया है जहां १९ जनवरी को परीक्षा की समस्त तैयारी पूरी कर ली गई है। २० जनवरी को पांचों परीक्षा केन्द्र में जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा ६ वीं में प्रवेश के लिए आयोजित की गई चयन परीक्षा में विकासखण्ड के कक्षा ५ वीं में अध्ययनरत १४१९ छात्र-छात्राएं शामिल होकर पर्चा हल करेगें और यह परीक्षा प्रात: ११.३० बजे से प्रारंभ होकर दोपहर १.३० बजे संपन्न होगी। आपकों बता दे कि प्रतिवर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके लिए कक्षा छठवीं व नवमी में प्रवेश हेतु बज्चों से आवेदन पत्र आमंत्रित करवाये जाते हैं जिसके पश्चात परीक्षा आयोजित कर मेरिट के आधार पर बज्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश दिया जाता है और यह परीक्षा कम सीटों के लिए होती है परन्तु जिलेभर के हजारों छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होते है। लालबर्रा विकासखण्ड के कक्षा ५ वीं में अध्ययनरत १४१९ छात्र-छात्राएं जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा ६ वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में शामिल होगें। यह परीक्षा नगर मुख्यालय के शासकीय उत्कृष्ट उज्चतर माध्यमिक विद्यालय लालबर्रा में ४८० बच्चें , शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोली में २८८ बच्चें, वैदिक हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में २८८ बच्चें, विवेक ज्योति ज्ञानपीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा में २४० बच्चें एवं ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल में १२३ बच्चें शामिल होगें जिनके द्वारा २० जनवरी को प्रात: ११.३० बजे से दोपहर १.३० बजे तक पर्चा हल करेगें। जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी चयन परीक्षा के लिए स्कूल प्रशासन के द्वारा परीक्षा संपन्न करवाने, बच्चों के बैठक व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं पुरी कर ली गई है। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि २० जनवरी को प्रात: ११.३० बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा ६ वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसके लिए लालबर्रा नगर मुख्यालय में ५ परीक्षा केन्द्र बनाये गये है जिसमें १४१९ बच्चें शामिल होगें और परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# मैं जनता के आशीर्वाद से विधायक बनी हूं - अनुभा

## मोहगांव ध. में ग्रामीण और कार्यकर्ताओं ने अनुभा मुंजारे का लड्डू से तौलकर किया स्वागत

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग १२ किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के हनुमान चौक में ग्राम पंचायत के सरपंच, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के द्वारा गुरूवार को नवनिर्वाचित विधायक अनुभा मुंजारे का सम्मान एवं स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित कर बालाघाट विधानसभा क्षेत्र से ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने, बालाघाट जिले की पहली कांग्रेस पार्टी से महिला विधायक बनने पर कार्यकर्ताओं के द्वारा श्रीमती अनुभा मुंजारे को लड्डू से तौलकर भव्य स्वागत किया। यह स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, जनपद सदस्य केशव नगपुरे, कनकी सरपंच दुर्गा पगरवार, बुट्टा ह. सरपंच सीके बघेले, रमपुरी सरपंच कन्हैया रहांगडाले, ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, मोहगांव ध. सरपंच हिरकन पवन नगपुरे के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का ग्रामीणजनों के द्वारा आतिशबाजी एवं बैडबाजे के साथ प्रवेश द्वार पर स्वागत किया गया तत्पश्चात श्रीमती मुंजारे अपने समर्थको के साथ माता मंदिर और हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त की। जिसके बाद सभी कार्यक्रम स्थल पहुंचे जहां कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को लड्डू से तौलकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने कहा कि मैं बहुत साधारण महिला हुं, मैं एक जमीन के कण की तरह हूं, जनता ने जिस भरोसे, विश्वास से इतनी बड़ी ताकत बनकर जीताया है, मैं यह जीत उनके चरणों में समर्पित करती हूं क्योंकि यह चुनाव अनुभा मुंजारे नही जीती है, क्षेत्र की जनता चुनाव जीती है। साथ ही यह भी कहा कि जनता की मेहनत, परिश्रम, लगन व सहयोग ही जीत का कारण बना और आप लोगों ने मुझ पर विश्वास किया लेकिन आपका यह विश्वास चुनाव परिणाम के दिन सामने आया और हमारी जीत तय थी परन्तु इतनी बड़ी जीत आप लोगों के विश्वास से हुई है। श्रीमती मुंजारे ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जहां पर जनता के द्वारा जनता के लिए जनता की सरकार चुनी जाती है जिसे जनता पूर्ण बहुमत देती है उसकी सरकार बन जाती है, उसी तरह से आप लोगों ने भी मुझे अपना आशीर्वाद दिया है तभी मैं २९ हजार मतों से जीतकर विधायक बनी हूं और यह जीत क्षेत्र की जनता की जीत है। साथ ही यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता को शासन की योजना का लाभ एवं क्षेत्र का विकास करना पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। वहीं मोहगांव ध. सरपंच श्रीमती हिरकन पवन नगपुरे ने उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए विधायक महोदय से ग्राम के खेल मैदान का जीर्णोद्वार करवाने की मांग की। इस अवसर पर मोहगांव ध. सरपंच प्रतिनिधि पवन नगपुरे, उपसरपंच रूपलाल नगपुरे सहित पंचगण, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





# "मैं भी बाघ" की थीम पर स्कूली छात्र-छात्राओं को वन्यप्राणी और पर्यावरण के प्रति किया गया जागरूक

## जंगल क्षेत्र का विद्यार्थियों ने किया भ्रमण, रंगोली, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। वन विभाग एवं ईको पर्यटन बोर्ड के निर्देशानुसार अनुभूति कार्यक्रम के तहत वन्य पर्यावरण का करीब से अनुभव करवाने के लिए वन परिक्षेत्र सामान्य दक्षिण संभाग बालाघाट लालबर्रा के द्वारा गुरूवार को शासकीय उज्चतर माध्यमिक विद्यालय ददिया एवं नगपुरा हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र टेकाड़ी ला. के नवेगांव, चिखलाबड्डी जंगल का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान ईको कैम्प अनुभूति कार्यक्रम के तहत गुरूवार की सुबह ९ बजे दोनों शासकीय स्कूल के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं वन विभाग के अधिकारी वन परिक्षेत्र टेकाड़ी के नवेगांव जंगल पहुंचे जहां ईको अनुभूति प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य वन संरक्षक वनव्रत बालाघाट (सीसीएफ) एपीएस सेंगर, एसडीओं कटंगी बीआर सिरसाम, लालबर्रा वन परिक्षेत्राधिकारी हर्षित सक्सेना, वन्यप्रेमी, मास्टर ट्रेनर ज्ञानचंद शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, चिचगांव सरपंच गोविन्द पटले, साल्हे ला. सरपंच प्रतिनिधि जुगल भैरम की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण, सह जागरूकता कार्यक्रम में "मैं भी बाघ" की थीम पर स्कूली विद्यार्थियों को बाघ के महत्व सहित अन्य पर्यावरण व प्रकृति से संबंधित विभिन्न घटकों के बारे में उपस्थित अधिकारी एवं मास्टर ट्रैनर के द्वारा जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को टेकाडी ला. सर्राटी जलाशय में पक्षी दर्शन, पेड़-पौधों का चिन्हांकन, औषधी पौधों की पहचान सहित अन्य जानकारी देने के लिए जंगल का भ्रमण करवाया गया और वन्यप्राणी व औषधी पौधों के बारे में बताया गया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों ने इस अनुभूति कार्यक्रम में शामिल होकर वन्य जीव को करीब से जाना एवं वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के पक्षियों जैसे चील, उल्लू, बाज आदि पक्षियों व बाघ, हिरन, तेंदुआ के बारे में जानकारी दी गई और विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न प्रजाति के पेड़ों को देखा और अनुभव किया। साथ ही अनुभूति कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने क्या सीखा, वन्य प्राणियों और पर्यावरण संरक्षण के बारे में उनकी समझ को जानने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी दिया गया। जिसके बाद सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा की शपथ भी दिलवाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वन संरक्षक वनव्रत बालाघाट एपीएस सेंगर ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं अज्छी संगति होगी तभी देश के लिए अच्छा सोचेंगे, अच्छा करेगें,, अच्छे विचार आयेगें और परिवार के लिए अच्छा करें इसलिए आप सभी को इन चार बातों को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई करना है ताकि हमें अपने परिवार व देशहित में अच्छा काम करना है। साथ ही उपस्थित विद्यार्थियों को वन्यजीवों और पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर इस अनुभूति कार्यक्रम में जो जानकारी मिली है उसे अन्य लोगों तक पहुंचाकर वन्यप्राणी एवं वनसंपदा की रक्षा करने प्रेरित करने की बात कही। वन परिक्षेत्राधिकारी हर्षित सक्सेना ने बताया कि वन परिक्षेत्र नवेगांव में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ददिया हायर सेकेण्डरी और नगपुरा हाई स्कुल के १२६ छात्र छात्राओं को वन का भ्रमण करवाकर पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यप्राणियों के बारे में जानकारी दी गई है ताकि वे वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो सके। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं

# उमेन्द्र फुंडे का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी निवासी ४१ वर्षीय उमेन्द्र फुंडे गुरूवार की शाम ७ बजे सिवनी मार्ग पर बाईक अनियंत्रित होने से घायल हो गया था जिसका उपचार के दौरान लालबर्रा अस्पताल में मौत हो गई थी। शुक्रवार को सुबह चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया जिसके बाद दोपहर १ बजे लालबर्रा मोक्षधाम में मृतक उमेन्द्र फुंडे का शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पांढरवानी के सिवनी मार्ग निवासी ४१ वर्षीय उमेन्द्र फुंडे गुरूवार को शाम ७ बजे मोटरसाइकिल से सिवनी मार्ग की ओर जा रहे थे तभी उनकी मोटरसाइकिल मकान से १०० मीटर की दुरी पर हाईवे रोड़ में अनियंत्रित हो गई और वे गिरकर घायल हो गये। जिन्हे बेहोशी की हालत में तत्काल लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती किया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उमेन्द्र फुंडे की मौत होने की जानकारी लगते ही उनके परिजनों एवं चित-परिचितों में शोक की लहर व्याप्त हो गई और लोगों की अस्पताल में भीड़ लग गई। बताया जा रहा है कि उमेन्द्र फुंडे कम्प्यूटर दुकान का संचालन करता था और मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से रोड़ के ऊपर गिरने से सिर एवं शरीर के अंदुरूनी हिस्से में चोट लगने से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि किस कारण से उनकी मौत हुई है। मृतक उमेन्द्र फुंडे सरल, स्वभाव मृदुभाषी के धनी थे, अपने पीछे पिता, पत्नि, एक बेटा, एक बेटी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये है और ४१ वर्ष की उम्र में दु:खद निधन होने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर १ बजे लालबर्रा मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारणकर मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व जनपद अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य झामसिंह नागेश्वर, पूर्व जनपद सदस्य शैलेष केकती, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, वरिष्ठ कांग्रेसी मनोहर अग्रवाल, मनीराम भोयर, देवेन्द्र पंवार, उमेश आश्वले, शैलेष आश्वले, आशीष पाठक, श्यामू अवधिया, विशाल जैन, तरूण चैतगुरू, नीलम चैतगुरू, डॉ. विवेक कारे सहित अन्य शामिल है।

# मंगेझरी सालईटोला के ग्रामीण कर सकते हैं लोक सभा चुनाव का बहिष्कार

## प्रशासन की मांग पर विधानसभा चुनाव में किया था वोट, सड़क बनवाये जाने की मांग कर रहे ग्रामीण

**वारासिवनी ( पद्मेश न्यूज )। ग्राम पंचायत मंगेझरी के ग्रामीण अब लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। यह बहिष्कार कोस्ते से होते हुये सालईटोला,भांडी पिपरिया मार्ग को लेकर किया जा रहा हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि हमने इससे पूर्व सड़क नही तो वोट नहीं को लेकर शासन प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौंपा था। गौरतलब है कि यह ज्ञापन ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रशासन को सौपा था। जिसमें उन्होने सड़क का शीघ्र निर्माण किये जाने की मांग उल्लेखित की थी। जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और मंगेझरी ग्राम पंचायत आने वाले समस्त ग्रामीणों को समझाईस दी थी और आचार सहिंता हटने के बाद इस सड़क का निर्माण किये जाने का आश्वासन दिया था। मगर ऐसे होते नहीं दिख रहा हैं। आज भी यह मार्ग कच्चा हैं। जिसकी वजह से आवागमन में काफी परेशानी का सामना ग्रामीण जन कर रहे हैं।**



### नहीं प्रारंभ हुआ सड़क निर्माण का कार्य - दीपक राहंगडाले

इस संबंध में पद्मेश को जानकारी देते हुये सालईटोला मार्ग के बाजू में रहने वाले ग्रामीण दीपक राहंगडाले ने बताया कि इस मर्तबा हम लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग नही करेंगे। हम ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रशासन को सड़क नही तो वोट नहीं को लेकर एक ज्ञापन सौपा था। जिसके बाद प्रशासन ने हमे अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिये प्रेरित किया और शीघ्र ही सालईटोला होते हुये भांडी पिपरिया तक पक्की सड़क बनाये जाने का आश्वासन दिया था। मगर यह आश्वासन कोरा साबित हो रहा हैं। ऐसी स्थिति में हमारे ग्राम के जन इस बार लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग नही करेंगे।

### प्रशासन ने नहीं निभाया वादा - दीपक बिसेन

वही ग्रामीण दीपक बिसेन ने पद्मेश को जानकारी देते हुये बताया कि यह मार्ग कोस्ते होते हुये मंगेझरी के सालईटोला व भांडी पिपरिया को जोड़ता हैं। मगर मार्ग कच्चा होने के कारण इसकी हालत काफी जर्जर हैं। हमने विधानसभा चुनाव में सड़क बनाये जाने की मांग प्रशासन के सामने रखी थी। वरना हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे इस बात का ज्ञापन भी सौपा था। जिसके बाद प्रशासन ने हमसे वादा किया की चुनाव संपन्न होते ही इस सड़क का निर्माण हो जायेगा। मगर ऐसा होते नहीं दिख रहा हैं। हमारे ग्राम के लोग व विद्यार्थी इसी मार्ग से स्कूल सहित बाजार जाते हैं। वही मार्ग की हालत ऐसी हैं कि हम लोगों को आपातकालीन सेवा का लाभ भी सड़क की वजह से नहीं मिल पाता। ऐसी स्थिति में हम लोग तो लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग नहीं करेंगे।

### इनका कहना हैं

इस संबंध में दूरभाष पर चर्चा करते हुये अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री कामिनी ठाकुर ने पद्मेश को बताया कि वे फिलहाल भोपाल प्रवास पर हैं। मगर मेरे संज्ञान में यह सड़क का मामला हैं। में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराऊंगी। रही बात लोकसभा चुनाव में मत न देने का इस संबंध में भी उन्हे जानकारी दूंगी।

**सुश्री कामिनी ठाकुर**
**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व**

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा २०२४ के सफल संचालन और परीक्षा से संबंधित अगोपनीय सामग्री के वितरण के लिए नवोदय विद्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवोदय विद्यालय कार्यालय के सहयोग से सभी केन्द्राध्यक्षों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की अगोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया । तथा केंद्र स्तरीय प्रेक्षकों को फाइल में परीक्षा संबंधी आवश्यक कागजात उपलब्ध कराए गए । नवोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूनम राज शर्मा ने उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदाधिकारियों का औपचारिक स्वागत करते हुए २० जनवरी २०२४ को आयोजित होने वाली इस चयन परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक सहयोग करने की अपील की। परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया को इस तरह से कार्यान्वित किया जाए,जिसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना ना रहे । जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी बी आर पटेल ने बताया कि नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जिले के दस विकासखंडों में ४२ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं ,जिसमें कुल १२५७४ परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपस्थित केन्द्राध्यक्षों और केंद्र स्तरीय प्रेक्षकों को परीक्षा पूर्व की तैयारी,परीक्षा के दौरान की प्रक्रिया तथा परीक्षा के बाद तैयार किए जाने वाले पैकेटों से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दीं। श्री पटेल ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को संबंधित परीक्षा केंद्र पर सुबह १०.३० बजे उपस्थित होना है और यह चयन परीक्षा बिना किसी अंतराल के ११.३० बजे पूर्वाह्न से १.३० बजे अपराह्न तक होगी। किसी परीक्षा केंद्र में दिव्यांग परीक्षार्थी होने की स्थिति में उस परीक्षार्थी को



४० मिनट का अतिरिक्त समय दिए जाने का प्रावधान है। राष्ट्रीय बाल भवन नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय एकता समागम में जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी के द्वारा प्रस्तुत सामूहिक अहीर नृत्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर ए के उपाध्याय जिला शिक्षा अधिकारी ने उन विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित ४२ परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ,केंद्र स्तरीय प्रेक्षक,नवोदय विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अंकित उके का सहायक श्रम अधिकारी के पद पर हुआ चयन

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) ।खैरलांजी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम नवेगांव के छात्र अंकित पिता विजय उके का लोक सेवा आयोग में चयन होने पर रामपायली बस स्टैंड में उनका स्वागत किया गया। अंकित उके ने बताया कि उन्होंने अपनी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा रामपायली और खैरलांजी में पूर्ण की है।इसके पश्चात स्नातक के लिए इंदौर में तैयारी करने लगे २०१९ में लोक सेवा आयोग में उनका चयन हुआ और सहायक श्रम अधिकारी के पद पर वर्तमान में



ट्रेनिंग पीरियड में है । उनके शासकीय पद पर चयन होने पर रामपायली पहुंचने पर उनका उनके इष्ट मित्र परिजनों ने स्वागत ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया । उन्हें स्थानीय श्रीराम बालाजी मंदिर ले जाया गया जहां सभी देवी देवताओं का उन्होंने दर्शन लाभ लेकर अपने घर नवेगांव पहुंचे जहां पुन: उनके परिजनों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। अंकित उके ने बताया कि वह अपने चयन पर बहुत खुश है और देश सेवा करने के इस अवसर को वह पूरी निष्ठा ईमानदारी और अपने कर्तव्यों का दायित्व भली भांति निर्वहन करने में कभी कोई कोताही नहीं करेंगे । उनके माता पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद सदैव उन पर बना रहा है । इस दौरान रामपायली सरपंच संदीप बाघमारे ,राजेंद्र सिंह चौहान ,हारून अली, अंकित गोंदुडे ,आकाश मेश्राम ,डॉक्टर सुधीर राय ,राजुल सिंह चौहान सहित ग्राम वासी मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत एकोड़ी व जागपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) ।वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत एकोडी व जागपुर में विकसीत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल ने कहा की चार साल पूर्व जब वे केबिनेट मंत्री थे, तभी केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर हाईवे स्वीकृत कराया था। इस बडी सफलता में आज सिवनी से गोंदिया तक फोर लेन हाइवे का कार्य तीव्र गति से शुरू भी हो गया है। और यह फोरलेन हमारे क्षेत्र के ग्रामीण इलाको से जा रहा है। हम भले ही विधानसभा चुनाव चंद मतो से हार गये है किंतु हमने काम में कोई कमी नही की है कहीं से भी क्षेत्र को पीछे नही रखा है। इसी के साथ आप जागपुर के आम जनता ने भी चुनाव में अच्छे मतो का उपहार दिया है। इसके लिये वे आप सभी का धन्यवाद भी ज्ञापित करते है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल ने कहा की केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामो में और घरो में किस रूप में कितना पहुंचा है इसी की समीक्षा विकसीत भारत संकल्प यात्रा में की जा रही है। इस क्षेत्र से प्रदीप जायसवाल जी भले ही विधानसभा चुनाव में पराजित हुये है। किंतु भाजपा सरकार और उनकी नजर में आज भी वे विधायक के समान ही है। कार्यक्रम में नि:शुल्क रूप से ग्रामीण महिलाओं को जंहा उज्जवला गैस योजना के कनेक्शन प्रदान किये गये। वहीं लाडली लक्ष्मी, महिला समूहो को भी प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में अनेको विभागो के स्टाल में सबसे ज्यादा भीड स्वास्थ्य विभाग के स्टाल पर नजर भी आयी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल , किशोर अमूले, संतोष आडे, अमित येरपूडे, पुष्पकला बिसेन, कन्हैयालाल नगपुरे ,पीतम बिसेन,रोहिणी पप्पू ,मनोज हरिनखेडे,मिनाक्षी हरिनखेडे ,मोनिका राहुल मेश्राम,हेमलता चैहान ,राधेलाल भोयर, भोजलाल बिसेन, प्रताप बिसेन, श्यामलाल मसराम, रामू सहारे, हीरामन सहारे, अनिता बिसेन,कमलेश शरणागत सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# बलात्कार के प्रयास का आरोपी मंगलू कठौते को आजीवन कारावास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय की लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम २०१२ की अदालत के विशेष न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती के द्वारा बलात्कार का प्रयास करने वाले आरोपी मंगलू कठौता को आजीवन कारावास एवं १२०० रुपए के अर्थदंड से दंडित कर सजा सुनाई गई। नाबालिक की मां की रिपोर्ट के आधार पर थाना तिरोड़ी में आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद से यह प्रकरण वारासिवनी न्यायालय में विचारधीन था । जिसमें लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम २०१२ की




अदालत के विशेष न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती के द्वारा आरोपी मंगलू कठौते पिता सिम्मा कठौते उम्र ५३ वर्ष निवासी वार्ड नंबर ७ तिरोड़ी थाना तिरोड़ी जिला बालाघाट का अपराध सिध्द होने पर भादवी की धारा ३४२ के तहत १ वर्ष का कठोर कारावास एवं २०० रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम २०१२ की धारा ५ ६ सहपठित धारा १८ के अपराध में आजीवन कारावास जिसमें आधी अवधि के लिए कठिन कारावास एवं १००० रूपए का अर्थदंड से दण्डित किया गया। वहीं अर्थदंड की राशि अदा ना करने पर ५ माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतने का आदेश पारित कर दोनों सजाएं साथ साथ भुगताई जावें। अभियोजन की ओर से पैरवी शशिकांत पाटिल विशेष लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी के द्वारा की गई।

# श्रीराम मंदिर परिसर में की गई साफ-सफाई





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले सभी मंदिरों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाये जा रहे है। जिसमें नवांकुर और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर में बैठे छात्र छात्राओं के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर वारासिवनी में स्वच्छता कर मंदिर परिसर की साफ सफाई और धुलाई की गई।निरंजन बिसेन ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार २२ जनवरी तक सभी मंदिरों की साफ सफाई कर अनेकानेक धार्मिक आयोजन जैसे स्वच्छता ,साफ सफाई ,संवाद प्रतियोगिता ,व्याख्यान माला,कलश यात्रा, दीपदान, प्रभात फेरी के माध्यम से समाज में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए धार्मिक स्थलों पर सकारात्मक वातावरण बनाकर समाज के अन्य सामाजिक धार्मिक स्वैच्छिक संगठनों के लोगों को जोड़कर जन सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न करना है । इसी के तहत स्वच्छता कार्यक्रम श्री राम मंदिर परिसर से किया गया है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता निरंजन बिसेन , पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा बिसेन,सुरेंद्र कुमार भगत,सुनील जैन,सावित्री राणा ,लाकेश पारधी,शिवदयाल बोपचे , मिथलेश बुर्डे ,भेजेन्द्र चौधरी ,अशोक शुक्ला, दयाराम बिसेन , कुंजीलाल चौहान, जी ए पटले ,रीतेश चौधरी,संजू चौधरी,शैलेश भंवरे,सरिता सिंघई सहित नगर वासी उपस्थित रहे।

## सलाम पर शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध कायम

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) ।वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी सचिव गायत्री गोस्वामी के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित आवेदन पत्र देकर सलाम पिता मुस्तफा निवासी ग्राम कायदी के ऊपर शासकीय कार्य में बाधा पहुचाने एंव गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी गायत्री गोस्वामी ग्राम पंचायत कायदी में सचिव पद पर कार्यरत है। वह १८ जनवरी को पंचायत भवन में दोपहर २.३० बजे ग्राम पंचायत के कार्यालयीन कार्य कर रही थी। उसी दौरान कायदी निवासी सलाम पिता मुस्तफा के द्वारा कार्यालयिन कार्यो में बाधा डाली गई एंव दो बार टेबल पीटकर बाधा उत्पान करने के बाद गाली गलौच करते हुये सचिव को जान से मारने की धमकी दी गई एंव ग्राम पंचायत के रजिस्ट्रो को भी फाड दिया गया है। जिस पर प्रार्थी गायत्री गोस्वामी के द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में लिखित शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। जिसमें पुलिस के द्वारा सलाम पिता मुस्तफा के विरुध्द भादवि की धारा ३५३, २९४, ५०६ के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# शास.प्राथमिक शाला कोस्ते के जर्जर भवन को मिले डिस्मेलटींग करने का आदेश

## पंचायत ने एसडीएम व बीआरसी को दिया पूर्व समय आवेदन - कभी भी हो सकता हैं हादसा

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंर्तगत आने वाली ग्राम पंचायत कोस्ते के प्रांगण में कई वर्ष पूर्व बना शासकीय प्राथमिक शाला के जर्जर भवन को डिस्मेलटींग किये जाने की मांग की जा रही हैं। यह मांग ग्राम पंचायत की और से की गई हैं। जिन्होने बीआरसी व एसडीएम को बकायदा आवेदन दिया हैं। मगर ऐसा नहीं हो पा रहा हैं। ग्राम पंचायत की और से यह मांग इसलिये की गई है कि यह करीब ३० -४० वर्ष से ज्यादा समय की इमारत हैं। प्रांगण में ही प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल के अलावा आंगनबाड़ी का संचालन भी होता हैं। ऐसे में यह परिसर में ग्रामीणो सहित बच्चो की आवाजाही काफी तादाद में रहती हैं। जिसकी वजह से जर्जर भवन की दीवार या छज्जा न गिर जाये इन्ही सभी बातो को देखते हुये ग्राम पंचायत इस प्राथमिक स्कूल का डिस्मेलटींग कार्य करवाना चाहती हैं। इस संबंध में ग्रामीण बंटी राणा ने पद्मेश को बताया कि वे स्वयं इस स्कूल में पढ़े हैं। यह स्कूल की इमारत काफी पुरानी होने के साथ ही जर्जर अवस्था में हैं। पंचायत के परिसर में प्राथमिक शाला, आंगनबाड़ी भवन का नवीन निर्माण हो चुका हैं। ऐसे में इस पुरानी जर्जर इमारत को गिराकर इस परिसर में जहां एक और बच्चों को खेलने के लिये अधिक जगह मिलेगी वही किसी प्रकार का खतरा भी नही होगा। इस संबंध में सचिव कमल सिंह वल्के ने पद्मेश को बताया कि उन्होने पुराने प्राथमिक शाला की जर्जर इमारत को गिराये जाने कुछ समय पूर्व एसडीएम कार्यालय व



बीआरसी कार्यालय को बकायदा आवेदन दिया हैं। मगर पंचायत के द्वारा दिये गये आवेदन पर फिलहाल किसी प्रकार की कार्यवाही नही हुई हैं। हम यही चाहते हैं कि जो पंचायत का परिसर हैं उसमें इस तरह की जर्जर इमारत नहीं होना चाहिये। बच्चे लोग इसी इमारत के आसपास खेलते हैं। कभी कोई हादसा हो गया तो जनहानी हो सकती हैं। हम यही चाहते हैं कि शीघ्र ही एसडीएम व बीआरसी इस बात का जायजा लेकर इसके डिस्मेलटींग करने के आदेश हमारी पंचायत को दे।

खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# नन्हे-मुन्ने नागरिक


महामारी भारत के सबसे छोटे नागरिकों यानी बच्चों पर भारी गुजरी थी, लेकिन इसके असर के सही मायने अब सामने आ रहे हैं। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 'असर 2023 = बीयॉन्ड बेसिक्स' नाम से बुधवार को जारी की गयी। यह एक सर्वेक्षण है जिसे सिविल सोसाइटी संगठन 'प्रथम' ने 14 से 18 साल के ग्रामीण बच्चों के बीच किया है। इस रिपोर्ट में पाया गया कि इन बच्चों में आधे से ज्यादा ऐसे हैं जिन्हें उस बुनियादी गणित में मुश्किल पेश आयी, जिसमें उन्हें कक्षा 3 या 4 में माहिर हो जाना चाहिए था। चार सालों में पहली बार घरों में जाकर सर्वेक्षण हो पाया। इसे 26 राज्यों के 28 जिलों में किया गया और 34,745 छात्रों की बुनियादी स्तर की पठन व अंकगणितीय क्षमताओं का आकलन किया गया। इसमें कई अन्य निष्कर्ष भी सामने आये हैं। इस आयु वर्ग के 25 फीसदी से ज्यादा बच्चे अपनी मातृभाषा में कक्षा 2 के स्तर के पाठ नहीं पढ़ पाते; हालांकि, लड़के अंकगणित और अंग्रेजी पढ़ पाने के मामले में लड़कियों से बेहतर हैं। कुल मिलाकर, 14-18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में से 86.8 किसी न किसी शैक्षणिक संस्थान में नामांकित हैं, लेकिन उनके बड़े होने के साथ खामियां उभरने लगती हैं ङ्क 14 साल के 3.9 फीसदी बच्चे स्कूलों में नामांकित नहीं हैं, लेकिन 18 साल वालों के मामले में यह आंकड़ा 32.6 फीसदी तक पहुंच जाता है। इसके अलावा, कक्षा 11 और उसके ऊपर, ज्यादा छात्र मानविकी को ही चुनते हैं; लेकिन लड़कियों के विज्ञान के वर्ग में नामांकित (28.1त्र) होने की संभावना लड़कों की तुलना (36.3त्र) में और भी कम होती है, और व्यावसायिक प्रशिक्षण और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों को तो महज 5.6 फीसदी लड़कियों ने चुना है।

राष्ट्रीय स्तर पर 'प्राइवेट ट्यूशन' का सहारा लेने वाले बच्चों का अनुपात 2018 के 25 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी हो गया है। सर्वेक्षण में शामिल नौजवानों में से लगभग 90 फीसदी के पास स्मार्टफोन है और वे उसे इस्तेमाल करना जानते हैं, हालांकि बहुतों को 'ऑनलाइन सेफ्टी सेटिंग्स' के बारे में जानकारी नहीं है। इन रुझानों, खासकर पढ़ने और सरल अंकगणित हल करने में फिसड्डीपन, से यह अंदाजा मिलता है कि शिक्षा प्रणाली में क्या समस्या है और किन सुधारात्मक उपायों की जरूरत है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 कहती है कि 卐2025 तक प्राथमिक विद्यालयों में सार्वभौमिक बुनियादी साक्षरता और अंकगणितीय क्षमता हासिल करना卐 सर्वोच्च प्राथमिकता है। रिपोर्ट कहती है कि सभी राज्यों ने 'निपुण भारत मिशन' के तहत बुनियादी साक्षरता और अंकगणितीय क्षमता की दिशा में काफी कोशिश की है, लेकिन आंकड़े दिखाते हैं कि भारत जैसे विविधतापूर्ण और विशाल देश में अभी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है। बढ़ता नामांकन अच्छी चीज है, लेकिन अनिवार्य स्कूली शिक्षा (कक्षा 8) पूरी करने के बाद जो चीज छात्रों का इंतजार कर रही होती है, वह उतनी सुहावनी नहीं है ङ्क कई बार तो इसकी वजह बस यह होती है कि वे उच्च माध्यमिक स्तर के लिए निर्धारित महत्वाकांक्षी पाठ्यक्रम से पार पाने में सक्षम नहीं होते। शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009 ने शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित की हो सकती है, लेकिन कानून की सच्ची भावना के अनुरूप यह हर बच्चे को छू पाए उससे पहले बहुत से

# धर्म-अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती देती स्वार्थपूर्ण राजनीति

श्री राम जन्मभूमि मंदिर,अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन तथा भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र व राज्य की सरकारें इस आयोजन को न केवल राष्ट्रीय अपितु अभूतपूर्व व भव्य बनाने के लिये दिन रात काम कर रही हैं। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये 15 सदस्यीय ट्रस्ट, विशेषकर इस ट्रस्ट के भी निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले कुछ गिने चुने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय हैं या फिर स्वयं प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कार्यालय इस आयोजन की सीधी निगरानी कर रहा है। इस आयोजन में अरबों रुपये ख़र्च होने का अनुमान है। उधर धार्मिक अनुष्ठान कहे जाने वाले इस पूरे आयोजन में हमारे देश के चार प्रमुख शंकराचार्यों इस ऐतिहासिक व धार्मिक आयोजन पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुये इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वैसे तो ओडिशा के पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती,गुजरात में द्वारकाधाम में शारदा मठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती,उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा दक्षिण भारत के रामेश्वरम् में श्रृंगेरी मठ,के शंकराचार्य जगद्गुरु भारती तीर्थ सभी शंकराचार्यों ने सार्वजनिक तौर पर अपनी अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुये इसके कई अलग अलग कारण बताये हैं। परन्तु इनमें सबसे महत्वपूर्ण व विस्तृत साक्षात्कार बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सुप्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर को दिया गया।

क़ाबिले ग़ौर है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन व भारतीय जनता पार्टी राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान प्रायः कुंभ मेलों के दौरान या अन्य अवसरों पर देश के साधु संतों द्वारा आयोजित विशाल धर्म संसद को अपने मंदिर आंदोलन का न केवल अगुआकार बल्कि मंदिर निर्माण व आंदोलन सम्बन्धी सभी निर्णय लेने वाला संगठन बताती थी।मंदिर आंदोलन के दौरान अक्सर यह सुनाई देता था कि मंदिर या आंदोलन सम्बन्धी फ़ैसले संत समाज ही करेगा। परन्तु नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद तो गोया भाजपा व संघ ही न केवल देश बल्कि धर्म सम्बन्धी भी निर्णय अपनी इच्छा व राजनैतिक नफ़े नुक़सान के अनुसार लेने लगा। यहाँ तक कि चारों शंकराचार्यों के अनुसार



संतों से हिन्दू धर्म के सबसे प्रमुख आराध्य भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी किसी भी तरह की परिचर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा गया ? और जब इन्हीं शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त के समय को लेकर और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने को लेकर तमाम सवाल खड़े किये तो पेशेवर ट्रोलर्स व दरबारी मीडिया द्वारा इन्हीं सम्मानित शंकराचार्यों पर तरह तरह के लांछन लगाये जाने लगे ? यहाँ तक कि भगवान राम को लेकर संतों के सम्प्रदाय तक पर बहस छेड़ दी गयी? उनकी कारगुज़ारियों पर सवाल खड़े होने लगे ? उन्हें कांग्रेसी बताया जाने लगा ? यहां तक कि चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों के जवाब में फ़र्ज़ी शंकराचार्य व पीठाधीश्वर तक बयानबाज़ी के लिये उतार दिए गये ? किसी के पास शंकराचार्यों के इस सवाल का जवाब नहीं कि अधूरे मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कैसे हो सकती है ? शंकराचार्यों के अनुसार केवल मंदिर का गर्भगृह तैय्यार होने मात्र पर ही मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं की जा सकती।

ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तो 22 जनवरी की तिथि का मुहूर्त निकालने को ही चुनौती देते हुये कहते हैं कि देश में जितने भी पंचांग प्रकाशित होते हैं जिनमें पूरे वर्ष के शुभ मुहूर्त का उल्लेख होता है उनमें किसी ने भी 22 जनवरी की तिथि को विशिष्ट मुहूर्त के रूप में प्रकाशित नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया की काशी के एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी से यह कहा गया कि जनवरी माह में ही कोई शुभ मुहूर्त देखकर तिथि बतायें लिहाज़ा ज्योतिषी जी ने आज्ञा पालन किया। अब सवाल यह है कि मंदिर भी अधूरा , शुभ मुहूर्त भी ऐसा नहीं जिसे कहा जाये कि यह पांच सदियों से प्रतीक्षारत भगवन राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अति विशिष्ट मुहूर्त हो ? फिर आख़िर यह आयोजन पूर्णतः राजनैतिक आयोजन नहीं तो इसे क्या कहा जाये ? और जब शंकराचार्य जिन्हें बुलाया गया वे जा नहीं रहे और कुछ को बुलाया ही नहीं गया ,कोई कह रहे हम ताली बजाने के लिए नहीं जायेंगे , ऐसे में कांग्रेस,सोनिया गाँधी,खड़गे,अखिलेश या कम्युनिस्टों अथवा अन्य नेताओं के पीछे पड़ना या उन्हें राम विरोधी बताकर बिकाऊ मीडिया के हाथों उनके विरुद्ध मीडिया ट्रायल छेड़ना यह आख़िर कैसा लोकतंत्र कैसी राजनीति तो कैसा धर्म ?

भगवान राम के मंदिर का आयोजन वास्तव में ऐसा होना चाहिये कि न केवल सभी साधु संत बल्कि सभी धर्मों व समुदायों के लोग,सभी राजनैतिक व सामाजिक दलों के लोग भी ख़ुशी ख़ुशी इस पावन क्षण के साक्षी बनें उसके भागीदार बनें। बजाये इसके बहुमत के नशे में मदमस्त वर्तमान सत्ता ने इस ऐतिहासिक अवसर पर शंकराचार्यों तक को आदर सम्मान व अहमियत कुछ भी नहीं दिया। यदि राजनीति के चाणक्य इस बात पर ख़ुश होंगे कि इतिहास में यह लिखा जायेगा कि राम लला को कौन लाया था तो उसी इतिहास में साथ ही यह भी दर्ज होगा कि सत्ता के अहंकार व स्वार्थपूर्ण राजनैतिक परिस्थितियों में ही जब रामलला विराजमान हो रहे थे तो उनका भवन (मंदिर ) अधूरा था। और यह भी कि उनके आगमन के समय फ़िल्मी दुनिया के लोग,उद्योगपति,खिलाड़ी,नेता आदि तो उपस्थित थे परन्तु चारों शंकराचार्य विरोध स्वरूप अनुपस्थित थे। और यह भी कि अनेक राजनैतिक सामाजिक दलों ने इस आयोजन का बहिष्कार केवल इसलिए किया था कि इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बना दिया गया था। स्वयं शंकराचार्यों का अनुमान है कि अभी मंदिर को पूर्ण रूप से तैयार होने में एक वर्ष और लग सकता है। और यह भी कि भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये रामनवमी से अच्छा दिन व मुहूर्त और कौन सा हो सकता है ? परन्तु शंकराचार्यों की किसी आपत्ति या सुझाव पर विचार करने वाला कोई नहीं। उसके बाद भी राम राज स्थापना के दावे हास्यास्पद नहीं तो और क्या? इस तरह की सत्तापरक व स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य में धर्म,धर्माचार्यों,अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती भी दे सकती है।

**-निर्मल रानी**

# बुंदेलखंड के रामभक्त मुस्लिम कवि नवीबख़्श 'फ़लक'


22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर ने समूचे देश में धार्मिक एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की एक लहर दौड़ा दी है। सभी एक रंग में रंगे दिखाई पड़ रहे हैं और वह है श्रीरामलला का रंग। श्रीराम के प्रति भक्ति का धार्मिक सौहार्द बुंदेलखंड में हमेशा से रहा है। इस क्षेत्र में कई कवि ऐसे हुए जिन्होंने श्रीराम की भक्ति में कविताएं लिखीं धार्मिक सदभाव का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। कवि नबीबख़्श "फ़लक" भी एक ऐसे कवि हुए जिन्होंने श्री राम की भक्ति में अद्भुत रचनाएं लिखी हैं। वस्तुतः श्रीराम का रामत्व सभी को प्रभावित करता है।

नबीबख़्श "फ़लक" का जन्म सन् 1892 में दतिया में हुआ था। वे सांवले रंग के थे किन्तु उनके व्यक्तित्व में एक विशेष आकर्षण था। भैयालाल व्यास ने नबीबख़्श "फ़लक" का इन शब्दों में वर्णन किया है-"छबीला गोल मुखमण्डल, हंसती आंखें, मुसकुराते दांत, खसखसी खिचड़ी दाढ़ी और संवरी हुई मूंछें , औसत कद, अलीगढ़ी पायजामा, उसके ऊपर कालरदार सिलेटी रंग का कोट तथा सिर फर गहरी झब्बेदार लाल रंग की तुर्की टोपी पहनते थे।" भैयालाल व्यास द्वारा किए गए इस वर्णन को पढ़ कर नबीबख़्श "फ़लक" के बाह्य व्यक्तित्व को भली-भांति समझा जा सकता है किन्तु उनके बाहरी व्यक्तित्व से भी अधिक आकर्षक एवं असरदार था उनका आंतरिक व्यक्तित्व जो उनकी भक्ति-कविताओं के रूप में परिलक्षित है। नबीबख़्श "फ़लक" पक्के मुसलमान थे। खुदा की इबादत में वे रोज मस्जिद जाते थे। कुरान की आयतें पढ़ते थे। साथ ही वे मंदिर भी जाते थे और वेद तथा पुराण भी पढ़ते थे। वस्तुतः वे विचारों से एकेश्वरवादी थे। वे कुरान और पुराण में भेद नहीं करते थे। उन्होंने स्वयं अपनी एक कविता में लिखा है -

राम या रहीम का न भेद मान,<br>
मन्दिर में मस्जिद में रोज-रोज जाता हूं।<br>
आयतें कुरान की खुशी से पढ़ता हूं,<br>
वेद और पुरान के तथैव गीत गाता हूं।<br>
मेरे यहां काशी और काबा में न भेदभाव,<br>
साधुओं फकीरों में प्रसन्नता दिखाता हूं।<br>
हिन्दी की जुबान हिन्दी-उर्दू का<br>
गुमान मुझे,<br>
दतिया निवासी कवि 'फ़लक' कहाता हूं।।

"फलक" वे पंचवक्ता की नमाजी थे। किन्तु जब वे मंदिर में पहुंचते तो देवप्रतिमा के सामने ईश्वर की स्तुति करते। कवि सम्मेलनों का प्रारम्भ कवि "फलक" अपनी सरस्वती वंदना से कविसम्मेलन का श्रीगणेश किया करते थे। जब वे तन्मय हो कर सरस्वती वंदना करते तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता-

बुद्धि वरदानी, महारानी सुखखानी जग,<br>
उपमा न जानी वेद-भेद कह थाके हैं।<br>
घ्यावत रमेश, शेष धनद सुरेश आदि,<br>
गावत विमल गुन कवि नित ताके हैं।<br>
रिद्धि सिद्धि वैभव महान दान देन हारी,



कहत "फ़लक" सब फल मन साके है।<br>
काव्य रस रंजनि स्वभक्त भयभंजनि त्यों,<br>
वन्दनीय चरण सरोज शारदा के हैं।।

भगवान श्रीराम के जीवन एवं चरित्र से वे अत्यंत प्रभावित थे। उन्होंने श्रीराम की स्तुति में कई रचनाएं लिखीं जिनमें से एक है-

बंदेहुं श्रीराम को जीने वचन निभाय।<br>
राजपाट तिहुं छोड़ के वनजीवन<br>
अपनाय।।

श्रीराम के वनगमन का कवि फ़लक" ने अपनी कविता में बहुत मार्मिक वर्णन किया है। इन पंक्तियों में उस समय का दृश्य है जब श्रीराम, सीता और लक्ष्मण वन के लिए प्रस्थान कर रहे हैं और प्रजाजन विलाप करते हुए पुकार कर रही है कि कोई उन्हें वन जाने से रोक ले। पंक्तियां कुछ इस प्रकार हैं-

राम, लखन, सीय वन चले, रोकौ बनहिं न जाँय।<br>
कठिन भूमि कोमल चरन श्फलकश्<br>
परेंगे जाँय।<br>
अवधपुरी की दशा नेक तो विचार करो,<br>
आप बन रेहो यहाँ दुख बढ़ि जैहें नाथ।<br>
दसरथ वृद्ध राजभार को सम्हारिबे कों,<br>
कसे फिर चउदा बरस कड़ि पेहें नाथ।<br>
आपको निवास यहाँ सकल प्रजा की<br>
चाह,<br>
टेक निज राखिबे को सब अड़ि जैहें<br>
नाथ।<br>
कोमल चरन वन भूमि है कठोर महा,<br>
पायन में "फ़लक" तिहारे पड़ि जहें<br>
नाथ।

श्रीराम के प्रति समर्पित इन पंक्तियों को पढ़ कर भला कौन कह सकता है कि यह किसी पंचवक्ता नमाजी मुस्लिम कवि ने लिखीं हैं? वस्तुतः यही वह भारतीय चेतना है जो किसी भी धार्मिक विचारधारा पर आपसी भाईचारे की भावना को प्राथमिकता देती है। उनके इन विचारों को दृढ़ता प्रदान करने में उनके गुरु की शिक्षा का भी योगदान था। इस बात को "फ़लक" ने स्वीकार भी किया।

"फलक" गुरु-शिष्य परंपरा को महत्वपूर्ण मानते थे। कवि "फलक" की अपने गुरु के प्रति अपार श्रद्धा थी। वे गुरु को ज्ञान और ईश्वर की राह दिखाने वाला व्यक्ति कहते थे। उन्होंने अपने गुरु बलवीर सिंह के प्रति ये पंक्तियां लिखी थीं-"गुरुवर श्री बलवीर सिंह बन्दहुं बारम्बार। जासु कृपा-घन फलक सों बरसावत कृतिधार।" उनके समकालीन कवियों का कथन रहा कि कवि "फ़लक" कवि सम्मेलनों में जान डाल देते थे। लोग उनकी कविताएं सुनने दूर-दूर से आते थे। जबकि उनकी कविताएं हल्की अथवा स्तरहीन नहीं होती थीं। उनकी कविताओं में भाषाई सौंदर्य के साथ-साथ वैचारिक गरिमा भी होती थी जिसे सुन कर श्रोता आनन्दित होते थे। क्योंकि उनकी कवितां में आमजन के मन की बात होती थी, समानता की बात होती थी-

रंक राव सुकृती, अधी, कुटी-<br>
झोंपड़ी मौन।<br>
सपना है ये सब जगत अपना-पराया<br>
कौन?<br>
जैसे हैं अमीर जन, वैसे ही गरीब लोग,<br>
जैसे नर तैसे पशु, पापी है<br>
सारी एक माया है।<br>
कोई न पुरुष ना नपुंसक न जाया है।<br>
पापी है न कोई, परमात्मा न कोई कहीं,<br>
ना देवता न दानव है, दानवी न दैवी<br>
सृष्टि,<br>
मन्दिर न मस्जिद का रूप कहीं पाया है।<br>
विधि का बनाया यह जग, एक सपना<br>
है,<br>
कोई भी कहीं भी नहीं अपना पराया है।।

"फ़लक" की भक्ति रचनाओं में समर्पण के जो भाव प्रकट हुए हैं वे अद्भुत हैं। उनकी प्रार्थनाएं, उनकी विनती किसी भी पढ़ने अथवा सुनने वाले के हृदय को स्पर्श करने की क्षमता रखती है। एक उदाहरण देखिए-

दीनवन्धु अशरण शरण, प्रभुवर दीनानाथ<br>
।<br>
भव सागर सों तारिये, पकरि "फलक"<br>
को हाथ।।

58 वर्ष की आयु में सन् 1950 में फलक जी का देहावसान हुआ। उनके नश्वर शरीर ने भले ही उनका साथ छोड़ दिया किन्तु उनके सद्भावनापूर्ण विचार उनको सदा जीवित रखेंगे-

रामसिया की शरण में, हनुमत को<br>
संसार।<br>
मोको सोई देहु तुम, अपनी कृपा<br>
अपार।।

**- डॉ (सुश्री) शरद सिंह**

## प्रेरित मुकदमेबाजी

मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद का मुआयना करने के लिए एक आयुक्त नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अमल पर रोक लगाकर, सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों के जरिए पूजा स्थल की स्थिति में बदलाव लाने के एक संभावित कदम पर कुछ समय के लिए अंकुश लगा दिया है। शीर्ष अदालत ने यह पाने के बाद आयोग की नियुक्ति पर रोक लगा दी है कि इसकी मांग बिना किसी विशेष वजह के अस्पष्ट आधार पर की गई है। उसने एक हालिया उदाहरण को भी ध्यान में रखा जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि मुकदमे की संधार्यता को लेकर कोई सवाल उठने या मुकदमे का कानून द्वारा वर्जित होने की स्थिति में सिविल अदालतों को कोई अंतरिम राहत नहीं देनी चाहिए। शाही ईदगाह मस्जिद की प्रबंधन समिति ने देवता, भगवान श्री कृष्ण विराजमान और अन्य हिंदू उपासकों के नाम पर किए गए इस मुकदमे की संधार्यता पर इस आधार पर सवाल उठाया है कि यह मुकदमा पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम1991 द्वारा वर्जित है। यह अधिनियम किसी भी पूजा स्थल की 15 अगस्त, 1947 वाले धार्मिक चरित्र में बदलाव पर रोक लगाता है। यह पूजा स्थल की स्थिति को बदलने के मकसद से किए जाने वाले किसी नए मुकदमे पर भी रोक लगाता है। हिंदू भक्त दावा करते रहे हैं कि मथुरा के एक कृष्ण मंदिर के बगल में स्थित मस्जिद भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर अवस्थित है। मथुरा के इस मस्जिद से जुड़े कई मुकदमे लंबित हैं और इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निपटारे के लिए सभी मुकदमों को अपने पास स्थानांतरित कर लिया है। परिसर का मुआयना करने के लिए एक आयोग की नियुक्ति यह दिखाने की एक कवायद जान पड़ी कि वहां हिंदू मूल की स्थापत्य विशेषताएं और कलाकृतियां मिल सकती हैं।

## भाजपा की राम रेल के रस्ते में कौन बाधक ?

भारत जैसे महान देश में राजनीति के अलावा कुछ और नहीं हो रहा है। सत्तारूढ़ भाजपा ने देश में धर्म की राजनीति शुरू की तो उसके जबाब में इसी तरह की राजनीति दूसरे राजनीतक दलों ने भी शुरू कर दी। आज देश में हर राजनेता अपने आपको सबसे बड़ा धर्मप्रेमी बताने की होड़ में शामिल हो गया है ,लेकिन देश की सरहद पर मंडराते खतरों की परवाह किसी को नहीं है। कभी-कभी लगता है कि इस सबके पीछे कोई सोची-समझी साजिश तो नहीं है।

भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और फिर उसमें 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को राजनीति की सीढ़ी बनाया तो गठबंधनों की राजनीति से दूर रहने वाले बीजू जनता दल की ओडिशा सरकार ने पुरी में जय -जगन्नाथ परियोजना जनता के सामने परोस दी। दो दशक से अंगद के पैर की तरह सत्ता में बैठी बीजद ने ओडिशा की जनता को राम के जादू से बचाने के लिए भगवान जगन्नाथ को 800 करोड़ की परियोजना लाकर दी है। बीजद को आशंका है कि अपना साम्राज्य बढ़ाने के लिए देशव्यापी रामधुन कर रही भाजपा लोकसभा चुनाव में इस बार खेला करने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकती है। लोकसभा को ओडिशा 21 सीटें देता है। अभी यहां से बीजद के पास 12 सीटें हैं। भाजपा ने बीजद की जमीन खिसकाने के लिए इस बार न केवल ओडिशा से श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर राज्य के आदिवासियों को मोहित करने की कोशिश की है बल्कि अपना आधार बढ़ाने के लिए दूसरे साम,दाम,धनद और भेद को भी अपनाया है।

भाजपा की राम रेल को आगे बढ़ने से रोकने के लिए 42 सीटों वाला बंगाल भी घेराबंदी कर रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री 22 जनवरी को सम्प्रति यात्रा निकाल रहीं हैं। इस यात्रा को रोकने के लिए भाजपा समर्थक हाईकोर्ट तक गए लेकिन कोर्ट ने इस यात्रा को रोकने से इंकार कर दिया।भाजपा के देशव्यापी अखंड साम्राज्य की स्थापना में बंगाल और यहां की सरकार सबसे बड़ी बाधा है। पिछले आम चुनाव में भाजपा को बंगाल ने लोकसभा की 18 सीटें दी थीं। मोदी और भाजपा के निशाने पर बंगाल के बाद महाराष्ट्र आता है। यहां पिछले चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने 41 सीटें जीतीं थी। इस बार यहां भाजपा की पुरानी सहयोगी शिवसेना हालाँकि दो फाड़ हो चुकी है लेकिन आईएनडीआईए गठबंधन पहले के मुकाबले ज्यादा मजबूत और आक्रामक दिखाई दे रहा है ,इसलिए भाजपा को महाराष्ट्र में अपनी 41 सीटों को बचाये रखने के लिए एड़ी-छोटी का जोर लगना पड़ रहा है। खुद प्रधानमंत्री जी ने महाराष्ट्र की कमान सम्हाल ली है। वे लगातार महारष्ट्र के चुनावी दौरे कर वहां योजनाओं की बरसात कर रहे हैं। यहाँ भी राम रेल के लिए रास्ता साफ़ नजर नहीं आ रहा है।

भाजपा की राम रेल इस बार बिहार में भी अटकती दिखाई दे रही है क्योंकि इस बार लोकसभा चुनाव के समय बिहार में जनता दल[ यू ] राजद के साथ है। पिछले चुनाव में जेडीयू के साथ चुनाव लड़ी भाजपा को यहां से 17 और जेडीयू ने 16 सीटें जीतीं थीं। कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। राजद को एक भी सीट नहीं मिली थी। इस बार अभी तक जेडीयू,राजद और कांग्रेस एक साथ हैं। 22 जनवरी के बाद भी यदि जेडीयू ने पाला न बदला तो भाजपा को अपनी 17 सीटें बचा पाना सम्भव नहीं होगा। इसलिए भाजपा अभी भी जेडीयू के नीतीश कुमार को तोड़ने में लगी हुई है। नीतीश का रुख भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

असली बात ये है कि भारत में अगला चुनाव क्या भगवानों के सहारे धर्म के मुद्दे पर ही लड़ा जायेगा। इसमें जनता के मुद्दों को कोई जगह नहीं होगी ? देश को तिरंगे से ज्यादा भगवा ध्वजों से आच्छादित कर देश की फिजा बदली जाएगी ? क्या देश की राजनीती में जप-तप का असर बढ़ेगा ? या फिर सत्तारूढ़ भाजपा जमीन खिसकते हुए देखकर ईरान की ही तरह अपने पड़ौसी पाकिस्तान के खिलाफ कोई स्ट्राइक कर देशप्रेम का नया ज्वर पैदा करेगी? कुल मिलाकर भारत के लोकतंत्र के लिए लक्षण शुभ नहीं दिखाई दे रहे हैं। देश में धर्म और लोकतंत्र,धर्म और धर्म निरपेक्षता आमने-सामने है। जनता भर्मित की जा चुकी है। उसे समझ नहीं आ रहा है कि उसे आभासी राम राज की और जाना चाहिए या वास्तविक धर्मनिरपेक्षता की और? राम राज का अर्थ अयोध्या वाले राम के राज से नहीं बल्कि एक भ्र्ष्टाचार,भाई-भतीजावाद और धर्मनिरपेक्ष शासन व्यवस्था से है। धर्म का नशा ज्यादा देर नहीं टिकता,क्योंकि आदमी को नशे के बाद भी भूख तो लगती ही है।

**राकेश अचल**

## 'सत्तापीठ' के शंकराचार्य सब पर भारी.... !

वैसे तो भारत में पुरातनकाल से हिन्दु धर्म के अनुयायियों के शंकराचार्यों की चार ही पीठे है, किंतु इन दिनों एक नई 'सर्वधर्म शंकराचार्य' की नई पांचवी पीठ कायम की गई है, जिसके अधिपति सर्वधर्म शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्र भाई मोदी जी है, जो राजनीति और धर्म के बीच न सिर्फ समन्वयक बनाकर रखते है, बल्कि सभी धर्मों के कुशल प्रवचनकर्ता भी है, अब ये पांचवें शंकराचार्य जी पुराने चार शंकराचार्यों को दर किनार कर अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का लोकापर्ण करने वाले है, करीब एक सौ पैंसठ वर्षों से प्रतीक्षित इस राम मंदिर के लिए कई वर्षों से राजनीतिक व धार्मिक संघर्ष जारी थे, जिसका प्रतिफल अब सामने आ रहा है, इस धार्मिक स्थल के लोकापर्ण समारोह का न सिर्फ चारों शंकराचार्यों बल्कि राजनीति के भी धुरंधर शंकराचार्यों ने बहिष्कार करने का फैसला लिया है, इसलिए इस शुभ अवसर पर पांचवें राजनीतिक शंकराचार्य जी के साथ उनके अनुयायी ही उपस्थित रहेगें। भारत के इन पांचवें शंकराचार्य जी का सम्बंध किसी धर्म विशेष से नहीं है, बल्कि ये सर्वधर्म सम्मत शंकराचार्य है, जो कभी दक्षिण भारत में ईसाईयों के धर्मस्थलों पर शीश झुकाते है तो कभी बौद्ध मठों या मस्जिदों में, इसलिए अब तक आजादी के बाद के पचहत्तर वर्षों में ये अकेले ऐसे राजनेता है, जिनकी राजनीति व धर्म के प्रति समान आस्था है, जो इनके स्थायित्व का मुख्य आधार ये बनाने का प्रयास कर रहे है। इसीलिए एक शंकराचार्य जी ने इन्हें किसी देवता का अवतार तक कह डाला है, अब ये क्या है? ये तो ये स्वयं जाने, किंतु यह सही है, पिछले पचहत्तर सालों में ये पहले ऐसे राजनीतिक शंकराचार्य प्रकट हुए है जिनके प्रति सभी की गहरी आस्था है। आज यदि हम मौजूदा धार्मिक व राजनीतिक हालातों की निष्पक्ष समीक्षा करें तो यह तथ्य सामने आता है कि यदि यह 2024 का चुनावी वर्ष न होता तो किसी को भी मौजूदा हालातों से दो-चार नहीं होना पडता, क्योंकि आज ये पांचवें राजनीतिक शंकराचार्य जो भी कर रहे है, वह सिर्फ उनकी 'वोट बैंक' विद्या का ही कमाल है, वे अपने कार्यों से भरसक प्रयास करते है कि मतदाता का कोई भी वर्ग उनके कार्यों से निराश या अप्रसन्न न हो, वे हर किसी को प्रसन्न रखने का प्रयास करते है, इसलिए इन पर कभी-कभी अंग्रेजी की एक कहावत "डोंट ट्रॉय टू प्लीज एवरी वन" (हर एक को खुश रखने का प्रयास न करों) लागू हो जाती है और हर बार कोई न कोई वर्ग अपनी अप्रसन्नता जाहिर कर देता है।

## इन्दौर सराफा बाजार -

इन्दौर। शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा अपेक्षाकृत कम ही रही। दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी पर रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

चाँदी (9999) 72800, चाँदी (99) 72700, टंच 71900, सिक्का 825, सोना 10 ग्राम 63700,

## इन्दौर बाजार भाव -

इन्दौर। लेवाली के चलते शुक्रवार को दलहनों में तुअर सुधार पर रही। चने में मजबूती रही। खाद्य तेलों में बाजार सुधार पर रहे। तिलहनों में टिकाव देखा गया। किराना जिंसों में शक्कर में सुस्ती रही, हल्दी में सुधार रहा।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में आवकें ठंडी रहने से बाजार सुर्खी पर रहे। तुअर दाल में भी तेजी देखी गयी। चने में बाजार 5700 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत देखे गये। खाद्य तेलों में बाजार सुधार पर बने रहे। तिलहनों में कामकाज की मात्रा कम ही रही। उधर, किराना जिंसों में शक्कर में सुस्ती रही। हल्दी में बाजार सुधार के देखे गये। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना** :- शक्कर 3850-3890, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2450-4250 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 460-480, ऊंझा हल्का 475-500, बेस्ट 580-600, हल्दी निजामाबाद 170-195, सांगली 260-265, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 95-125, मीडियम 175-225, बेस्ट 225-250, सौंफ बारि?क 350-400, बेस्ट 450, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 675-690, गरबल 635-655, मटर दाना 700-715, खसखस अनक्लीन 600-1000, क्लीन 1200-1250, दालचीनी 240-245, बेस्ट 250-260, जायफल 580-650, बेस्ट 700, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 85-90, पत्थर फूल 325-375, बेस्ट 450-525, जावत्री 1900-1950, केसर 145-190, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 810-850, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1400-1550, मीडियम 1650-1750, बोल्ड 1900-1950, एक्ट्रा बोल्ड 2150-2400, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1050-1150, बेस्ट 1200-1450, तरबूज मगज 860-900, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 600-650, सिंगापुरी 600-620, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 375-475, बेस्ट 500-550, इंडियन 190-200, बेस्ट 240-260, चारौली 1200, बेस्ट 1250, मुनक्का 475-725, बेस्ट 775-850, अंजीर 675-1250, मखाना 650-950, खारक 90-110, मीडियम 115-150, बेस्ट 160-175, एक्ट्रा बेस्ट 180-200, पिस्ता मोटा 1675-1725, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1610-1620, मैदा कट्टा 1630-1640, रवा कट्टा 1690-1700, बेसन 3800 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1450-1500, (160) 1500-1550, (200) 1650-1700, (250) 1800-1850

**तेल** :- सींगदाना 1570-1590, मुम्बई 1580, राजकोट तेलिया 2460, सोया साल्वेंट 860-865, सोया रिफाइंड 910-915, कपास्या 825, धूलिया 830, कड़ी 830,

**रात की धारणा** :- गुजरात लुज 1530, मुम्बई पाम 852, मुम्बई सोया 910,

**खली** :- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1700, देवास-उज्जैन 1700, खंडवा-बुरहानपुर 1675, अकोला 2700 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** :- सरसो 6300-6500, रायडा 4800-5000, सोयाबीन 4700-4750, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** :- चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5725, एवरेज 5550-5600, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6100-6125, एवरेज 5900-6000, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9200-9300, चमकी 9400-9500, नायलोन 9500-9600, तुअर निमाड़ी बेस्ट 9700-9800, एवरेज 9200-9300, हल्की 8700-9000, तुअर महाराष्ट्र 9900-10200, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8500-8600, हल्की 8000-8100, शंकर 8200-8500,

**दाल** :- चना दाल एवरेज 7400-7500, मीडियम 7600-7700, बेस्ट 7800-7900, तुअर दाल सवा नं. 12500-12600, तुअर दाल फूल 13900-14000, तुअर दाल बोल्ड 15000-15100, मसूर दाल एवरेज 7400-7500, बेस्ट 7600-7700, मूंग दाल 10200-10300, बोल्ड 10400-10500, मूंग मोगर 10700-10800, बोल्ड 10900-10000, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11200, बोल्ड 11300-11400,

**अनाज** :- गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 300, उज्जैन 240, रतलाम 230 रू. प्रति किलो।

## इंडसइंड बैंक ने तीसरी तिमाही में 17.3 फीसदी का नेट मुनाफा कमाया

मुंबई। इंडसइंड बैंक ने तीसरी तिमाही के रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। इंडसइंड बैंक ने बताया कि 2,297.8 करोड़ रुपये के साथ बैंक ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 17.3 फीसदी का नेट मुनाफा हुआ है। पिछले साल की समान तिमाही में बैंक को 1,959.2 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में कर्ज 20 प्रतिशत बढ़कर 3,27,057 करोड़ रुपये हो गया, जबकि जमा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। तिमाही के लिए नेट ब्याज आय 18 प्रतिशत बढ़कर 5,296 करोड़ रुपये हो गई।

चालू वित्तवर्ष की तीसरी तिमाही में इंडसइंड बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (जीएनपीए) घटकर कुल कर्ज का 1.92 फीसदी रह गया।

## आज का राशिफल

**मेष राशि**- कॉफी पीना छोड़ दें, खास तौर पर दिल के मरीज। आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे- जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। आप दोस्तों के साथ बेहतरीन वक्त बिताएंगे, लेकिन गाड़ी चलाते वक्त ज्यादा सावधानी बरतें। आपका प्रिय आपको खुश रखने के लिए कुछ खास करेगा।

**वृषभ राशि**- मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। जीवन के बुरे दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करें नहीं तो आपको दिक्कतें हो सकती हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा।

**मिथुन राशि**- दबी हुई समस्याएँ फिर से उभरकर आपको मानसिक तनाव दे सकती हैं। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। यह वक्त इस बात को समझने का है कि गुस्सा छोटा-पागलपन है और यह आपको बारी नुकसान की तरफ धकेल सकता है।

**कर्क राशि**- आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। यदि शादीशुदा हैं तो आज अपने बच्चों का विशेष ख्याल रखें क्योंकि यदि आप ऐसा नहीं करते तो उनकी तबीयत बिगड़ सकती है और आपको उनके स्वास्थ्य पर काफी पैसा खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह राशि**- आपकी उम्मीद एक महक से भरे हुए खूबसूरत फूल की तरह खिलेगी। आकस्मिक मुनाफे या सट्टेबाड़ी के जरिए आर्थिक हालात सुदृढ़ होंगे। अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**कन्या राशि**- प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए खुद को प्रोत्साहित करें। एक बार ये गुण आपके अंदर रच-बस जाएँ, तो हर हालात में वे खुद ही सकारात्मक तरीके से उभर आएंगे। दिन बहुत लाभदायक नहीं है- इसलिए अपनी जेब पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा चर्चा न करें।

**तुला राशि**- अच्छी चीजों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग खुला रहेगा। अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। आपको अपनी भावनाओं को नियन्त्रित करने में कठिनाई होगी, लेकिन आस-पास के लोगों से झगड़ा न करें नहीं तो आप अकेले रह जाएंगे।

**वृश्चिक राशि**- कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा। अगर आप घर से बाहर रहकर जॉब या पढ़ाई करते हैं तो ऐसे लोगों से दूर रहना सीखें जो आपका धन और समय बर्बाद करते हैं।

**धनु राशि**- बहुत-कुछ आपके कंधों पर टिका हुआ है और फैसले लेने के लिए स्पष्ट सोच जरूरी है। आज यदि आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा रहे हैं तो पैसा सोच समझकर खर्च करें। धन हानि हो सकती है। जीवनसाथी आपको धूम्रपान की लत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करेगा।

**मकर राशि**- अपनी बीमारी के बारे में चर्चा करने से बचें। खराब तबियत से ध्यान हटाने के लिए कोई और दिलचस्प काम करें। क्योंकि इस बारे में आप जितनी ज्यादा बातें करेंगे, उतनी ही ज्यादा तकलीफ आपको होगी। माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे।

**कुंभ राशि**- कुछ लोग सोच सकते हैं कि आप नया सीखने के लिए काड़ी उम्रदराडज हो चुके हैं- लेकिन यह सच्चाई से बहुत दूर है- आप अपने तेज और सक्रिय दिमाग की वजह से कुछ भी आसानी से सीख सकते हैं। जो लोग अब तक पैसे को बेवजह खर्च कर रहे थे आज उन्हें समझ आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है क्योंकि आज अचानक आपको पैसे की जरुरत पड़ेगी और आपके पास पर्याप्त धन नहीं होगा।

**मीन राशि**- अपने ऊँचे आत्मविश्वास का आज सही इस्तेमाल करें। भागदौड़ भरे दिन के बावजूद आप फिर ऊर्जा और ताजगी पाने में कामयाब रहेंगे। हालाँकि धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे। शाम का वक्त दोस्तों के साथ मौज-मस्ती के लिए अच्छा है, साथ ही छुट्टियों के लिए योजना भी बन सकती है।

## शब्दजाल - 7425

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | मू | ल्य | वा | न | ग | ल | द्य |
| रा | वि | प | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | भा |
| चु | मे | ष | ह | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ग्य |
| इं | को | ब | न | ल | वा | स | थु | ल | ष | वा |
| डि | च | मी | भ | ग | वा | न | क्रो | न | भ | न |
| य | वा | न | र | रा | क | न | ती | ण | य | र |
| द | न | र्निं | ग | ट्रे | न | र | स | सा | श | स |
| क | ह | ऊ | द | द | ब | क | फ | ग | वा | क |
| रा | म | तु | ला | या | म | प | क | वा | न | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | वा | कुं | भ | न | प | द |
| ज्ञा | न | वा | न | या | क | न | व्य | ब | त | म |

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वान' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.


कोचवान, भगवान, मूल्यवान, पकवान, यशवान, ज्ञानवान, भाग्यवान, दयावान, सागवान, पहलवान

### शब्दजाल - 7424 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | का | र्या | ल | य | द | मं | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | त्रा | द | इ | ता | ली |
| गि | सू | शे | ल | बा | छ | ल | ता | रा | क | क |
| री | ज | च | दो | दे | ज | य | ह | न | त | चि |
| मे | खु | दो | ना | वा | लं | का | म | ग | व | कि |
| घा | द | ल | प | ल | ख | पू | ना | हि | र | त्सा |
| ल | लो | म | ड़ी | य | य | र | शौ | र | र | ल |
| य | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | चा | लो | श | य |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | न्या | या | ल | य | प | क |
| तें | भो | ज | ना | ल | य | र्त | य | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | वि | द्या | ल | य | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6369



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, शशि, नीतू की 'एक रास्ता है जिंदगी' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'ये नैन डरे डरे' गीत वाली विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
६. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली सनी, तब्बू, रीमासेन की फिल्म-३
९. संजयदत्त, पूजा भट्ट की 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'कुछ लोग मुहब्बत करके' गीत वाली राजीव कपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१२. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की जोड़ी वाली पहली फिल्म-२
१४. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानसी की फिल्म-२
१६. आमिर खान, माधुरी की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत' गीत वाली राकेश रोशन, बिंदिया की फिल्म-२,२
१८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मैंने कहा फूलों से' गीत वाली फिल्म-२
१९. सनी देओल, सुनील शेट्टी, अजय जडेजा, सेलिना जेटली की फिल्म-२
२०. 'डकैत' में मीनाक्षी का नायक?-२
२२. फिल्म 'परिंदा' में 'अन्ना' के चरित्र की भूमिका किसने की थी?-२
२३. अमिताभ, जीनत की 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'बीती ना बिताई रैना' गीत वाली जीतेंद्र, जया भादुड़ी की फिल्म-४
२७. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
३१. संजीव कुमार, राखी की 'मन मेरा तुझको मांगे' गीत वाली फिल्म-३
३२. 'तारे हैं बाराती' गीत वाली अनिल कपूर, तब्बू की फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कितना प्यारा वादा' गीत वाली फिल्म-३
२. सुनील, किशोर सायरा की फिल्म-४
३. सुनील शेट्टी, करिश्मा, रवीना, सोनाली की 'सुंदरा सुंदरा' गीत वाली फिल्म-३
४. 'देखा तुझे तो' गीत वाली फिल्म जिसमें शाहरूख ने गूँगे की भूमिका की थी-३
५. 'नजरें मिलीं दिल धड़का' गीत वाली संजयकपूर, माधुरी की फिल्म-२
८. अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'कभी मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
११. 'अबके बरस ये हाल है' गीत किस म्यूजिक एलबम का है-२
१२. विश्वजीत, माला सिन्हा की 'मिजाजे गिरामी दुआ है' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'टक टका टक' गीत वाली संजय कपूर, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-३
१५. ऋषि, सनी, मीनाक्षी की 'बिन साजन झूला झूलूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शोला और शबनम' की नायिका-२
१७. जैकी श्राफ, संजयदत्त, माधुरी की 'पालकी में होके सवार' गीत वाली फिल्म-५
२०. संजय, विवेकमुशरान, मनीषा की फिल्म-३
२१. जीतेंद्र, नंदा की 'देखते ही तुझे मेरे दिलने कहा' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'सजना साथ निभाना' गीत वाली राजेश खन्ना, बबीता की फिल्म-२
२६. लक्की अली, गौरी कार्णिक की फिल्म-२
२८. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीतवाली फिल्म-३
३०. मिलिंद, राहुल देव, नतान्या सिंह की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6368

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | क | रि | श्ता | ■ | जा | न | की | बा | जी |
| क | ■ | श्ते | ■ | आ | न | ■ | र्ति | ■ | व |
| बे | टा | ■ | ल | ■ | व | ध | ■ | कौ | न |
| चा | ■ | अ | व | ता | र | ■ | माँ | ■ | यु |
| रा | जा | जी | ■ | ल | ■ | रा | ■ | यु | द्ध |
| ■ | नू | त | न | ■ | स | नी | ■ | गां | ■ |
| क | ■ | ■ | म | ह | ल | ■ | अ | ध | र्म |
| वि | ना | श | क | ■ | मा | या | ■ | र | ■ |
| ता | ■ | र्मि | ■ | शा | ■ | रा | ज | ■ | धुं |
| ■ | मे | ला | ■ | दी | वा | ना | ■ | क्रो | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | मकर | 06.24 बजे से |
| चंद्र | मेष में | कुंभ | 08.14 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 09.46 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 11.17 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 12.57 बजे से |
| शुक्र | धनु में | मिथुन | 14.55 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 17.09 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 19.25 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 21.37 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 23.47 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | वृश्चिक | 02.02 ब.से |
| बजे तक | | धनु | 04.18 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 20 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** दशमी 19.27 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 03.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** शुभ 11.06 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 07.36 बजे तदनन्तर गर 19.27 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 8.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871864
**जूलियन दिन** 2460329.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रज्जब **तारीख** 08
**विशेष** मासिक कार्तिगई।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सौंदर्य की खोज

एक व्यक्ति हमेशा परेशान और उद्विग्न सा रहता था। उसकी परेशानी मानसिक थी। उसे सर्वोत्तम सौंदर्य की तलाश थी। एक दिन उसने बिना कुछ कहे-सुने चुपचाप घर छोड़ दिया। वह इधर-उधर भटकता रहता और अपने प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास करता रहता। इसी तरह बहुत समय बीत गया। एक दिन वह किसी जंगल से गुजर रहा था। वहां उसने एक तपस्वी को साधना करते पाया। वह वहीं ठहर गया। तपस्वी का ध्यान टूटने पर व्यक्ति ने उससे पूछा, 'सर्वोत्तम सौंदर्य क्या है?' तपस्वी का उत्तर था, 'श्रद्धा ही सबसे सुंदर है, जो मिट्टी को भी भगवान बना देती है।' व्यक्ति संतुष्ट नहीं हुआ। यात्रा के अगले पड़ाव पर उसे एक गुणी सज्जन मिले। उसने अपना यह प्रश्न उनके समक्ष रखा तो वह बोले, 'प्रेम ही सर्वोत्तम सौंदर्य है। प्रेम न हो, तो जीवन की सुंदरता को कुरूपता में बदलते देर नहीं लगती।' व्यक्ति फिर भी संतुष्ट नहीं हुआ। आगे चलकर उसे युद्ध से लौटता सैनिक मिला। सैनिक से पूछने पर उसका उत्तर था, 'शांति ही सर्वोत्तम सौंदर्य हैं क्योंकि संघर्ष की भयानक विनाशलीला मैं स्वयं देखकर आ रहा हूं।' व्यक्ति अब भी संतुष्ट नहीं था और निराश होकर घर लौट आया। घर के सभी लोग उसकी प्रतीक्षा में व्याकुल हो रहे थे। दुखी पत्नी, और आंसू बहाते अपने बच्चों से मिलकर उस व्यक्ति को अपार सुख का अनुभव हुआ। उसने महसूस किया कि आत्मीयता, स्नेह और श्रद्धा का मिला-जुला सौंदर्य तो घर में ही था और वह व्यर्थ इन्हें बाहर खोजने का प्रयास कर रहा था। घर अपने आप में सभी सौंदर्य को समेटे हुए है।

## सूडोकु नवताल- 6678

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6677 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 7893



**बाएँ से दाएँ**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी -3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### शब्द पहेली -7892 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ज | र | त | ■ | क | र | त | ब |
| र | न | ■ | र | म | ल | ■ | था | ह |
| द | ■ | ■ | ल | ■ | म | त | ■ | ला |
| म | हा | न | ■ | म | ना | क | र | ना |
| ■ | ■ | र | ■ | ना | ■ | रा | ■ | ■ |
| हा | थ | मा | र | ना | ■ | र | स | द |
| स | ■ | ई | ख | ■ | र | ■ | ■ | ल |
| नि | त | ■ | वा | द | क | ■ | क | द |
| क | र | ब | ला | ■ | म | ल | म | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद

मुम्बई। मुम्बई शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त पर बंद हुआ। इसी के साथ ही गत तीन कारोबारी सत्र से जारी गिरावट रुक गयी। वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे के साथ ही वित्तीय और आईटी शेयरों में जमकर खरीददारी से बाजार ऊपर आया हालांकि एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकिंग शेयरों की गिरावट ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगा दिया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स तकरीबन 0.70 फीसदी की बढ़त के साथ ही 71,683.23 के स्तन पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 0.75 फीसदी तकरीबन 160.15 अंक बढ़कर 21,622.40 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल के शेयर आज बीएसई में इंट्रा डे कारोबार में 5 फीसदी बढ़कर 1,136 रुपये तक पहुंच गये। इसके साथ ही टाइटन, एक्सिस बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, इंफोसिस और आईटीसी समेत एचसीएल टेक के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर बैंकिंग शेयरों में आज भी गिरावट आई। आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक को छोड़कर बीएसई सेंसेक्स में शामिल इंडसइंड बैंक, स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक के शेयरों में गिरावट रही। एचडीएफसी बैंक शेयर 1.08 फीसदी करीब 16.10 रुपये नीचे आकर 1470.70 पर बंद हुए। दूसरी ओर अमेरिकी शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। नैस्डैक 1.35 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। डॉव और एसएंडपी 500 भी 0.54 और 0.88 फीसदी ऊपर आये। इसके अलावा यूरोपीय बाजार भी बढ़त रही।

इससे पहले आज सुबह दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों से घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 600 अंक ऊपर आकर 71,786 पर और एनएसई निफ्टी 148 अंक बढ़कर 21,600 पर पहुंच गया। वहीं टेक एम, विप्रो, एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और अल्ट्राटेक के शेयरों में 1-2 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा निफ्टी में कोल इंडिया के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही।

## पेप्सिको ने जागृत कोटेचा को बनाया अपना नया सीईओ

नई दिल्ली। खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको ने भारत में नए नेतृत्व की घोषणा कर दी है। कंपनी ने जागृत कोटेचा को मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में भारतीय कारोबार का नेतृत्व करेंगे, जबकि अहमद अल शेख पश्चिम एशिया व्यापार इकाई का प्रभार संभालेंगे। पेप्सिको की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, कोटेचा अफ्रीका, मध्य-पूर्व और दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी हैं। वह अहमद अल शेख का स्थान लेंगे। बयान के अनुसार नेतृत्व में यह बदलाव पेप्सिको के दूरदर्शी वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। एएमईएसए में नेतृत्व स्तर पर बदलाव की जानकारी भारतीय कार्यालय के कर्मचारियों को दी गई। पेप्सिको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (अफ्रीका, पश्चिम एशिया एवं दक्षिण एशिया) यूजीन विलेम्सन ने कहा कि भारत कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है, जो हमारी वैश्विक रणनीति में अहम भूमिका निभा रहा है।

# शेयर बाजार में अवकाश के दिन भी ट्रेडिंग....जाने क्यों

## -स्टॉक एक्सचेंज-बीएसई और एनएसई ने जारी किया था सर्कुलर

मुंबई। शेयर बाजार में शनिवार को भी स्पेशल ट्रेडिंग होगी। बता दें कि शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश होता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।

बीते दिनों स्टॉक एक्सचेंज-बीएसई और एनएसई की ओर से एक सर्कुलर जारी किया गया था। सर्कुलर के मुताबिक डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित होगा। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा। वहीं, दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा।

दरअसल, ट्रेडिंग सेशन के द्वारा देखा जाएगा कि इमरजेंसी के हालात में सर्वर की कैपिबिलिटी कितनी है। इसके तहत स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल होगा। स्टॉक एक्सचेंजों का मकसद है कि विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखी जा सके। मान लो किसी साइबर अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य परिस्थितियों में ट्रेडिंग को डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी और ट्रेडिंग भी सुचारू रूप से चलता रहेगा।

सर्कुलर के मुताबिक शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा। इसकी टाइमिंग कुछ ऐसी होगी-

सुबह 9:00 बजे से 9:08 बजे तक प्री-ओपन सत्र होगा।

इसके बाद सामान्य बाजार सुबह 9:15 बजे खुलेगा और 10:00 बजे बंद हो जाएगा। इस दौरान ट्रेडिंग प्राइमरी वेबसाइट पर होगी।

दूसरा सेशन डीआर साइट पर


-प्री-ओपन सेशन सुबह 11:15 बजे शुरू होगा और यह 11:30 बजे समाप्त होगा।

-सामान्य बाजार सुबह 11:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे बंद होगा।

-क्लोजिंग सेशन दोपहर 12:40 बजे से 12:50 बजे तक होगा।

-बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई की भी ट्रेडिंग टाइमिंग यही होगी।

# धान परिवहन में लगा ट्रक लुढ़कते हुए रहवासी मकान में जा घुसा





लांजी (पद्मेश न्यूज)। धान उपार्जन केन्द्रों से लगातार धान के परिवहन जारी है जिसके तहत 18 जनवरी को लांजी धान उपार्जन केन्द्र मण्डई टेकरी में धान के परिवहन हेतु ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए एल 6525 धान लोडिंग करने के लिये आया। मजदूरों के द्वारा धान भरते हुये ही ट्रक अचानक लुढकने लगा और अधिक ढलान होने के चलते ट्रक सीधे एक रहवासी मकान मे जा घुसा जिससे मकान बुरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया वहीं संयोग यह रहा कि इस घटना में कोई जन हानि नही हुई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के संबध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 08 एएल 6525 धान लोडिंग करने के लिये ई उपार्जन केन्द्र लांजी मण्डई टेकरी में आया था जिसे मजदूरो के द्वारा 18 एवं 19 जनवरी की मध्य रात्रि करीब 1.30 से 2 बजे के दरम्यान भरा जा रहा था इस दौरान ट्रक का चालक भी केन्द्र मे ही बैठा हुआ था तथा अन्य लोगो के साथ आग ताप रहा था और मजदूर ट्रक में धान की बोरियॉ भर रहे थे अचानक वाहन तेज गति से लुढकने लगा एवं धान केन्द्र से करीब 150 से 200 मीटर की दुरी पर स्थित गुनीराम बडगैया निवासी मण्डई टेकरी के मकान मे जा घुसा। जिस स्थान पर यह ट्रक घुसा है वहां पर घर बहु बेटी एवं एक देढ माह की बच्ची सोई हुई थी लेकिन गनीमत रहा कि इन्हे इस हादसे मे कोई नुकसान नही हुआ है हालांकि घर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना को लेकर पीडित परिवार से चर्चा की गई तो बताया कि 18 एवं 19 जनवरी की रात्रि में हम सब एक कमरे में सो रहे थे अचानक रात के 2 बजे ऐसा लगा की जोरदार भुकंप का आया है हमे झटका लगा, हमारे साथ देढ माह की बच्ची सो रही थी वह भी जोर जोर से रोने लगी, हमको सच मे लगा की भुकंप आया है हमने बच्ची को उठाया और घर मे मा पिताजी को भी जगाया और घर के बहार निकल गये जैसे ही बहार निकलकर देखा तो मकान में एक बडा सा ट्रक टकराया है, ट्रक के टकराने से हमारे घर की दीवार मे छेद हो गया है, बीम और छत में क्रेक आई है मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत है कि इस हादसे में घर के लोग बाल बाल बच गये नही तो बड़ा हादसा घटित हो जाता।

### इनका कहना है

उक्त घटना को लेकर धान उपार्जन केन्द्र लांजी के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर नवल बिहारी पालीवाल के द्वारा जानकारी के बताया कि उक्त ट्रक केन्द्र में धान के परिवहन हेतु आकर खड़ा हुआ था, बारी बारी से वाहन भरवाने के बाद इस ट्रक को लगवाया गया था परिवहन कर्ता के द्वारा रात्रि करीब 1.30 से 2 बजे के बात होगी हम सभी ट्रक के पास थे, मजदूर ट्रक में धान भर रहे थे करीब 450 कट्टे धान के बोरे ट्रक मे लोड हो चुके थे, इसी बीच अचानक ट्रक लुढकने लगा और गति पकड़ लिया कोई मौका भी नही मिल पाया ट्रक को रोक पाने का जबकि चालक के द्वारा टायरो के सामने बडे बडे पत्थर भी लगाये गये थे लेकिन अचानक ही ट्रक लुढकने लगा और सामने बडगैया जी के निवास में जा घुसा। इस दौरान ट्रक में मजदूर भी थे जो कि धान भर रहे थे ट्रक के तेज गति से लुढकते देखकर मजदूरों ने भी ट्रक के बहार कुद कर अपनी जान बचाई है। इस हादसे की सूचना हमारे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो की दी गई है।

# मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाकर एक पेड़ राम के नाम लगाया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बालाघाट, जिला समन्वयक सुशिल बर्मन व विकासखण्ड लांजी समन्वयक सुश्री रूचिका बैस के मार्गदर्शन में सेक्टर-05 लांजी में नवांकुर संस्था यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति लांजी के सचिव रमेश आसटकर, अध्यक्ष अरूण आसटकर द्वारा अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व स्वच्छता कार्यक्रम लांजी क्षेत्र के ग्राम भिमोडी हनुमान मंदिर एवं कोचेवाही हनुमान मंदिर में किया गया, इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती चित्ररेखा पुरूषोत्तम अस्तने, युगलकिशोर कलपुरे, छत्रपाल कलपुरे, तुलसीराम कुचलाहे, करूणा अस्तने, रामप्रसाद बम्बुरे, रामधर कलपुरे व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भिमोडी के अध्यक्ष अशोक अस्तने, कोचेवाही ग्राम के सरपंच संतोष यादव, तुलसीराम रामटेके, दुलिचंद भागडकर, निरंजन सेन, योगेश्वर यादव, तथा महाराज विजय प्रताप तिवारी तथा समिति के सदस्यगणों की सहभागिता रही। 22 जनवरी 2024 के पूर्व सेक्टर के सभी ग्रामों में श्री राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का उत्साहित वातावरण निर्मित करने एवं ऐतिहासिक क्षण त्योहार की भांति ग्रामवासी मनाएं। प्रस्फुटन ग्राम सेक्टर 05 के गांव-गांव में धार्मिक स्थलो पर श्रमदान द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम करने तथा प्रभात फेरी कलश यात्रा कार्यक्रम कि योजना तैयार कि गई है। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत 19 जनवरी को एक पेड़ राम के नाम लगाने के लिए पुराने राम मन्दिर परिसर लांजी में नारियल के 12 वृक्ष लगाये गये। जिसमें समिति के अध्यक्ष- अरुण आसटकर, सामाजिक कार्यकर्ता- रमेश वाकले, महन्त पं. लक्ष्मीनारायण महाराज एवं समिति के सचिव रमेश आसटकर का श्रमदान व योगदान रहा।






# विजय सनस, अमित सारस्वत, अतुल सोलंकी उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर हुए पदौन्नत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश पुलिस विभाग मे पदस्थ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय समय पर पदोन्नती प्रदान की जाती है। जिसके तहत विगत 26 दिसंबर 2023 को पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा सैकड़ो उपनिरीक्षक से निरीक्षक पदों पर कार्यवाहक प्रभारी उच्च पद पर कार्य करने का अधिकार सौंपा गया है। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा लगभग 283 उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदौन्नत किया गया है। जिसके अन्तर्गत लांजी पुलिस अनुभाग के किरनापुर थाने में पदस्थ थाना प्रभारी विजय सनस, लांजी पुलिस थाने में पदस्थ उपनिरीक्षक अमित सारस्वत, उपनिरीक्षक अतुल सोलंकी इन तीनो को पदौन्नती प्रदान की गई। बतादे कि बालाघाट पुलिस मुख्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर उक्त तीनो उपनिरीक्षक सहित बालाघाट जिले में पदस्थ अन्य उपनिरीक्षको के साथ आईजीपी संजय सिंह, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ के द्वारा सभी उपनिरीक्षको के कंधे पर तीसरा स्टार लगा कर उच्च पद पर पदौन्नत होने हेतु बधाई प्रेषित की गई। इस दौरान पुलिस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उक्त पदौन्नती कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बतादे कि पदौन्नत हुये थाना प्रभारी विजय सनस, अमित सारस्वत एवं अतुल सोलंकी एक कर्तव्य निष्ठ अधिकारी के रूप में जाने जाते है लांजी एवं किरनापुर थाना क्षेत्र में इनका कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा है। आपकी पदौन्नती पर लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनोघोरिया, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी सहित लांजी एवं किरनापुर थाने में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों एवं शुभचिंतको ने बधाई प्रेषित की है।



# पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी विकासखण्ड ग्राम कुम्हारीकला स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में 18 जनवरी को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन संस्था के प्राचार्य देवराम गजबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे, सरपंच श्रीमती राधिका कंकरायने, भुवनेश्वर बल्ले, ओमप्रकाश कंकरायने एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनीरे के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में मुख्य रूप से डॉक्टर योगेश कुर्वे, डॉ मेहंदी सराठे, एस. एस. शिवणकर और घोरमारे मैडम अन्य स्वास्थ दल द्वारा शाला में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर संतुलित आहार एवं बीमारी से बचने के उपाय बताये गये तथा निःशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया। शिविर में 35 ग्रामीण जनों एवं 60 छात्र छात्राओं को परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव, शिविर व्यवस्था कार्य शिक्षक भागचंद टेंभरे द्वारा किया गया। अंत में सभी उपस्थित जनो के लिये स्वल्पाहार की व्यवस्था शाला प्रबंधन के द्वारा की गई थी। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीमा हनोते, श्रीमती सुषमा गेडाम, कन्हैया लाल बड़घैया, कमल किशोर मेश्राम, शशिकांत चौहान, टीकाराम नेवारे, नीलचंद घोरमारे, श्रीमती मधुपुष्पा ठाकुर, गजेंद्र प्रसाद बोपचे, उदयचंद राहंगडाले, विजय वासनिक, लेखराम हरिनखेड़े, सतीश कुमार मड़ामे, जितेंद्र पटले, राहुल सुखदेवे, वेकेश्वरी बिसेन, रामकली देशमुख, नीलिमा ठवरे, राजेश रतोने, ऋषि कंकरायने, प्रवीण उमरे, राजकुमार धनवले, निलेश तिडके, चंद्रकिशोर कुतरिये, विमल तुरकर, बलराम दशरिया आदि उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।

# मोटरसाइकिल,बस एवं तवेरा की आपस में हुई भिड़ंत तीन लोग घायल







लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी सालेटेकरी मार्ग पर ग्राम घोटी नंदोरा के समीप मोटर सायकल, बस एवं तवेरा वाहन के आपस में भिड़ने की जानकारी प्राप्त हुई है घटना 19 जनवरी के शाम करीब 5 बजे लगभग की बताई गई है। घटना के सबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सिद्धीविनायक बस क्रमांक एआर 01 टी 5556 जो कि सालेटेकरी से लांजी होकर हैदराबाद की ओर जा रही थी, जैसे ही घोटी नंदोरा के समीप पंहुचे को दो से तीन मोटर सायकल सवारो ने बस को ओव्हरटेक, जिनमें से दो मोटर सायकल सवार आगे निकल गये एवं एक मोटर सायकल के बस से टकराने की जानकारी प्राप्त हुई है लेकिन इस संबध में किसी ने पुख्ता जानकारी नही दी है यह भी संशय बना हुआ है कि मोटर सायकल बस से टकराई या सामने से आर रही तवेरा वाहन जिसमे हॉकफोर्स के जवान बैठे हुये थे, दुसरी ओर तवेरा वाहन क्रमांक एमपी 50 बीसी 0590 के भी अचानक ब्रैक लगाने से सामने के दोनो टायर फट गये एवं वाहन सिद्धी विनायक बस से जा टकराया लेकिन इसमे किसकी के आहत होने की कोई जानकारी नही मिली है। वहीं घटना में एक मोटर सायकल मे सवार लगभग तीन लोगो के घायल होने की जानकारी प्राप्त हुई है जिसमें घायलो को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। घटना में घायल हुये नवीन पिता फागुराम घरसिया उम्र 28 वर्ष निवासी दमोह, धर्मेन्द्र हरिराम रनधारी उम्र 23 वर्ष निवासी दमोह, महेन्द्र पिता मनोज समरत उम्र 26 वर्ष यह तीनो युवक अपनी मोटर सायकल से पाथरगांव बारसे के कार्यक्रम मे जा रहे थे जो कि दुर्घटना का शिकार हुये है तीनों को पैरो मे गंभीर चोटे आई है। जिनका प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल लांजी में करने के उपरांत जिला अस्पताल रिफर किया गया।

# वन्य प्राणी बाघ ने गाय का किया शिकार

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खापा से बोदलकसा मार्ग पर स्थित जंगल में हिंसक वन्य प्राणी बाघ ने पालतू गाय का शिकार कर लिया। जिसमें वन विकास निगम परियोजना परिक्षेत्र वारासिवनी के द्वारा मुआवजा प्रकरण तैयार कर गस्त प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों एवं चरवाहों के द्वारा प्रतिदिन अपने मवेशियों को जंगल की ओर हरा चारा चरवाने के लिए ले जाया जाता है। इसी कड़ी में १७ जनवरी को भी चरवाहे के द्वारा ग्राम के मवेशियों को जंगल की ओर ले जाया गया था। जहां पर गाय को अकेला देख हिंसक वन्य प्राणी बाघ के द्वारा उसका शिकार कर लिया गया। गाय को मृत देख चरवाहा अपने बाकी मवेशी लेकर घर वापस हो गया और इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी गई जिसके बाद ग्रामीणों ने मामले की सूचना वन विभाग को दी गई। मामला वन विकास निगम का होने पर उनके एवं ग्रामीणों के द्वारा मौके पर जाकर घटना की जानकारी ली गई । जिसमें पता चला कि उक्त गाय ग्राम के शेखर सिंह पिता दयाराम जैतवार की है । मौके पर मिले पद चिन्ह के अनुसार यह शिकार बाघ के द्वारा किया जाना स्पष्ट किया गया है। वहीं वन विभाग के द्वारा मामले में मुआवजा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है । वहीं ग्रामीण के द्वारा बाघ को देखने की सूचना पर सतत गस्त की जा रही है। खापा से बोदलकसा रोड़ पर स्थित जंगल में शिकार किया गया है वह वन भूमि कक्ष क्रमांक ५३१ बिट बुदबुदा के अंतर्गत आता है।



# गर्राटोला में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा सम्पन्न

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गर्राटोला में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का समापन किया गया। इस दौरान वारासिवनी खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटले ने कथा में पहुंचकर कथा वाचक आचार्य भुवन कृष्ण दुबे का आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा वाचक आचार्य भुवन कृष्ण दुबे ने भगवान शिव माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा की माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था । माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थीं इसलिए भोलेबाबा का विवाह पार्वती जी के साथ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालुगण भी धार्मिक भजनो पर नृत्य करते रहें । जिसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती का विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद सजीव झाँकिया भी सजाई गई थीं जो आकर्षण का केंद्र रही। विधायक विवेक पटेल ने कहा कि अगर आप दिल और मन से शिव भगवान को आकर्षित करने लगेंगे तो निश्चित ही भगवान शिव आपकी मनोकामना जरूर पूरी करेंगे। बड़ी से बड़ी विपत्ती कष्ट भोलेनाथ दूर करेंगे शंब्दो से प्रेरणा देने वाला हर कोई मिल जायेगा पर अपने व्यवहारों और अपने आचरणों से प्रेरणा देने की कोशिश करनी चाहिए। हम जो दुसरो को सिखाते हैँ वह हमें भी ग्रहण करना चाहिए । इस दौरान दीपक राणा, गुड्डू सोनी, नरेंद्र पटले,दिलीप बिसेन,बालू बिसेन, डॉक्टर भानुप्रसाद राहंगडाले,दयानन्द पटले,नरेश नगपुरे, अंकित पटले, तुलसी पटले, चंदनलाल पटले, तीरथ पटले, लालू क्षीरसागर, अतुल पटले, कैलाश गौतम, बब्लू राहंगडाले,भागचंद पटले सहित समस्त ग्रामीणजन मौजूद रहें।




लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 9131979508, 8319969927

# आज बांग्लादेश पर जीत दर्ज करने उतरेगी भारतीय टीम

ब्लोमफोंटेन। भारतीय जूनियर क्रिकेट टीम शनिवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के पहले मुकाबले में बांग्लादेश से खेलेगी। भारतीय टीम की कप्तानी उदय सहारन करेंगे। अंडर 19 विश्व कप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में यूएई, बांग्लादेश और आयरलैंड के साथ रखा गया है। भारतीय टीम को 2020 में आयोजित अंडर 19 टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की टीम ने ही फाइनल में 3 विकेट से हराकर खिताब जीता था। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इस बार उससे हिसाब बराबर करना रहेगा।

भारतीय टीम बांग्लादेश के बाद 25 जनवरी को आयरलैंड का सामना करेगी। वहीं अंतिम लीग मैच में भारतीय टीम 28 जनवरी को यूएई से खेलेगी।

भारतीय टीम ने सबसे अधिक अंडर-19 खिताब जीते हैं और इस बार भी उसका लक्ष्य ये सिलसिला आगे बढ़ाना रहेगा।

ग्रुप ए में पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम बांग्लादेश के बाद आयरलैंड और अमेरिका से खेलेगी। भारतीय टीम ने साल 2002 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में पहला खिताब जीता था। उसके बाद से 2008, 2012, 2018 और 2022 में भारत चैम्पियन रहा। इसमें चार समूहों में चार चार टीमें रखी गई है। हर समूह से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। इसका सेमीफाइनल आठ और छह फरवरी को जबकि फाइनल 11 फरवरी को बेनोनी में खेला जाएगा।

भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से एक हैं। अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाए थे। इसके अलावा टीम में मुशीर खान और राज लिम्बानी जैसे अच्छे खिलाड़ी हैं।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं ः

**भारत** - उदय सहारन (कप्तान) , अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रूद्र मयूर पटेल, सचिन दास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावेली अवनीश राव, स्वामी कुमार पांडे, मुरूगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्य शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

**बांग्लादेश** - महफुजूर रहमान रब्बी (कप्तान), आशिकुर रहमान शिबली, जिशान आलम, आरिफुल इस्लाम, मोहम्मद शिहाब जेम्स, अहरार अमीन, शेख परवेज जिबोन, वासी सिद्दीकी, मारूफ एम, चौधरी मोहम्मद रिजवान, आदिल बिन सिद्दीक, मोहम्मद अशरफुज्जामन, मोहम्मद रफी उज्जामन रफी, रहनत दौला बोरसन, इकबाल हुसैन एमन।

## पाक क्रिकेट टीम के तीनों ही विदेशी कोचों आर्थर, ब्राडबर्न और पुटिक ने दिया इस्तीफा

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के तीनों ही विदेशी कोचों ने इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि विदेशी कोच मिकी आर्थर, ग्रांट ब्राडबर्न और एंड्रयू पुटिक ने राष्ट्रीय टीम और बोर्ड के साथ अपने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इन तीनों से बातचीत कर उन्हें खुद ही इस्तीफा देने के लिए कहा गया था क्योंकि अगर पीसीबी उन्हें बर्खास्त करता तो अनुबंध के तहत छह महीने का वेतन देना पड़ता। गौरतलब है कि आईसीसी एकदिवसीय विश्वपक के बाद से ही टीम में आए बड़े बदलाव से विदेशी कोच नाराज चल रहे थे और उनके इस्तीफे के पीछे एक कारण ये भी था। पीसीबी ने विश्वकप के बाद कप्तान , चयनसमिति और कोच के साथ ही टीम डायरेक्टर में भी बदलाव किया था।

भारत में एकदिवसीय विश्व कप के बाद पोर्टफोलियो में बदलाव करके कोचों को उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसी के तहत गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल को भी एनसीए भेज दिया गया था। इसके बाद मोर्कल ने भी अपना पद छोड़ दिया था।

## मिचेल और फिलिप्स की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने चौथा टी20 भी जीता

क्राइस्टचर्च। डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने चौथे टी20 क्रिकेट मुकाबले में भी पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। मिचेल ने नाबाद 72 और ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 70 रन बनाकर पाक गेंदबाजों के हाथों से ये मुकाबला छीन लिया।



इस मैच में 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने 20 रनों पर ही तीन विकेट खो दिये थे पर इसके बाद कीवी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स और डेरिल मिचेल ने चौथे विकेट लिए नाबाद 139 रन बनाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कीवी टीम ने ये लक्ष्य 18.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 159 रन बनाकर हासिल कर लिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड की टीम ने सीरीज में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

वहीं पाकिस्तान की ओर से तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने तीन विकेट लिये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसके सलामी बल्लेबाज सैम अयूब एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये।

इसके बाद बाबर आजम 19 रन और फखर जमान भी नौ रनों पर ही आउट हो गये। मोहम्म्द रिजवान ने सबसे अधिक 90 रन बनाए। उन्होंने आजम के साथ दूसरे विकेट के लिए 51 रन बनाये। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए इफ्तिखार अहमद 10 रन के साथ 40 रन जोडे। पाक टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 158 बनाये।

## इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से शुरु होगी टेस्ट सीरीज

मुम्बई। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में क्लीन स्वीप से उत्साहित भारतीय क्रिकेट टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज को देखते हुए 20 जनवरी को हैदराबाद में एकत्र होगी। भारतीय टीम को अब इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इस सीरीज के लिए शामिल खिलाड़ियों को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के बाद 2 दिन का ब्रेक मिला है। अब सभी खिलाड़ी 20 जनवरी को हैदराबाद में एकत्र होकर इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी करेंगे।

भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का पहला टेस्ट मैच 25 जनवरी से हैदराबाद में खेला जाएगा। अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 मैच खेलने के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने-अपने घरों की ओर चले गये हैं। वहीं अन्य खिलाड़ी शनिवार को हैदराबाद में नेट अभ्यास करेंगे। रोहित और विराट के अलावा मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी अभी ब्रेक पर हैं। द्रविड़




और कोचिंग स्टाफ में शामिल सदस्य शनिवार को ही हैदराबाद पहुंचेंगे।

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में खेलेगी। वहीं सीरीज का तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में जबकि चौथा और पांचवां टेस्ट मैच 23 फरवरी और 7 मार्च को रांची और धर्मशाला में खेला जाएगा। वहीं ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में आराम दिया गया था। इसलिए अब ये तीनों खिलाड़ी हैदराबाद में अभ्यास शिविर में पहुंचेंगे।

### इंग्लैंड के खिलाफ पहले 2 टेस्ट मैच के लिए भारतीय टेस्ट दल इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान) और आवेश खान।

## हसरंगा की शानदार गेंदबाजी से श्रीलंका ने जिम्बाब्वे को तीसरे टी-20 में हराकर सीरीज जीती

कोलंबो । स्पिनर वानिंदु हसरंगा की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका ने यहां खेले गए तीसरे और अंतिम टी-20 मुकाबले में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को 9 विकेट से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। इस मैच में श्रीलंकाई टीम को जीत के लिए 83 रनों का आसान सा लक्ष्य मिला जो उसने पथुम निसंका के नाबाद 39 रनों और कुसल मेंडिस के 33 रनों की सहायता से 10.5 ओवर में भी एक विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाकर हासिल कर लिया। धनंजय डीसिल्वा 15 रन बनाकर आउट नहीं हुए।

इस मैच में टॉस जीतकर श्रीलंकाई टीम ने जिम्बाब्वे को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। जिम्बाब्वे की टीम श्रीलंकाई गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 14.1 ओवर में ही 82 रनों पर सिमट गयी। ब्रायन बेनेट ने सबसे अधिक 29 रन बनाए। वहीं शॉन विलियम्स ने 15 रन जबकि कप्तान सिकंदर रजा ने 10 और तिनाशे कामुनहुकांवे ने 12 रन बनाये। जिम्बाब्वे के छह खिलाड़ी दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। वहीं श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए जबकि महीश तीक्ष्णा और एंजलो मैथ्यूज ने भी दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। धनंजय डीसिल्वा और दिलशान मदुशंका को एक-एक विकेट मिला।

तीसरे मैच में जीत के बाद श्रीलंकाई कप्तान वानिंदु हसरंगा ने अपनी टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, जिमबाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने अपनी गलती मानते हुए कहा कि हमारी बल्लेबाजी कमजोर रही और हम 82 रन ही बनाये पाये। इसी कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

## उज्बेकिस्तान ने एएफसी एशियाई कप में भारत को 3-0 से हराया

दोहा। यहां एएफसी एशियाई कप के ग्रुप मैच में भारतीय फुटबॉल टीम को उज्बेकिस्तान ने 3-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही ग्रुप बी में भारतीय टीम लगातार दूसरा मुकाबला हारी है। भारतीय टीम को पहले मैच में भी ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उज्बेकिस्तान ने 102वीं रैंकिंग की भारतीय टीम के खिलाफ टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की है। इससे पहले टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में सीरिया से उसका मुकाबला बराबरी पर रहा था। 68वीं रैंकिंग पर कायम उज्बेकिस्तान की ओर से अब्बोसबेक फैजुल्लाव ने चौथे मिनट, इगोर सर्गेव ने 18वें और नसरुल्लाएव ने 48 वें मिनट में गोल किये। भारतीय टीम अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को सीरिया पर जीत के इरादे से उतरेगी।

## भारत-इंग्लैंड सीरीज का प्रसारण स्पोर्ट्स 18 करेगा

मुम्बई। भारत और से इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नहीं बल्कि स्पोर्ट्स 18 पर होगा। दोनो ही देशों के बीच 25 जनवरी से शुरु हो रही इस टेस्ट सीरीज के मुकाबले सुबह 9ः30 बजे शुरू होंगे। इसके लिए टॉस सुबह 9 बजे हो जाएगा। इंटरनेट के जरिए भी मैच जियो सिनेमा एप पर देखा जा सकेगा।

इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद , दूसरा 2 फरवरी से विशाखापट्टनम, वहीं तीसरा 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। चौथा मुकाबला 23 फरवरी से रांची में और पांचवा 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। इससे पहले साल 2022 में दोनो के बीची 5 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से बराबरी पर रही थी।

## मुंबई इंडियंस एमिरेट्स आईएलटी20 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी - पूरन

दुबई। मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा है कि उनकी टीम लीग आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। छह टीमों के आईएलटी20 टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर सहित कई दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूरन ने कहा कि मुंबई फ्रेंचाइजी का हिस्सा होना शानदार अनुभव है पर इससे बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी पड़ता है। यह फ्रेंचाइजी करीब एक दशक से टी20 क्रिकेट से जुड़ी हुई है और हर कोई जानता है कि मुंबई सबसे अच्छी फ्रेंचाइजी में से एक है। उन्होंने कहा कि एक ग्रुप के तौर पर हम जहां तक संभव हो बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल करने का प्रयास करेंगे।



पूरन ने कहा कि मुंबई का प्रतिनिधित्व करना और खेलना बहुत दबाव भरा है पर यही इसका सकारात्मक पक्ष भी है। हम इस चुनौती को स्वीकार करते हैं। हम बतौर ग्रुप इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। हम उत्साहित हैं और हम सफल होना चाहते हैं हालांकि हम जानते हैं कि यह आसान नहीं रहेगा।

इस टूर्नामेंट में मुंबई अमीरात के अलावा अबुधाबी नाइट राइडर्स , डेजर्ट वाइपर्स, दुबई कैपिटल्स , गल्फ जाइंट्स और शारजाह वारियर्स जैसी टीमें शामिल है। वॉर्नर, बोल्ट और ब्रावो के साथ इसमें सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, कोरी एंडरसन, दासुन शनाका, रहमानुल्लाह गुरबाज, सैम बिलिंग्स, क्रिस वोक्स और मार्टिन गुप्टिल भी खेलेंगे।

## मानसिक अनुकूलन कोच हारबर्ल की सेवाएं लेने से लाभ हुआ - सविता

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए अमेरिकी मनोवैज्ञानिक और मानसिक अनुकूलन कोच पीटर हारबर्ल की सेवाएं लेना लाभदायक रहा है। इससे भारतीय महिला टीम का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। यह कहना है भारतीय हाकी टीम की कप्तान सविता का। हारबर्ल पिछले साल अक्तूबर में भारतीय टीम से जुड़े थे। वह मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के साथ काम कर रहे हैं। उन्हें एशियाई खेलों में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन के बाद लाया गया था। ये टीम के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। हारबर्ल पिछले साल अक्तूबर से ही भारतीय टीम के मुख्य कोच यानेके शॉपमैन के साथ काम कर रहे हैं।




भारतीय टीम की कप्तान सविता ने कहा ,'' हारबर्ल के आने से काफी सहायता मिली। हमने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान अनुभव किया कि उनके सत्रों से हमें कितना लाभ मिल रहा है। टीम के रूप में भी और व्यक्तिगत स्तर पर भी।'' उन्होंने कहा ,'' एशियाई खेलों में हम काफी सकारात्मक सोच के साथ गए थे और वहीं से हमें पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने की उम्मीदें थी पर हम उसमें विफल रहे।''

उन्होंने कहा ,'' एशियाई खेलों के बाद हारबर्ल की सलाह से हमें काफी लाभ हुआ खिलाड़ियों में सकारात्मकता आई। हमें जब भी उनकी जरूरत होती , वह ऑनलाइन बात कर टीम का हौंसला बढ़ाते थे। वह काफी शांत रहते हैं। वह हमेशा कहते हैं कि जीवन रूकता नहीं है, चलता रहता है और हमने उनसे यही सीखा है।'' पेशेवर आइस हॉकी खिलाड़ी रहे हारबर्ल ने 1996 से 2006 के बीच अमेरिकी महिला आइस हॉकी टीम को बतौर खेल मनोविज्ञान सलाहकार अपनी सेवायें दी। वह 2001 से 2005 के बीच अमेरिकी ओलंपिक समिति के साथ भी काम करते रहे और 2005 से 2023 तक अमेरिकी ओलंपिक और पैरालम्पिक समिति के सीनियर खेल मनोवैज्ञानिक रहे।

## टी20 विश्वकप को देखते हुए द्रविड़ बोले, हमारे पास कई विकल्प

### चोटिल पंड्या की जगह शिवम को मिल सकता है अवसर

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि हमारे पास कई विकल्प मौजूद हैं। ऐसे में जून में होने वाले टी20 विश्वकप में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की वापसी मुश्किल नजर आती है। द्रविड़ के बयान से संकेत मिलते हैं कि अगर वह पूरी तरह से फिट नहीं होगें तो उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को शामिल किया जा सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में जिस प्रकार से शिवम दुबे ने शानदार प्रदर्शन किया है। उससे माना जा रहा है कि उन्हें पंड्या की जगह पर शामिल किया जा सकता है। कोच शिवम दुबे के हाल में किय प्रदर्शन से भी खुश नजर आये।



द्रविड़ ने कहा ,'' एकदिवसीय विश्व कप के बाद अलग-अलग खिलाड़ियों ने खेला है। इसके कई कारण रहे है पर ये अच्छा है कि विश्व कप से पहले हमारे पास विकल्प उपलब्ध हैं। हमें कुछ बातों पर अवश्य ध्यान देना होगा।'' द्रविड़ ने कहा ,'' एक टीम के रूप में अब हमें उतने मैच नहीं खेलने हैं. आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अब सभी की नजरें लगी होंगी।''

शिवम ने अफगानिस्तान के खिलाफ काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। शुरुआती दोनों ही मैच में उसने अर्धशतक लगाये। द्रविड़ ने कहा ,''वह लंबे समय बाद लौटा है और पहले से काफी बेहतर खिलाड़ी बनकर आया है।''

## भारत में अपने टूर्नामेंटों का आयोजन करना चाहता है एसीबी

मुम्बई । अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) भारत में अपने अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजना करना चाहता है। इसके लिए एसीबी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से बात कर उसकी अनुमति चाहता है। इससे पहले भी अफगानिस्तान टीम ने भारत में अपने टूर्नामेंट खेले हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अगले साल टी-20 विश्व कप के बाद जुलाई में बांग्लादेश के विरुद्ध टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट की सीरीज खेलनी है। उसी के लिए टीम अपनी तैयारियों के लिए भारत में टूर्नामेंट खेलना चाहती है। एसीबी अपना टूर्नामेंट लखनऊ में आयोजित करना चाहता है। इससे पहले अफगान टीम ने भारत में लखनऊ, ग्रेटर नोएडा और देहरादून में अपने मुकाबले खेले हैं।

एसीबी ने इसके बाद अपने टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात में भी रखे थे। पिछले साल नवंबर में एसीबी ने यूएई में अगले पांच साल तक अपनी घरेलू सीरीज कराने का करार किया था पर अब यहां होने वाले भारी खर्च को देखते हुए वह यूएई की जगह इन मैचों को भारत में आयोजित करना चाहता है। एसीबी की परेशानी ये है कि सुरक्षा कारणों से कोई भी टीम उसके यहां नहीं जाना चाहती है। ऐसे में उसे अपने सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर ही खेलने पड़ते हैं। आईसीसी से मान्यता मिलने के बाद से ही अफगान टीम भारत में खेलती आई है। इसके साथ ही वह अपने अंतरराष्ट्रीय मैचों का आयोजन भी भारत में करती रही है।

## अमेरिका ने एफआईएच क्वालीफायर में जापान को हराकर पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश हासिल किया

रांची। अमेरिका ने एफआईएच महिला ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर मुकाबले में जापान को हराकर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जापान को 2-1 से हराया। इस मैच में जापान के अमिरू शिमाडा ने 38वें मिनट में एक गोल कर बढ़त हासिल कर ली पर अमेरिका ने एशले होफमैन ने 52वें मिनट और एबिगेल टैमर ने 55वें मिनट में किये गोल से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसी के साथ ही अमेरिका ने पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश भी हासिल कर लिया है। इस टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीमों को ही पेरिस ओलंपिक का टिकट मिलना था। जापान ने इस मुकाबले में शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया जिसका उसे लाभ मिला। वहीं पहले क्वार्टर में अमेरिकी टीम ने कई हमले किये पर वह उन्हें गोल में बदल नहीं पायी।

वहीं दूसरे क्वार्टर में भी जापान ने आक्रामक रुख अपनाया। उसे 17वें मिनट में दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने गोल करने के कई प्रयास किये पर वह विफल रहीं। एक गोल से पीछे होने के बाद भी अमेरिकी टीम ने अंतिम क्वार्टर में दो मिनट के अंदर दो पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल कर मुकाबला जीत लिया।

## कोलिन्स इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिक के दूसरे दौर में हार के बाद अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिएल कोलिन्स ने कहा है कि 2024 डब्ल्यूटीए टूर सीज़न दौरे के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक के हाथों कोलिन्स को हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अनुसार डेनिएल कोलिन्स के लिए यह अंतिम ऑस्ट्रेलियाई ओपन है, कोलिन्स के अनुसार वह इस साल के बाद खेलना बंद कर देंगी। कोलिन्स ने स्वीयाटेक से सेट और एक ब्रेक डाउन से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में 4-1 की बढ़त बना ली। वहीं पोलैंड की खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए रॉड लेवर एरेना में 6-4, 2-6, 6-4 से जीत हासिल की। कोलिन्स ने मैच के बाद कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सीजन होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सत्र होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं।

## भारतीय टीम को शूटआउट में जर्मनी ने 3-4 से हराया

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम को यहां हुए एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में मुकाबले में जर्मनी ने शूटआउट में हरा दिया। इस मुकाबले के फाइनल में भारतीय महिला हॉकी टीम ने निर्धारित समय से एक मिनट पहले ही गोलकर जर्मनी को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया था पर इसके बाद हुए शूट-आउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। अब भारतीय टीम का मुकाबला तीसरे तीसरे स्थान के लिए जापान से होगा। भारतीय टीम इसमें किसी भी प्रकार जीत हासिल कर पेरिस ओलंपिक के लिए प्रवेश हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम ने जर्मनी के खिलाफ जमकर संघर्ष किया पर टाईब्रेकर में वह संयम बनाये नहीं रख पायी। शूट-आउट में सविता ने लिनिया वीडेमैन के पहले प्रयास को बचा लिया। वहीं संगीता कुमारी ने भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। भारत की सोनजा ज़िम्मरमैन ने अगले प्रयास को बदल दिया, सोनिका के प्रयास को सेकंड शेष रहते हुए खारिज कर दिया गया पर सविता ने अगला प्रयास ऐनी श्रोडर द्वारा किया पर भारतीय टीम इसका फायदा नहीं उठा सका, क्योंकि नवनीत कौर को अमेरिकी गोलकीपर ने रोक दिया पर रीटेक में शॉट चूक गया और भारत को 2-1 से बढ़त मिल गयी। जर्मनी की ओर से नाइक लोरेंज और लिसा नोल्टे ने अगले दो प्रयास किए पर नेहा का शॉट बेकार गया और टीम पांच प्रयासों में 3-3 से बराबरी पर रही।

सडन डेथ शूट-आउट में संगीता कुमारी गोल करने में विफल रहीं। वहीं लिसा नोल्टे ने गोल करजर्मनी की जीत तीय कर दी। इससे पहले जर्मनी की चार्लोट स्टेपनहॉर्स्ट ने 57वें मिनट में गोल करके जर्मनी को 2-1 की बढ़त दिला दी, जबकि इससे पहले उन्होंने दीपिका के शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत की बढ़त को बेकार कर दिया। वहीं इशिता चौधरी ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। इसके बाद जर्मनी ने हमले शुरु किये ओर एक और गोल दागकर जीत हासिल की।

## सबालेंका और गॉफ़ ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के अंतिम 16 में पहुंची

मेलबर्न। बेलारुस की गत चैंपियन आर्यना सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के अंतिम 16 में पहुंच गयी हैं। सबालेंका ने अपनी विरोधी लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से हराया। सबालेंका ने इसी के साथ ही यहां अपना दसवां मैच 52 मिनट में ही जीत लिया। इसी के साथ ही सबालेंका साल 2017 से 2019 तक यहां लगातार 10 जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गयी हैं। इससे पहले ये उपलब्धि अमेरिका की सेरेना विलियम्स के नाम थी। सबालेंका अब अपने अंतिम मुकाबले में संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से खेलेंगी। अनिसिमोवा ने अपने करियर के पांच मुकाबलों में से चार में सबालेंका को हराया है। उनका पहला मुकाबला 2019 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हुआ, जिसे अनिसिमोवा ने 6-3, 6-2 से जीता था।

# हार के बाद बैठक में छलका बोधसिंह भगत का दर्द

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस : लोकसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने का दिया संदेश

कटंगी (पद्मेश न्यूज)। कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है. ऐसे में अप्रैल महीने में संभावित लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने शुक्रवार को कटंगी में कार्यकर्ताओं का विशेष सम्मेलन बुलाया. इस सम्मेलन में बालाघाट जिले की दो सीटों पर कांग्रेस की हार की समीक्षा और लोकसभा चुनाव की तैयारी की गई. मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता चुनाव को लेकर तैयारियों में लगे हैं. लोकसभा प्रभारी तेदूंखेड़ा पूर्व विधायक संजय शर्मा और जिला प्रभारी आलोक मिश्रा की प्रमुख उपस्थिती में सम्मेलन का आयोजन हुआ. सम्मेलन में कांग्रेस पाटी जिलाध्यक्ष बैहर विधायक उइके, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, परसवाड़ा विधायक मधु भगत, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, लांजी पूर्व विधायक हीना कावरे, वरिष्ट कांग्रेस सुशील पालीपाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजा सोनी, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व विधायक टामलाल सहारे, पूर्व जनपद अध्यक्ष शैलेन्द्र चौकसे, बद्रीप्रसाद दुबे, लोकसभा कटंगी विधानसभा प्रभारी नीरज हीरावत, सुनील जैन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी अध्यक्ष नोकेन्द्र सिंगनदुपे, तिरोड़ी अध्यक्ष ज्ञानीराम राहंगडाले, भौरगड़ अध्यक्ष गंगाराम डहरवार सहित क्षेत्र भर के तमाम कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे. बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि कहा कि लोकसभा चुनाव हमें पूरी ताकत से जुट जाना हैं. हमारी कोशिश होनी चाहिए कांग्रेस पार्टी और गठबंधन की सरकार बनाएं. इस बार कांग्रेस और गठबंधन की पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ेंगी और बीजेपी को हराने, लोकतंत्र को बचाने की कोशिश करेंगे. दरअसल, मध्यप्रदेश में कांग्रेस की एकतरफा लहर के बाद भी विधानसभा चुनाव में शिकस्त मिली है. इस हार को



देखते हुए कांग्रेस अब नए तरीके से लोकसभा चुनाव में उतरने की तैयारी में है. लोकसभा प्रभारी ने आज सम्मेलन में कहा कि मतदाता सूची को लेकर काम चल रहा है. कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने की जरूरत है ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम जुड़वाने को कहा गया है. बैठक में विधानसभा चुनाव की जिन दो सीटों में कांग्रेस को हार मिली वहां अलग-अलग हार के कारण बताएं. इस पर लोकसभा प्रभारी ने सभी से हार की निराशा से उभर कर काम करने को कहा. कार्यकर्ता सम्मेलन से पहले कांग्रेस के लोकसभा प्रभारी और विधायक प्रेस से रूबरू हुए।

### कांग्रेस कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करें- लोकसभा प्रभारी संजय शर्मा

सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी संजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक जिम्मेदार पदाधिकारी चुनाव से पहले मतदाता सूची पड़े फिर कैसे जीत मिलेगी आप खुद ही बताएंगें. किसके मैदान में जाने से वोट मिलेंगे और किस से जनता नाराज है क्या कारण है. यह पता चल जाएगा. कांग्रेस चुनाव नहीं हारेगी. छोटी-छोटी चूक होने की वजह से हार का सामना करना पड़ जाता है. कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता का दायित्व होना चाहिए कि वह गांव-गांव में जाए और एक-एक व्यक्ति को चिन्हित करे सबसे पहले कार्यकर्ता वोट करें इसके बाद मतदाताओं से मतदान करवाएं जो भाजपा के लोग है उन्हें चिन्हित करे ऐसे केवल 30 प्रतिशत मतदाता है. कांग्रेस अगर मतदाताओं के पास सीधे पहुंचती है तो वह कांग्रेस को ही वोट करेगें बूथ मजबूत करना पड़ेगा. प्रत्याशी हर घर तक नहीं जा पाता इसीलिए कार्यकर्ताओं को अपना दायित्य निभाना पड़ेगा. कटंगी से बोधसिंह भगत चुनाव जरूर हार गए है लेकिन कांग्रेसी उन्हें अपना विधायक मानकर चले. वह 05 साल कटंगी में ही रहने वाले है.

### जनता के मुद्दे पर चुनाव नहीं लड़ सकती भाजपा-बालाघाट प्रभारी

बालाघाट प्रभारी आलोक मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश में जो विधानसभा चुनाव के परिणाम आए है उससे भाजपा के जीते हुए नेता भी अंचभित है क्योंकि पूरे प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में माहौल था. देश भर में इसकी चर्चा थी. बालाघाट जिले की केवल 02 सीटों की चर्चा मध्यप्रदेश में थी. जिनके कभी हारने की उम्मीद नहीं थी वह लोग चुनाव हारे है. लोकसभा प्रभारी संजय शर्मा भी अपने विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार गए. इनकी भी कोई उम्मीद नहीं थी ऐसे लोग चुनाव हारे तो निश्चित तौर पर गड़बड़ी होने का संदेह लगता है. भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता भी इस बात को जानते है कि धोखे से जीतकर सरकार बनाई है. यहीं कारण है कि समय ना आने पर भी राम मंदिर का उद्घाटन करने की बात कर रहे है. भाजपा सनातन की बात करती है लेकिन सनातन में सबसे पहले शंकराचार्य आते है उन्हीं की बात भाजपा नहीं मान रही है. राम जी का जन्म रामनवमी को मनाया जाता है भाजपा 22 जनवरी को मना रही है. राम मंदिर की स्थापना की नहीं बल्कि भाजपा अपनी स्थापना कर रही है. क्योंकि भाजपा जानती है कि देश की जनता अगरं बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मंहगाई की बात करेगी तो भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा. भगवान का नाम लेकर जनता को गुमराह कर रही है. कांग्रेस के लोगों को घर-घर जाकर भाजपा के जुमलों के बारे में जनता को बताना है लोगों को जागरूक करना है।

### लोकसभा सुधार का एक मौका है- पूर्व विधायक हिना कावरे

पूर्व विधायक हिना कावरे ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार की अगर समीक्षा करेंगे तो बहुत सी बातें निकल कर सामने आएगी. बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में 04 विधानसभा भाजपा और 04 कांग्रेस के पास है. हमें इन बातों को ध्यान में रखते हुए काम करना पड़ेगा. जहां एक वोट के लिए भी कांग्रेस के कार्यकर्ता ने काम किया वहां कांग्रेस चुनाव जीत गई और जिस सीट को पहले से ही जीता हुआ मान लिया गया वहां हार हुई लांजी भी एक ऐसी ही विधानसभा सीट है. लोकसभा चुनाव में इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लड़ना है. लोकसभा चुनाव में अगर एक-एक कार्यकर्ता काम करेगा तो निश्चित तौर पर बालाघाट जिले में कांग्रेस को जीत मिलेगी जहां हम विधानसभा चुनाव हारे है वहां सुधार करने का एक अवसर मिल रहा है. जहां कमी रह गई है उस कमी को सुधारने का मौका मिला है और प्रतिनिधित्व का मौका मिला है. जिले के 23 सौ बूथों पर मेहनत करनी पड़ेगी।

### संघर्ष से ही जीत हासिल होगी- विधायक अनुभा मुंजारे

बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अगर हम उतर रहे है तो सबसे जरूरी है हमारी सोच है जो सकारात्मक होनी चाहिए. परिणाम की चिंता पहले नहीं करनी है चुनाव में केवल दो बातें होती है जीत या हार. मैदान में उतरकर लड़ना ही पड़ेगा. 07 बार चुनाव हारने के बाद अब चुनाव जीत कर आई हुं. संघर्ष से ही जीत हासिल होगी. लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी है जनता का आशीर्वाद हमें मिलना चाहिए. लोकसभा में कांग्रेस पार्टी जिसे टिकट देगी उस प्रत्याशी के लिए सभी को मेहनत करनी पड़ेगी. कांग्रेस निश्चित तौर पर चुनाव जीत कर आएगी।

### जिस दिन मरूंगा उस दिन कटंगी छोडूंगा-बोधसिंह भगत

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा कि चुनाव में जय पराजय होते रहती है उसका दुख नहीं करना चाहिए. चुनाव मैदान में उतरते है तो जीतने की आकांक्षा रखते है. कर्मवीर को जीत-हार से फर्क नहीं पड़ता. संघर्ष करने वाले को सफलता मिलती है. चुनाव हार गया इस बात का दुख नहीं है. राजनीति में रहकर प्रेरणादायी जीवन जीना है अन्याय के खिलाफ लड़ना ही मकसद है. उन्होंने छत्रपति शिवाजी के एक नाटक का जिक्र करते हुए इशारों में कहा कि विधानसभा चुनाव में पार्टी से जिन लोगों ने गद्दारी की है उन्हें पार्टी से निष्कासित ना किया जाए लेकिन गद्दारों को उनकी जगह बताएं. पार्टी में जो निष्ठावान कार्यकर्ता है उनकी इज्जत कीजिए. कांग्रेस पार्टी के लिए यह संकट का दौर चल रहा है और इस वक्त जो गद्दारी करेगा वह माफी के योग्य नहीं है. संगठन में ताकत होती है सत्ता में कोई भी रहे. संगठन को फर्क नहीं पड़ता. बोधसिंह भगत ने कहा कि मैं कटंगी से चुनाव हारा हुं लेकिन मैं कटंगी नहीं छोड़ने वाला मैं मरुंगा उसी दिन कटंगी छोडूंगा।

## कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में युवा सप्ताह का हुआ समापन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में कार्यरत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा १२ जनवरी से १९ जनवरी तक मनाये जा रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के संचालक निरंजन बिसेन ने माँ सरस्वती एवं रा.से.यो के प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया तत्पश्चात् सरस्वती वंदना की गई। इसके अतिरिक्त स्वंय सेवक एवं सेविकाओं के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल परिसर के अंदर एवं बाहर की साफ सफाई की गई। १२ जनवरी से मनाये जा रहे इस युवा सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान माला, निंबंध, भाषण, चित्रकला, नारे लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समारोह एवं प्रतियोगिता का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा के द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विषेश योगदान रहा। सार्वजनिक मेराथन दौड़ में स्वंय सेवक त्रिलोक सिंह सिरसाम ने द्वितीय एवं हर्ष उइके ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्राओं की गणित विषय में रूचि बढ़ाने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने के लियेङ्क रंगोली, पोस्टर, मॉडल, प्रश्नमंच, आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। तथा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की फिल्म दिखाई गई। सेमिनार के द्वितीय दिवस का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.सरोज घोड़ेश्वर मेडम की अध्यक्षता में किया गया। सेमीनार में विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.मिथिलेश्वरी घोरमारे सहा. प्राध्यापक गणित शासकीय एसएसपी महाविद्यालय वारासिवनी ने छात्राओं को गणित का दैनिक जीवन मे महत्व विषय पर तथा केन्द्रीय विद्यालय भरवेली के प्राचार्य पकंज जैन द्वारा छात्राओं को वैदिक गणित के विषय पर पीपीटी द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इस सेमिनार में महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी व छात्रा सम्मिलित रहें।

## दुराचार के प्रयास के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई सजा

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट माननीय न्यायाधीश श्रीमती कविता इनवाती ने अबोध बालिका के साथ दुराचार के प्रयास के एक 03 साल पुराने मामले में सुनवाई करते हुए मॉयल कामगार संगठन सचिव तिरोड़ी वार्ड क्रमांक 07 निवासी मंगलूप्रसाद कटौते को आजीवन कारावास के आधे तक की अवधि के लिए कठिन कारावास और अर्थदण्ड की सजा सुनाई है. वहीं माननीय न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उपजेल वारासिवनी भेज दिया है. बता दें कि 26 जनवरी 2022 को मंगलू प्रसाद कटौते ने 12 वर्ष से कम उम्र की बालिका के साथ दुराचार का प्रयास किया था. आरोपी के विरुद्ध तिरोड़ी थाने में अपराध क्रमांक 48/2022 दर्ज कर भारतीय दंड विधान की धारा 376, 511 और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 3, 4 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था. यह पूरा मामला वारासिवनी में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट माननीय न्यायाधीश श्रीमती कविता इनवाती की कोर्ट में चल रहा था जिसकी सुनवाई करते हुए 16 जनवरी को माननीय न्यायालय ने आरोपी को सजा सुनाई है. बता दें कि आरोपी ने घटना को उस वक्त अंजाम दिया था जब पूरा तिरोड़ी गणतंत्र दिवस के उत्साह में डूबा हुआ था. इस दौरान आरोपी ने अबोध बालिका को गुमराह कर उसके साथ गलत कृत्य करने की कोशिश की थी. घटना की शिकायत अबोध बालिका की मां ने तिरोड़ी थाने में दर्ज करवाई थी।

## बड़गांव-आमगांव टीम ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत अन्तर्गत स्थित ग्राम बड़गांव-आमगांव मे बीते 13 दिनों से वीरांगना रानी अवंती बाई मैदान में खेले जा रहे टूर्नामेंट का 18 जनवरी दिन गुरुवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबला बड़गांव-आमगांव और मौदा के बीच खेला गया।जिसमें बड़गांव-आमगांव टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करते का फैसला लिया और मौदा टीम को बेटिंग के लिए आमंत्रित किया जिसमें मौदा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 6 विकेट गवाकर बड़गांव-आमगांव टीम को 117 रन का लक्ष दिया। जिसके जवाब में बड़गांव-आमगांव को टीम ने 8 ओवर की लास्ट बाल मे 1 रन की जरूरत थी जिसे 5 विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल कर लिए और यह फाइनल मुकाबला का खिताब अपने नाम कर लिया। जिस पर विजेता टीम को 11111/- और शील्ड उपविजेता टीम को 5555/- और शील्ड मुख्य अतिथि के हस्ते पारितोषिक प्रदान किया गया।इस फाइनल मुकाबला मे मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती चेतना कुर्राहे जिला पंचायत सदस्य, संतलाल पांचे, जनपद सदस्य प्रतिनिधि, अजय कुर्राहे , दुर्गाप्रसाद बाहें सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत कटंगी,संतोष खरे सरपंच ग्राम पंचायत आमगांव, डिलेन्द्र सिल्हारे उपसरपंच ग्राम पंचायत आमगांव, ओमप्रकाश बिरनवार उपसरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, जितेन्द्र सिहोरें पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बड़गांव, निलेश अग्रवाल पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत आमगांव, मनोज चौधरी , पत्रकार संजय मौदेकर एवं मैच को सफल बनाने मे समिति के अध्यक्ष जागेश्वर धामड़े, कुलदीप धामड़े, उपाध्यक्ष गोकुल लिल्हारे, भोला पांचे, सचिव सुजल लिल्हारे, राम रनगिरे, कार्यक्रम संयोजक प्रकाश बिरनवार, अभिषेक सोनी, सोनू रनगिरे और बड़गांव-आमगांव के समस्त खिलाड़ीगण के साथ साथ मैदान मे मौजूद दर्शकगणों ने तालियों कि गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया।

## आजीविका मिशन के रोजगार मेले का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन एवं रोजगार जिला प्रबंधक के निर्देशन में मप्र डे-राज्यर ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय लांजी के सभागार में 18 जनवरी गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में काप्सटन सिक्योरिटी प्रालि. हैदराबाद के द्वारा सुरक्षा जवान, सिक्योंरिटी सुपरवाइजर एवं असेम्बली ऑपरेटर महिला के लिये युवक युवतियों का चयन किया गया। लांजी अंतर्गत आने वाले ग्रामीण तथा आसपास के क्षेत्र से करीब 115 युवाओं ने अपने आवेदन प्रस्तुत किये थे, जिसमें केवल 30 युवाओं का ही चयन संभव हो पाया। इन 30 युवाओं में उनकी योग्यता के आधार पर 2 को सुपरवाइजर व 25 को सिक्योरिटी गार्ड तथा 3 युवतियों को असेम्बली आपरेटर पद पर पोस्टिंग दी जायेगी। चयन के पश्चात मौके पर ही युवाओं के दस्तावेज चेक किए गए एवं नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किया। यह पूरी प्रक्रिया काप्सटन प्रालि. से साक्षात्कार लेने वाले चन्द्र कुमार द्वारा करवाई गई और कहा गया कि अब चयनित युवक युवतियों को हैदराबाद एवं कर्नाटक में नियुक्त किया जायेगा।

## बड़ा राम मंदिर में एक साथ 1008 राम भक्त मिलकर करेगें सुंदर कांड पाठ

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। 22 जनवरी को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. इस अवसर को पूरे देश में दीपोत्सव के रूप में मनाए जाने की तैयारी की गई है. वहीं कटंगी शहर के बड़ा राम मंदिर में 15 जनवरी से ही विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान हो रहे है. इसी क्रम में 20 जनवरी को की शाम साड़े 06 बजे राम मंदिर में सुंदर कांड का आयोजन किया गया है. इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि यहां 1008 राम भक्त एक साथ मिलकर सुंदरकांड का पाठ करेंगे. संभवत: मध्य प्रदेश में अकेला यह ऐसा आयोजन होगा. जहां एक साथ इतनी बड़ी संख्या में हिन्दू धर्मप्रेमी राम भक्त एकत्रित होकर सुंदर कांड का पाठ करेंगे।

## धनकोषा में रामकथा का आयोजन, ग्रामीणजन राम भक्ति में डूबे

नांदी(पद्मेश न्यूज)। कटंगी विकासखंड अंतर्गत धनकोषा में श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सार्वजनिक श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन परोपकार समिति और ग्रामीणों के सहयोग से 16 जनवरी मंगलवार से किया जा रहा है.यह कथा 7 दिवसीय है जो अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन संपन्न होगी इस रामकथा का वाचन वृंदावन से पधारे महाराज वेदाचार्य कृष्णा शास्त्री कर रहे है.वहीं आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रामकथा दोपहर में 01 बजे से 04 बजे तक और रात्रि में 08 बजे से रात्रि के 11 बजे तक होती है.वहीं रामकथा 16 जनवरी मंगलवार से शुरू है जहां 16 तारीख को गांव में कलश यात्रा निकाल कर कथा प्रारंभ की गई उसके बाद 17 जनवरी को कथावाचक ने शिव पार्वती की कथा सुनाई एवं 18 जनवरी को रामजन्म धनुष यज्ञ की कथा सुनाई गई. धनकोषा में चल रहे श्रीराम कथा के तीसरे दिन गुरुवार को वृंदावन से आए महाराज वेदाचार्य कृष्णा शास्त्री ने भगवान श्रीराम की बाललीला का बखान किया. राम कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुडौल और सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ और रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्री राम पवित्र बाल लीला करते थे। कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुन: लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल और झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया और दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखलाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गई और आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी।भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया और कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। राम कथा सुनने को लेकर काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। राम कथा के दौरान गायक मंडली द्वारा भजन आदि सुना कर भी श्रद्धालुओं का मन मोहा जा रहा है। वहीं कथा की चौथे दिन कथा वाचक ने राम विवाह और वन गमन की कथा सुनाई।



## धार्मिक स्थल व नदी तट पर कलेक्टर ने किया श्रमदान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अयोध्या मे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व जिले के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं जल स्रोतों की साफ-सफाई करने का कार्यक्रम कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन मे संचालित हो रहा हैं। जहाँ अयोध्या मे प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आम जन स्वत: इस कार्य से जुड़ता जा रहा हैं। वही कलेक्टर के निर्देशन मे मप्र जनभियान परिषद भी विशेष अभियान चलाकर जगह-जगह श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर रहा हैं। इसी तारतम्य में शुक्रवार सुबह से आम जन को संदेश देने कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने नगर के शंकर घाट स्थित मंदिर प्रांगण की तथा नदी तट की सफाई की। श्रमदान उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी से स्वच्छता की अपील करते हुए कहा जहाँ स्वच्छता हैं वही ईश्वर हैं और जहाँ गंदगी हैं वहा बीमारियां भी पनपती हैं और बीमारियॉ दरिद्रता लाती हैं। इसलिए हमें अपने धार्मिक स्थलों के साथ-साथ, अपना पासपड़ोस, अपनी सडके भी साफ व स्वच्छ रखनी चाहिए। शासन अपना काम तो करता ही हैं किन्तु जिस काम से आम जन जुड़ जाता हैं, जो काम जनअभियान बन जाता हैं तब उस कार्य के परिणाम अविस्मरणीय होते हैँ। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा आज जिस तरह से यहां लोगों ने स्वेच्छा से श्रमदान किया हैं आगे भी यह क्रम निरंतर चलता रहें ऐसी मैं सभी से अपील करता हूं। आयोजित श्रमदान कार्यक्रम मे वरिष्ठ समाजसेवी सत?यनारायण अग्रवाल, जिला अध्यक्ष बीजेपी, श्रीमति मौसम बिसेन, मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सोनी, सचिव श्याम कौशल, विजय पिपलेवार विभाग प्रचार प्रमुख, सी एम ओ प्रशांत श्री वास्तव, जिला समन्वयक सुशील कुमार बर्मन, धन्नू कावरे, अजय राणे, नीलेश कुंडे, विनय गोयल, अजय सिंह वैश, विकासखड समन्वयक बैजन्ति कटरे, निर्मल लिल्हारे, राकेश महोबिया, खेमेन्द्र मोहारे व परिषद के समस्त परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी छात्र, नगर पालिका का स्टॉफ व महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही स्वैच्छिक संस्था के लोग उपस्थित रहें।



## पिकअप पलटने से ५ लोग घायल, २ जिला अस्पताल रिफर

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट मार्ग पर १९ जनवरी की शाम करीब ८ बजे पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें मार्ग पर व्हाईट पट्टी बनाने वाली मशीन में मजदूर दबकर घायल हो गये। इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं जिसमें से दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वारासिवनी मेंढकी मार्ग का निर्माण हो चुका है जिसमें मार्ग पर व्हाइट पट्टी के माध्यम से सांकेतिक चिन्ह निर्माण करने का कार्य सड़क कंपनी के द्वारा किया जा रहा है । जिसके लिए ७ मजदूर पिकअप क्रमांक एम एच ४१ जी ०७९२ से मेंढ़की गए हुए थे। जहां से वह अपना कार्य कर वापस वारासिवनी आकर गर्रा बालाघाट जा रहे थे । तभी वार्ड नंबर ४ वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर अज्ञात वाहन के रॉन्ग साईड से ओवरटेक करने से पिकअप अनियंत्रित होकर बुरी तरह पलट गया। घटना की आवाज सुन आस पड़ोस के लोग दौड़ कर आए और उन्होंने पिकअप वाहन के अंदर और रोड़ पर पट्टी बनाने वाली मशीन के नीचे दबे हुए लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इसमें पिकअप वाहन में सवार सुरेन्द्र पिता रामकिशन शरणागत उम्र २९ वर्ष निवासी पांडेवाड़ा खमरिया लालबर्रा ,रितिक पिता रामभवन धुरिया उम्र १८ वर्ष ,दीपनारायण पिता नंदगोपाल सिंह उम्र ४७ वर्ष, दीपक पिता बलसराज सिंह उम्र ३६ वर्ष ,रिंकू पिता नन्हेलाल गौतम उम्र २८ वर्ष सभी निवासी सुलतानपुर उत्तरप्रदेश हाल मुकाम गर्रा बालाघाट घायल हो गये। इस दौरान पिकअप वाहन तेज गति से डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइट के पोल से टकराकर पलट गया जिससे डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइट पोल टूट गया। इसमें दीपक पिता बलसराज सिंह उम्र ३६ वर्ष, रिंकू पिता नन्हेलाल गौतम उम्र २८ वर्ष को गंभीर चोट होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। सुरेंद्र शरणागत ने पद्मेंश से चर्चा में बताया कि वह अपने कार्य से मेंढ़की गये हुए थे जहां से वापस गर्रा बालाघाट जा रहे थे तभी रॉन्ग साईड से एक चार पहिया वाहन चालक तेज गति से आया और उनके वाहन को सामने से टक्कर मारकर फरार हो गया। इस टक्कर के कारण उनकी पिकअप डिवाइडर से टकराकर पलट गई । इस दौरान आसपास के लोगों ने उक्त वाहन को रोकने का प्रयास किया परंतु वह फरार हो गया।


## मुर्री पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा मे दी गई शासकीय योजनाओ की जानकारी

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुर्री मे आज विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची जिसके माध्यम केन्द्र सरकार द्वारा संचालित 19 विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओ एवं हितग्राहियों को इन योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारियों से ग्रामीण जनता को अवगत कराया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, बी एल घल्लेकर, रामकुमार राणा, ग्राम पंचायत मुर्री सरपंच डॉक्टर महेश बाहें , उपसरपंच सहारू लाल पांचे, महारूसाव डोहरे, उमराती देशमुख, पेंढारी लाल नागेश्वर, हीरालाल बाहें, सुधराम मात्रे, सैजलाल देशमुख, निर्मला डोहरे, असलम शेख, संपत्ति चौधरी, कमला कावरे,ग्राम पंचायत मुर्री सचिव रामप्रसाद नागफासे, ग्राम पंचायत मुर्री रोजगार सहायक दिनेश बाहें सहित ग्राम के गणमान्य पंचायत सदस्यो एवं नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत माता, महात्मा ज्योतिबा राव फूले,महात्मा गांधी एवं डा.बाबासाहेब अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण के साथ पूजन अर्चन कर की गई। इस दौरान अतिथि वक्ताओं ने अपने उदबोधन मे बताया कि वर्तमान समय मे योजनाओ का लाभ सीधे तौर पर हितग्राहियों को मिल रहा है जिसमे आयुष्मान भारत योजना ,उज्ज्वला योजना,प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी प्रमुख केंद्रीय योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके क्रियान्वयन में नजर रखने के लिए पूरे देश में चलाई जा रही है। इस दौरान सभी विभागों के प्रमुखों की उपस्थिति में सरकारी योजना की जानकारी बारी-बारी से विभागीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा दी गई एवं केंद्रीय योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए योजना से लाभार्थी हुए लोगों की जानकारी भी दी गई। इस दौरान अनेक हितग्राहियों ने मेरी कहानी, मेरी जुबानी के माध्यम से केन्द्र सरकार से मिलने वाली योजनाओ से उन्हें मिलने वाले लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथियों द्वारा अधिकारियो कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण नागरिकों से अंतिम छोर पर बसे गरीब, बेबस लाचार व्यक्ति तक शासन की इन हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पहुचाये जाने का आव्हान किया गया। वही अंत मे जनपद पंचायत अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने मे कार्यक्रम मे उपस्थित सभी जनों से अपना योगदान देने के लिए संकल्प दिलाया गया। तथा अनेक हितग्राहियों को इनके हितलाभ का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे ग्रामीण जनता की मौजूदगी रही।



# सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण करने पहुंची जिला प्रशासन की टीम

## सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर पड़ रहे यातायात के दबाव को कम करने बनाई जायेंगी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज का निर्माण का काम इन दिनों चल रहा है तो वही गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज बीके - 9 का भी काम अब शुरू होने जा रहा है जिसको लेकर जिला प्रशासन भी अब सतत इन कार्यों की मॉनिटरिंग करते नजर आ रहा है, एवं यातायात को लेकर होने वाली परेशानियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत मॉनिटरिंग कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है, इसी प्रकार 19 जनवरी को भी बहुप्रतीक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के काम को देखने के लिए जिला प्रशासन से एसडीएम राहुल नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डाबर ,यातायात थाना प्रभारी शैलेंद्र यादव सहित जिला प्रशासन की टीम सरेखा स्थित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण काम को देखने पहुंची और उसके बाद किस प्रकार से यहां के यातायात को डायवर्ट किया जा सकता है ,इसके लिए भी कुछ मार्गों का निरीक्षण जिला प्रशासन की टीम के द्वारा किया गया। आपको बता दे की बहुप्रतिक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का काम तेजी से चल रहा है। निर्माणाधीन कार्य को गति देने के लिए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक मार्ग को दुरुस्त करने तथा लोगों को सहूलियत भरे मार्ग सुविधा दिलाने के लिए भी प्रयास जारी हैं। इसे लेकर शुक्रवार को पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का मुआयना किया तथा दिसंबर माह में कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद जारी निर्माण कार्यों की हकीकत जानी। प्रभारी एसडीएम राहुल नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले, निरीक्षक शिव रघुवंशी सहित नगर पालिका के अधिकारियों व अमले ने सरेखा चौक के अलावा नवेगांव मार्ग तथा डेंजर रोड में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। गौरतलब है कि रेलवे विभाग के इंजीनियरों द्वारा पूर्व में सरेखा रेलवे ट्रैक का मार्ग बंद करने की बात कही गई थी, जिसे लेकर कलेक्टर द्वारा वैकल्पिक मार्ग को जल्द से जल्द सुधारकर शुरू करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों को जारी किए गए थे।

### नवेगांव मार्ग और डेंजर रोड की देखी गयी स्थिति

निरीक्षण के दौरान एएसपी विजय डावर, एसडीएम राहुल नायक, निरीक्षक प्रकाश वास्कले, यातायाता थाना प्रभारी (निरीक्षक) शैलेंद्र सिंह यादव, निरीक्षक शिव रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने नवेगांव स्कूल के पास से होते हुए डेंजर रोड के लिए जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे ट्रैक के नीचे बने अंडरपास तथा कुछ दूरी पर बने लोहे के ग्रिल की ऊंचाई का अनुमान लगाया गया। साथ ही लोहे के ग्रिल को ऊंचा करने की बात पर चर्चा की गई। अधिकारियों का कहना रहा कि अधिक ऊंचाई वाले वाहन (ट्राला, ट्रक आदि) के लिए लोहे के ग्रिल की ऊंचाई कम महसूस हो रही है, जिसे ऊंचा करने के लिए पीडब्ल्यूडी या रेलवे के इंजीनियरों से चर्चा की जाएगी।

### अंडर ब्रिज का भी किया गया निरीक्षण

जिला प्रशासन की टीम निरीक्षण करते-करते चल रहा है अंडर ब्रिज के काम को देखने भी पहुंची, क्योंकि जिस प्रकार से सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात का दबाव बढ़ रहा है, उसको देखते हुए प्रशासन का मानना है कि जब तक अंडर ब्रिज का काम कंप्लीट नहीं होगा, तब तक सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर यातायात का दबाव बढ़ता ही जाएगा, इसलिए निरीक्षण के दौरान अंडर ब्रिज के काम का भी निरीक्षण जिला प्रशासन की टीम के द्वारा किया गया।

### नवेगांव मार्ग और डेंजर रोड की स्थिति का लिया जा रहा जायजा - राहुल नायक

एसडीएम राहुल नायक द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार से सरेखा रेलवे क्रॉसिंग पर अंडर ब्रिज और सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का काम चल रहा है जिससे निश्चित ही यह काम के चलने से आवागमन बाधित होगा, जिसकी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था डेंजर रोड और नवेगांव के पास से की जा सकती है, इस बात का आज जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन की टीम के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है, उन्होंने यह भी बताया कि जो नवेगांव वाला मार्ग है उसे हैवी ट्रैफिक और बड़े कंटेनर वाले वाहन नहीं गुजर सकते और इसमें क्या कर सकते हैं ,इन सब बातों को ध्यान में रखते हुये निरीक्षण किया गया वहीं डेंजर रोड की भी स्थिति का जायजा लिया जाएगा क्योंकि निश्चित ही यातायात व्यवस्था बनाने के लिए मार्ग को जल्द से जल्द डाइवर्ट करना होगा।

# नहीं बढ़ी धान खरीदी की तारीख

## पोर्टल भी हुआ बंद, 7 हजार 71 किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचने से हुए वंचित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम दिलाने और उन्हें बिचौलियों से बचाने के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर किसानों से धान की खरीदी की जाती है। इस वर्ष 2023-24 में 1 दिसंबर से जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में धान के उपार्जन का कार्य शुरू किया जो 19 जनवरी तक चला। जहां उम्मीद के मुताबिक इस वर्ष धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई गई। जिसके चलते कई किसान समर्थन मूल्य पर अपना उपार्जन बेचने से वंचित हो गए हैं।अब धान खरीदी का पोर्टल भी बंद हो चुका है।ऐसे में 7071 ऐसे पंजीकृत किसान है जिन्होंने धान बिक्री के लिए अपना स्लाट बुक नहीं कराया और वह समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो गए। जिसका सीधे-सीधे फायदा अब बिचौलियों को होंगा।क्यो की समर्थन मूल्य पर अपना उपार्जन बेचने से वंचित हो चुके ये किसान अब समर्थन मूल्य पर अपना उपार्जन नहीं बेच पाएंगे जिसका सीधे तौर पर फायदा बिचौलिए उठाएंगे। जो औने-पौने दामों में किसानों की उपज खरीद कर मोटी रकम कमाएंगे।



### 107832 किसानों ने बेची धान

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दिसंबर से शुरू हुए धान उपार्जन के कार्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए जिले में 1लाख 17 हजार 596 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। जिनसे धान खरीदने के लिए जिले में 185 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए थे।इन केंद्रों में धान खरीदी की अंतिम तारीख 19 जनवरी तक पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही थी। विभागीय जानकारी के अनुसार जिले में पंजीकृत 1लाख 17 हजार 596 किसानों में से अंतिम तिथि 19 जनवरी तक 1लाख 10 हजार 525 किसानों ने स्लॉट बुक कराकर अपना उपार्जन बेचा है। जबकि 7071 पंजीकृत किसान स्लॉट बुक कराकर अपना उपार्जन बेचने से वंचित हो गए।जहां 19 जनवरी की अंतिम तारीख समाप्त होते ही धान खरीदी का पोर्टल भी बंद हो चुका है।मतलब साफ है कि अब ये वंचित 7071 किसान समर्थन मूल्य अपना धान नही बेच पाएगे। जिसका सीधा फायदा बिचौलियों को मिलेगा।जो समर्थन मूल्य से कम औने पौने दाम में किसानों का उपार्जन खरीद कर मोटा मुनाफा कमाएंगे।

### पोर्टल हो चुका बंद

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट सीईओ आर. सी. पटले ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बताया कि जिला कलेक्टर व बैंक प्रशासक डा. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 19 जनवरी शाम तक 110525 किसानों ने अपना स्लॉट बुक कराया था। जिसमे से 107832 किसानों ने अपनी उपज खरीदी केंद्रो में विक्रय किया है। जिसकी मात्रा 5830442.91 क्विंटल है जिसकी राशि 1272.79 लाख है। जिसमे से 100867 किसानों को 659.92 लाख का भुगतान किया जा चुका है। वहीं विभाग से मिली आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अब धान खरीदी का पोर्टल भी शासन द्वारा बंद कर दिया गया है मतलब साफ है कि धान खरीदी की तारीख अब नहीं बढ़ेगी और किसी भी पंजीकृत किसान से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी नहीं की जाएगी। मतलब साफ है कि स्लाट बुक कराने से चूक गए किसान अब समर्थन मूल्य पर धान बेचने से वंचित हो गए हैं।

# नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा-2024 के सफल संचालन और परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री के वितरण के लिए गुरुवार को दोपहर 12 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में आवश्यक बैठक हुई। बैठक में सभी केन्द्राध्यक्षों को चयन परीक्षा की गोपनीय सामग्रियों का वितरण किया गया। केंद्र स्तरीय प्रेक्षकों को फाइल में परीक्षा संबंधी दस्तावेज प्रदाय किये गए। जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए जिले के दस विकासखंडों में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल 12574 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित केन्द्राध्यक्षों और केंद्र स्तरीय प्रेक्षकों को परीक्षा पूर्व की तैयारी,परीक्षा के दौरान की प्रक्रिया तथा परीक्षा के बाद तैयार किए जाने वाले पैकेटों से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ दीं ।

# बाघ के हमले में गंभीर रूप से घायल मिठ्ठन इड़पाचे की मौत




बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा क्षेत्र की धारावासी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मानु टोला समीप जंगल में बाघ के हमले में घायल 62 वर्षीय मिठ्ठन इड़पाचे की गोंदिया के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसकी लाश जिला अस्पताल बालाघाट लाई गई। जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दी है। ज्ञात होगी 17 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे मिठ्ठन इड़पाचे अपने गांव से लगे जंगल में मवेशी चराने के लिए गया था। साथ में अन्य लोग भी थे। मवेशी चराने के दौरान बाघ ने मिठ्ठन इड़पाचे पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में मिठ्ठन इड़पाचे गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके चिल्लाने पर वहा मवेशी चरा रहे अन्य लोग दौड़े। जिन्हें देखकर बाघ भाग गया। गंभीर रूप से घायल मिठ्ठन इड़पाचे को उसके साथ वालों ने घर ले और उसे एम्बुलेंस से लालबर्रा के अस्पताल में भर्ती किये थे। मिठ्ठन इड़पाचे को लालबर्रा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। जिला अस्पताल में मिठ्ठन इड़पाचे की गम्भीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार हेतु गोंदिया अस्पताल रेफर किया गया था । मिठ्ठन इड़पाचे को गोंदिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां पर उसके सिर का ऑपरेशन भी किया गया था। किंतु हालत गंभीर होने से मिठ्ठन इड़पाचे की 18 जनवरी को सुबह मौत हो गई। जिसकी लाश जिला अस्पताल लाई गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी शिवदयाल पटले ने मिठ्ठन इड़पाचे की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दी है। जानकारी के मुताबिक इस पूरी कार्रवाई के दौरान वन विभाग के कर्मचारी पूरे समय मिठ्ठन इड़पाचे के साथ में रहै और इलाज का पूरा खर्च भी वहन किये।

### पिता के इलाज में होने वाला पूरा खर्चा वन विभाग के कर्मचारियों ने दिया-देवीलाल इड़पाचे

देवीलाल इड़पाचे ने बताएं कि मृतक उनके पिता है। 17 तारीख को हुए जब जंगल में भैंस चराने गए थे तब टाइगर ने हमला कर दिया था। जिसे लालबर्रा के अस्पताल में भर्ती किए थे और जहां से उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट लाया गया था। जिला अस्पताल से गोंदिया रेफर किया गया था ।गोंदिया में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। श्री इड़पाचे ने बताया कि 17 जनवरी से घटना के बाद वन विभाग के कर्मचारी उनके साथ में रहे और उन्होंने पूरा सहयोग किया और उनके पिता के

# पंचायत मंत्री आज दोपहर में करेंगे विभाग की समीक्षा



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल शनिवार को जिले के प्रवास पर रहेंगे। उनके निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे जबलपुर से प्रातः 8 बजे रवाना होंगे। यहां 11:30 बजे स्थानीय सर्किट हाउस पहुचेंगे। इसके पश्चात वे पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वे


SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY

WE ARE HIRING

**1. TRAINER/TEACHER – COMPUTER HARDWARE NETWORKING**
REQUIRED – 2 MALE/FEMALE BOTH
1-2 YEARS EXPERIENCE REQUIRED
SALARY - as per qualification + INCENTIVE

**2. MARKETING EXECUTIVE – 2 POST**
REQUIRED 2 MALE/FEMALE MINIMUM 1 YEAR EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD AND DATA COLLECTION.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE
READY FULL TIME WORKING ON FIELD.
OWN VEHICHLE COMPULSARY
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

**3. ACADEMIC COUNSELLER – 1 POST**
REQUIRED FEMALE CANDIDATE WITH 1-2 YEARS EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE + MOBILE
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

**4. RECEPTIONIST – 1 POST**
REQUIRED FEMALE CANDIDATE WITH 1-2 YEARS EXPERIENCE IN EDUCATION FIELD.
SALARY - as per qualification + INCENTIVE + MOBILE
ANY GRADUATE /UG WITH GOOD COMMUNICATION SKILL AND CONFIDENT CAN APPLY.

CONTACT – SHARMA TECHNOCRAT'S INSTITUTE OF TECHNOLOGY
HARSH JUGAL SHARMA , 9244215491 , 7898262428
MAIL ID. – harsh.sharma816@gmail.com





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट